राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia @swatantramedia RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) @SwatantraPrabhatonline news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 26 .मार्च 2026

वर्ष 07, अंक 172, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

रियाद में मिसाइल हमले में सीतापुर के युवक की मौत 5 दिन बाद गांव पहुंचा शव ...03

श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में गंभीर गैस संकट, क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया...12

# कहीं दफ्न न हो जाएं 20 साल के राज... अशोक खरात मामले में जितेंद्र आव्हाड के आरोपों से हड़कंप

**● महाराष्ट्र विधानसभा में जितेंद्र आव्हाड ने अशोक खरात मामले पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने खरात की जान को खतरा बताते हुए उसे लगातार CCTV में रखने की मांग की है. आव्हाड का दावा है कि खरात के पास 20 सालों की राजनीतिक अंदरूनी जानकारी है, जिसमें 38 विधायकों के नाम शामिल हैं. उन्होंने जेफरी एपस्टीन और अक्षय शिंदे के उदाहरण देते हुए खरात के एनकाउंटर की आशंका जताई**



महाराष्ट्र विधानसभा में भोंदू अशोक खरात मामले को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने तीखे और गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने मांग की कि अशोक खरात को किसी भी हालत में जिंदा रखा जाए और उसे लगातार सीसीटीवी निगरानी में रखा जाए. आव्हाड ने कहा कि खरात के पास महाराष्ट्र की पिछले 20 वर्षों की राजनीति से जुड़ी अहम और अंदरूनी जानकारी है। ऐसे में उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में नहीं होनी चाहिए. उन्होंने जेफरी एपस्टीन का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे एपस्टीन मामले में कई सवाल अनुत्तरित रह गए, वैसी स्थिति यहां नहीं बननी चाहिए।

**38 विधायकों की लिस्ट होने का दावा**

आव्हाड ने दावा किया कि राज्य के 38 विधायक अशोक खरात के संपर्क में थे और कथित तौर पर उसके पास अनुष्ठान कराने जाते थे उन्होंने वहां जाकर अपनी उंगलियां भी काटी. उन्होंने कहा कि उनके पास इन सभी विधायकों की सूची है और समय आने पर वह इसे सार्वजनिक करेंगे।

**2007 के पत्रकार हत्याकांड का जिक्र**

विधानसभा में बोलते हुए आव्हाड ने कहा कि अशोक खरात का नाम 2007 में पत्रकार बालू तुपे की हत्या के मामले में भी चर्चा में आया था. उन्होंने कहा कि उस समय नाशिक में इस मामले की चर्चा थी और एक अखबार में इस पर 10 लेख भी प्रकाशित हुए थे, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. उन्होंने सवाल उठाया कि अगर यह जानकारी पहले से मौजूद थी, तो पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने कार्रवाई क्यों नहीं की।

**पुलिस और नेताओं पर गंभीर आरोप**

आव्हाड ने आरोप लगाया कि इस मामले में कुछ पुलिस अधिकारी भी संदेह के घेरे में हैं और पैसे के लेन-देन की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को इस बारे में पूरी जानकारी है, तो वह केवल देवेंद्र फडणवीस को हो सकती है।

**राजनीतिक साजिश का भी आरोप**

आव्हाड ने यह भी कहा कि अशोक खरात के जरिए कुछ लोग राजनीतिक साजिश रच रहे थे और मुख्यमंत्री की कुर्सी को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही थी. उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को पहले से जानकारी थी।

बदलापुर बलात्कार के आरोपी अक्षय शिंदे की तरह अशोक खरात का एनकाउंटर हो सकता है. कांग्रेस के नेता नाना पटोले ने कहा बदलापुर बलात्कार का आरोपी अक्षय शिंदे जैसा अशोक खरात का भी सरकार एनकाउंटर करा सकती है. यही बात मैंने विधानसभा में रखी है. सरकार पहले अशोक खरात से सभी जानकारी निकलेगी और बाद में दूसरे बड़े नेताओं को ब्लैकमेल करने के लिए उसका उपयोग करेगी और अंत में अशोक खरात का सरकार एनकाउंटर कर सकती है. यह शक नाना पटोले ने जाहिर किया।

# बारा पावर प्लांट में रूफटॉप सोलर पी वी लैब एवं महिला सशक्तिकरण हेतु सिलाई लैब का मंडलायुक्त द्वारा शुभारंभ

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज की बारा तहसील स्थित प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (पीपीजीसीएल) परिसर में आज रूफटॉप सोलर पी वी लैब का उद्घाटन मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने टाटा पावर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। यह पहल क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार, तकनीकी दक्षता के विकास तथा युवाओं को आधुनिक कौशल से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट के अंतर्गत विकसित इस ईवी सोलर लैब का उद्देश्य ऊर्जा एवं संबद्ध क्षेत्रों में बढ़ती तकनीकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करना है। इस लैब के माध्यम से सोलर पैनल स्थापना, विद्युत प्रणाली तथा रिन्यूएबल ऊर्जा से जुड़े विषयों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह पहल स्थानीय युवाओं के कौशल विकास के साथ-साथ हरित ऊर्जा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगी।



इसी क्रम में 'अनोखा धागा' पहल के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सिलाई मशीन लैब का भी शुभारंभ किया गया। इस लैब में 35 से अधिक आधुनिक सिलाई मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं को सिलाई, परिधान एवं बैग निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत महिलाएं स्वयं उत्पाद तैयार कर उन्हें बाजार में विक्रय कर सकेंगी, जिससे उनके आय के स्रोत सुदृढ़ होंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

कार्यक्रम के दौरान डीएवी सरदार पटेल पब्लिक स्कूल, बारा, प्रयागराज के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिससे आयोजन में उत्साह एवं सहभागिता का वातावरण बना। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को आकर्षित करते हुए कार्यक्रम को विशेष रूप से जीवंत बनाया। कार्यक्रम के समापन पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अधिकारियों एवं अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा सभी से हरित वातावरण के संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में टाटा पावर के सीएचआरओ एवं चीफ सस्टेनेबिलिटी एंड सीएसआर श्री हिमाल तिवारी तथा पीपीजीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अशोक पांडा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने इस पहल को क्षेत्रीय विकास, कौशल संवर्धन एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। पीपीजीसीएल एक 3म660 मेगावाट क्षमता वाला कोयला आधारित सुपर क्रिटिकल तापीय विद्युत संयंत्र है, जिसका स्वामित्व टाटा पावर की सहायक कंपनी रिनेसेंट पावर के पास है। यह संयंत्र क्षेत्र में ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों का संचालन भी कर रहा है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### रेलवे क्रॉसिंग का बैरियर गिरा, ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त, स्कूली बच्चे बाल-बाल बचे




**मरम्मत के दौरान हुआ हादसा, ट्रेन संचालन पर नहीं पड़ा असर**

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के बछरावां रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग गेट नंबर 72 बी पर मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बैरियर खोलते समय अचानक गिर गया। वहां से गुजर रहा एक ई-रिक्शा उसकी चपेट में आ गया। हादसे में ई-रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि उस पर सवार स्कूली बच्चे बाल बाल बच गए। दोपहर करीब 12 बजे रेलवे विभाग की ओर से गेट नंबर 72 बी पर ऑटोमेटिक इलेक्ट्रिक बूम चालू करने की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान मानव संचालित बैरियर को खोला जा रहा था। बैरियर खोलते समय वह अचानक छिटककर नीचे गिर पड़ा और पास से गुजर रहे ई-रिक्शा पर जा गिरा। घटना के समय ई रिक्शा में स्कूली बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया।स्टेशन अधीक्षक शंभू नाथ सोनकर ने बताया कि गेट पर मरम्मत का कार्य चल रहा था। उसी दौरान यह घटना हुई। किसी भी ट्रेन के संचालन पर इसका असर नहीं पड़ा है। कोई घायल नहीं हुआ है।

### सोना-चांदी में भारी उछाल



**नई दिल्ली:** मिडिल ईस्ट तनाव के बीच आज सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी आई।

चांदी 11,250 रुपये प्रति किलोग्राम उछलकर 2,41,000 रुपये पर पहुंच गई।

सोना भी 4,900 रुपये महंगा होकर 1,49,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया। वैश्विक अनिश्चितता और सुरक्षित निवेश की मांग से कीमतें 5 फीसदी तक बढ़ीं।

व्यापारियों का कहना है कि आगे और उछाल संभव है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट से स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को राहत



**● यौन शोषण मामले में अग्रिम जमानत मंजूर।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से जुड़ी एक अहमखबर है, जहां चर्चित संत स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज यौन शोषण के मामले में अग्रिम जमानत याचिका को मंजूरी दे दी है। इसी मामले में सह-आरोपी और उनके शिष्य मुकुंदानंद को भी कोर्ट ने अग्रिम जमानत प्रदान की है।

दोनों के खिलाफ प्रयागराज के झूंसी थाना में एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसमें शिविर के दौरान बटुकों के यौन शोषण के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई 27 फरवरी को पूरी हो गई थी, जिसके बाद अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों पर विचार करते हुए यह निर्णय सुनाया। कोर्ट ने आरोपियों को गिरफ्तारी से राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी, हालांकि मामले की जांच जारी रहेगी।

यह मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां एक ओर समर्थक इस फैसले को न्यायिक राहत मान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पीड़ित पक्ष न्याय की मांग पर कायम है।

# हरीश राणा को मिली इच्छामृत्यु, 10 दिन भर्ती रहने के बाद एम्स में हुआ निधन, 13 साल से कोमा में थे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति पाने वाले पहले व्यक्ति हरीश राणा का 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद दिल्ली के एम्स में मंगलवार को निधन हो गया। राणा (31) को 14 मार्च को गाजियाबाद स्थित उनके घर से एम्स के डॉ. बीआर आंबेडकर इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल की उपशामक देखभाल इकाई (पैलिएटिव केयर यूनिट) में स्थानांतरित किया गया था। वह 2013 से कोमा में थे।

उससे तीन दिन पहले, 11 मार्च को उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में हरीश राणा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। राणा पंजाब विश्वविद्यालय में बीटेक के छात्र थे। वह 2013 में चौथी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे और उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं। तब से वह कोमा में थे और उन्हें कृत्रिम पोषण और कभी-कभी ऑक्सीजन की सहायता दी जा रही थी। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर




अस्पताल में भर्ती होने के बाद उनकी पोषण संबंधी सहायता धीरे-धीरे बंद कर दी गई, जिससे आज उनका निधन हो गया। उच्चतम न्यायालय ने एम्स-दिल्ली को निर्देश दिया था कि मरीज की गरिमा का ध्यान रखते हुए जीवन रक्षक उपकरण को एक सुनियोजित तरीके से हटाया जाए।

भारत में पहली बार इस प्रक्रिया को लागू करने के लिए एनेस्थीसिया और 'पैलिएटिव मेडिसिन' विभाग की प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष चिकित्सा टीम का गठन किया गया था। इस टीम में 'न्यूरोसर्जरी', 'ऑन्को-एनेस्थीसिया' और 'पैलिएटिव मेडिसिन' तथा मनोचिकित्सा विभागों के डॉक्टर शामिल थे।

### नोएडा में साइबर ठगों को बैंक खाता देने वाला गिरफ्तार, तीन करोड़ की ठगी का खुलासा

**नोएडा।** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले साइबर ठगों को कमीशन पर बैंक खाता देने वाले एक शातिर को गौतमबुद्ध नगर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मंगलवार रात को सेक्टर 18 से दबोचा। आरोपित के बैंक खाते में करीब ठगी के 60 लाख रुपये खपाए गए। वह तीन करोड़ रुपये की ठगी में संलिप्त था। ठगी में संलिप्त बैंक खातों की जानकारी से पुलिस आरोपित तक पहुंची। पुलिस आरोपित के अन्य साथियों की तलाश में जुटी है। पिछले साल नोएडा के एक व्यक्ति से शेयर बाजार में निवेश के नाम पर तीन करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी हुई थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस मुकदमा दर्ज कर ठगों की पहचान और तलाश में जुटी थी। टीम को बिहार के रहने वाले एक युवक की भूमिका संदिग्ध मिली। टीम ने इनपुट के आधार पर युवक को मंगलवार रात नोएडा से दबोच लिया। डीसीपी साइबर सुरक्षा शैव्या गोयल ने बताया कि आरोपित की पहचान बिहार पूर्णिया के बंटी कुमार के रूप में हुई। पूछताछ में पता चला है कि करीब एक साल पहले सोशल मीडिया से बंटी ठगों के संपर्क में आया था।

# केंद्र पर कांग्रेस का वारः नारी वंदन अधिनियम में यू-टर्न, जनगणना-परिसीमन बिना लागू करने पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने नारी वंदन अधिनियम, 2023 को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि सरकार ने 30 महीने बाद अचानक रुख बदलते हुए बिना परिसीमन और जनगणना के ही महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है, जबकि पहले यही प्रक्रिया अनिवार्य बताई गई थी। जयराम रमेश ने बताया कि सितंबर 2023 में नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान नारी वंदन अधिनियम पारित किया गया था। इसके तहत लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आरक्षित सीटों में भी एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया गया। उन्होंने कहा कि उस समय स्पष्ट किया गया था कि यह व्यवस्था परिसीमन और जनगणना पूरी होने के बाद ही लागू होगी।

कांग्रेस नेता के अनुसार, जब इस विधेयक पर चर्चा हो रही थी, तब पार्टी ने मांग की थी कि इसे 2024 लोकसभा चुनाव से लागू किया जाए, लेकिन सरकार ने इसे असंभव बताया था। अब, उनके मुताबिक, सरकार ने अपना रुख बदल लिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री पर आरोप



लगाया कि वे 'जनध्यान भटकाने वाले हथियार' (WMDs) का इस्तेमाल करते हैं और यह कदम भी विदेश नीति की विफलताओं तथा LPG और ऊर्जा संकट से ध्यान हटाने की कोशिश है।

जयराम रमेश ने दावा किया कि सरकार अगले पखवाड़े में नारी वंदन अधिनियम में संशोधन के लिए संसद का दो-दिवसीय विशेष सत्र बुलाने का संकेत दे रही है। इस पर विपक्षी दलों ने पत्र लिखकर मांग की है कि पहले 29 अप्रैल को चल रहे विधानसभा चुनावों के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए, ताकि प्रस्तावित संशोधनों पर चर्चा हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार लोकसभा और विधानसभा की सीटों की संख्या 50% तक बढ़ाने की योजना बना रही है, जिस पर गंभीर विचार जरूरी है।

अपने बयान में जयराम रमेश ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की आचार संहिता अब 'Modi Code of Campaigning' बन गई है। उनके अनुसार, अप्रैल में विशेष सत्र बुलाना आचार संहिता का उल्लंघन होगा। साथ ही उन्होंने अप्रैल 2025 में घोषित जाति जनगणना को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाए और कहा कि पहले इस मुद्दे को उठाने पर कांग्रेस नेताओं को 'अर्बन नक्सल' कहा गया था।

### नोएडा के ईएसआईसी अस्पताल में कैंसर के मरीज ने 5वीं मंजिल से कूदकर की खुदकुशी, परिवार में था एकमात्र कमाने वाला

**नोएडा।** सेक्टर 24 थानाक्षेत्र स्थित ईएसआइसी अस्पताल की पांचवीं मंजिल की खिड़की से कैंसर मरीज बुधवार रात को नीचे कूद गया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शिकायत मिलने से इनकार किया है। नोएडा के भंगेल गांव में मुकेश कुमार परिवार के साथ रहते थे। एक प्राइवेट कंपनी कार्यालय में गार्ड थे। परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। हाल में उन्हें खुद को मुंह का कैंसर होने का पता चला था। कई जगह उपचार कराने के बाद नौ मार्च को सेक्टर 24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती हुए थे। यहां उनका उपचार चल रहा था। अस्पताल स्टाफ के मुताबिक भर्ती होने के बाद से ही मुकेश तनाव में थे। बुधवार शाम छह बजे के करीब अस्पताल की पांचवीं मंजिल की खिड़की से मुकेश ने छलांग लगा दी। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट लगने से मुकेश की मौत हो गई। इस दौरान मुकेश के स्वजन भी अस्पताल में ही थे। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। इस संबंध में स्वजन ने अभी तक कोई शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उधर, स्वजन का कहना है कि मुकेश ही परिवार में कमाने वाले थे। कैंसर के चलते तनाव में चल रहे थे।

# एसडीएम और तहसीलदार ने हटवाया अवैध कब्जा,10 करोड़ की चारागाह भूमि पर रिसार्ट ढ़हाया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर नगर जनपद की तहसील घाटमपुर प्रशासन ने कानपुर सागर हाइवे पर स्थित रामपुर गांव में हाइवे किनारे चारागाह की 56 बिस्वा सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया,रिसार्ट मालिक द्वारा किए गए निर्माण को बुल्डोजर से ढहाकर ज़मीन ग्राम पंचायत को सौंप दी गई है,, घाटमपुर तहसील क्षेत्र के रामपुर गांव में मंगलवार देर शाम तक चारागाह की जमीन पर रिसार्ट मालिक द्वारा किए गए अवैध कब्जा पर बुलडोजर चलाया गया,,, एसडीएम अविचल प्रताप सिंह और तहसीलदार अंकिता पाठक की मौजूदगी में बाउंड्री वॉल,गेट आदि को ढहा दिया गया है,,इस दौरान रिसार्ट मैनेजर द्वारा विरोध किए जाने पर उसके खिलाफ कार्यवाही की गई,, इसके साथ खाली कराई गई भूमि ग्राम पंचायत को सौंप दी गई,, रामपुर गांव की कानपुर सागर हाइवे के किनारे 56 बिस्वा चारागाह भूमि हैं,,, जिसकी कीमत 10करोड रूपए के करीब है,, आरोप है कि गाटा संख्या 349 और 350 पर आरोप है कि कोयला नगर कानपुर निवासी राजवीर सिंह और उनके परिवार के लोगों द्वारा चारागाह की भूमि पर क़रीब 56 बिस्वा हिस्से पर अवैध कब्जा कर लिया था,, बाउंड्री वॉल,, गेट, रास्ता बना कर इटरलाकिन्ग लगवा कर अवैध कब्जा कर लिया था, उसका प्रयोग लॉन के रूप में कर रहा था मामला संज्ञान में आने पर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने उसे कई बार बुलवाया, लेकिन वह नहीं आया, मंगलवार देर शाम तक एसडीएम अविचल प्रताप सिंह और तहसीलदार अंकिता पाठक और राजस्व कर्मियों व पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और अधिकारियों ने अपने सामने ही दो जेसीबी लगाकर अवैध निर्माण को ढहा दिया,, इसके साथ ही उक्त भूमि ग्राम पंचायत के कब्जे में दे दी,,इस दौरान रिसार्ट के मैनेजर को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनीं शिकायतें, समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**अमेठी।** जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

### शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी राख

**लालगंज,प्रतापगढ़।** शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवली रेहुआ गांव निवासी शिवराम सिंह के घर में बुधवार की भोर में करीब चार बजे शार्टसर्किट से आग लग गयी। घटना के समय परिवार के सदस्य सो रहे थे। अचानक ग्रामीणों का शोरगुल सुनकर परिवार के सदस्यों की नींद टूटी तो घर में आग लगी देख अवाक रह गये। लोगों ने बाहर भागकर जान बचाई। आग की लपटों को देख ग्रामीण वहां पहुंचे और आग बुझाने मे जुट गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पीड़ित के गृहस्थी के सामान व अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गये थे। वहीं आगजनी से घर की दीवारे भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

### शिवमहापुराण कथा श्रवण से सकारात्मक ऊर्जा का होता है संचार-स्वामी सम्पूर्णानंद

**लालगंज,प्रतापगढ़।** नगर के घुइसरनाथ मार्ग पर स्थित राधामोहन मंदिर परिसर में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा में कथाव्यास स्वामी सम्पूर्णानंद महराज ने भगवान शिव की महिमा का बखान किया। कथा व्यास ने माता सती व प्रजापति दक्ष कथा प्रसंग में कहा कि बिना बुलाए यज्ञ में शामिल होने और पिता दक्ष द्वारा भगवान शिव को अपमानित करने का परिणाम यह हुआ कि माता सती ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। उन्होने कहा कि यह कथा हमें ये बताती है कि अपने जीवन साथी व गुरू के प्रति विश्वास व श्रद्धाभाव होना चाहिए। कथाव्यास स्वामी सम्पूर्णानंद ने कहा कि शिवमहापुराण की कथा सच्चे मन से श्रवण करने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होने बताया कि भगवान की कथाएं मनुष्य को सदाचार व धर्म मार्ग पर चलने को प्रेरित करती है। मुख्य आयोजक रामलखन जायसवाल व मीरा जायसवाल ने व्यासपीठ का रोली चंदन अक्षत से पूजन किया। कार्यक्रम का संयोजन दीपक जायसवाल एवं शिवकुमार जायसवाल ने किया।

### 5 चोरी की बाइक, मोबाइल व नकदी के साथ चार गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद की सुरौली पुलिस ने चोरी की पांच मोटरसाइकिल, पांच मोबाइल फोन और 4230 रुपये नकद के साथ चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने कुर्ना नाला उसरा बाजार के पास चेकिंग के दौरान चारों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर दो अन्य चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई।

पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्तों में विवेक यादव, दिवाकर गुप्ता, आनंद निषाद और मनीष यादव शामिल हैं।

# अफवाहों पर ना ध्यान दें लोग, अब पेट्रोल पंपों पर लगी लाइन, डीएसओ को सुनिये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में एलपीजी की समस्या अभी खत्म नही हुई, अब पेट्रोल को लेकर लोग पैहनक हो रहे हैं। शहर के कई पेट्रोल पंप ड्राई हैं और कई पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी है। इन सबके बीच प्रशासन बयान जारी कर फीलगुड का अहसास करवा रहा है। बुधवार सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर दो पहिया चार पहिया वाहनों की लम्बी लाइन लगी है। मालवीय रोड पर एलआईसी आफिस के निकट पेट्रोल पंप पर पेट्रोल नहीं है। सच्चाई पर सस्पेंस बरकरार है और वाहन स्वामी अपनी टंकी फुल कराने मे जुटे हैं। अधिकारी कह रहे हैं पैनिक न हों, गैस डीजल पेट्रोल सब पयाप्त मात्रा मे हैं। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि बुकिंग के 10 दिन बाद भी गैस नही मिली। होम डिलिवरी बिलकुल बंद है। हाकरों को गैस नही दी जा रही है। उपभोक्ताओं को स्वयं गैस सिलेंडर ढोना पड़ रहा है। इतना ही नही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर एलपीजी डलिवर्ड का मैसेज आ रहा है और जबकि उन्हे गैस नही मिली है। दूसरी ओर मड़वानगर, ब्लाक रोड, आरकेबीके और पाण्डेय पेट्रोल पंपों पर तेल भराने वालों की भीड़ लगी है। सोशल मीडिया पर वीडियो देखकर लोग पैनिक हो रहे हैं, दूसरों को भी पैनिक कर रहे हैं। जिलाधिकारी को बयान जारी कर आम जनमानस को वस्तुस्थिति से अवगत कराना चाहिये। डीएसओ ने कहा बस्ती मे गैस या पेट्रोल डीजल की कोई कमी नही है। अफवाहों पर विश्वास न करें। 01 माच्र से 24 मार्च तक 2.5 लाख गैस सिलेंडर का वितरण किया जा चुका है। रोजाना 10 हजार सिलेंडर की आपूर्ति प्राप्त हो रही है। मासिक खपत के अनुसार आपूर्ति मिल रही है। उन्होने कहा बिलकुल पैनिक होने की जरूरत नही है। पेट्रोलियम पदार्थो को स्टोर न करें, जितना जरूरत हो उतना ही लें। अफवाहों पर यकीन कर अनावश्यक रूप से पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगायें। इससे गैस पेट्रोल डीजल के कमी का संदेश फैल रहा है। इसके चक्कर मे न आयें।



### शिक्षक विधायक ने मनोनीत पार्षदों व भाजपा पदाधिकारियों का किया सम्मान

**ललितपुर।** भ्रमण पर आए शिक्षक विधायक डा. बाबूलाल तिवारी ने सरकारी कार्यालय में प्रदेश सरकार द्वारा नामित पार्षदों और और मीडिया प्रभारी को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने पार्षदों और पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा की पार्टी ने विश्वास जताकर उन्हें जो दायित्व सोपे है उस दायित्व का निर्वहन जनहित में पूरी पारदर्शिता के साथ करना उनका प्रथम कर्तव्य है। इस दौरान मनोनीत पार्षद तेजस, जगभान सिंह, मनोहर सिंह यादव, भाजपा मीडिया प्रभारी के पद पर तीसरी बार निर्वाचित होने वाले देवेंद्र श्रीवास्तव गुरु सहित विभिन्न पार्टी पदाधिकारी को सम्मानित किया। शिक्षक विधायक ने शिक्षक प्रतिनिधियों के साथ स्थानीय क्षेत्रपाल मंदिर में विराजमान सुधा सागरजी महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त किया क्षेत्रपाल जी मंदिर में प्रबंधक व पार्षद पंकज जैन दिगंबर पंचायत समिति के शिक्षा मंत्री प्रफुल्ल जैन, संजीव जैन, सत्येंद्र जैन, आशीष जैन सहित समिति पदाधिकारियों ने शिक्षक विधायक के साथ मीडिया प्रभारी देवेंद्र श्रीवास्तव, केदारनाथ तिवारी, मनोनीत पार्षद जगभान कर्मचारी मोर्चा जिलाध्यक्ष डा.हेमंत तिवारी को भी अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

## जिला कारागार में औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया गया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिला प्रशासन और न्यायिक अधिकारियों ने मंगलवार को जिला कारागार बस्ती का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और बंदियों की सुविधाओं का गहन परीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने कारागार में मौजूद व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला जज, जिलाधिकारी बस्ती तथा पुलिस अधीक्षक बस्ती ने संयुक्त रूप से बैरकों, रसोईघर, चिकित्सालय एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही भोजन व्यवस्था, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कारागार में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि बंदियों के मानवाधिकारों का पूर्ण सम्मान करते हुए उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान कारागार परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही रसोईघर में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कारागार प्रशासन के कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समय-समय पर इस प्रकार के औचक निरीक्षण किए जाते रहेंगे, ताकि व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और सुधार सुनिश्चित किया जा सके।




## ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की योजना बना रहे 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**● कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, रस्सा व लोहे की सब्बल बरामद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में 'ऑपरेशन चक्रव्यूह' अभियान एवं अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों भारत पुत्र जगप्रसाद निवासी ग्राम पूरे बैजनाथ मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 26 वर्ष, उमेश पुत्र जगप्रसाद उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी गिरफ्तार किया गया ।

तलाशी से अभियुक्त भारत के कब्जे से 01 तमंचा, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 रस्सा व 01 टार्च, एवं अभियुक्त उमेश के कब्जे से 01 लोहे की सब्बल व 01 टार्च बरामद हुई ।पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम और हमारे 02 अन्य साथी लल्लन पुत्र नन्हें निवासी ग्राम पूरे दान वैश्य मजरे मेढ़ौना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी, शिवा कुमार पुत्र राम चन्दर निवासी ग्राम पूरे निरहीं मजरे लखना बसन्तपुर थाना जामों जनपद अमेठी मिलकर कस्बा शंकरगंज में दुकानों में चोरी करने की योजना कर रहे थे । बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।



## पेट्रोल-डीजल किल्लत की अफवाह

**●पेट्रोल पंप पर गैलेन और ड्रम लेकर पहुंचे लोग**

**DSO बोले पर्याप्त है स्टॉक**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – में पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रशासन ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाया है। जिला पूर्ति अधिकारी (डीएसओ) जीवेश मौर्या ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जनता को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। पिछले कुछ दिनों से इन अफवाहों के कारण शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी जा रही थी। दोस्तपुर ब्लॉक से ऐसी तस्वीरें भी सामने आई, जहां लोग ड्रम और गैलन लेकर पेट्रोल-डीजल खरीदने पहुंच रहे थे, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। पेट्रोल पंपों पर बढ़ती भीड़ और जनता के बीच मची घबराहट के बाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया। जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश मौर्या ने एक आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट की।

जीवेश मौर्या ने कहा, 'जनपद सुल्तानपुर में वर्तमान में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसी भी भ्रामक सूचना और अफवाह पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने बताया कि कार्यालय की ओर से एक कंट्रोल नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर उपभोक्ता अपनी समस्या बता सकते हैं और प्रशासन तत्काल उसका निवारण कर रहा है। डीएसओ ने आगे स्पष्ट किया कि विभिन्न तेल कंपनियां सुचारू रूप से ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी न हो।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से धैर्य बनाए रखने और केवल आवश्यक मात्रा में ही ईंधन खरीदने का आग्रह किया है। साथ ही, यदि किसी पेट्रोल पंप पर गड़बड़ी की आशंका हो, तो तुरंत संबंधित विभाग को सूचित करने की अपील की गई है। उधर दोस्तपुर में मां लक्ष्मी पेट्रोल पंप के मालिक अजय शुक्ला ने बताया कि गलत अफवाह की वजह से भीड़ लग रही है। डीजल-पेट्रोल की भर मार है। अब इसके बाद भी कोई दस लीटर कोई दो लीटर कोई तीन लीटर लेकर जा रहा है।

### गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी का आरोप, 3 पर मुकदमा दर्ज

**तालबेहट ।** तहसील के सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम मुकटौरा निवासी रामदयाल पुत्र चैनू ने शिकायत देकर गांव के ही तीन लोगों पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस से मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शिकायत के अनुसार 22 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे रामदयाल अपने घर पर मौजूद थे। उसी दौरान गांव के श्यामलाल पुत्र नान्या, वृंदावन पुत्र श्यामलाल तथा कल्याण सिंह पुत्र श्यामलाल कुशवाहा वहां पहुंचे और बिना किसी कारण गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का भुगतान रोका

**एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

**ललितपुर।** एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स यूपी ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) के लंबित वेतन भुगतान की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ज्ञापन में एसोशिएशन जिला अध्यक्ष नरेंद्र नागर, महामंत्री रमा पटैरिया, उपाध्यक्ष शिवाना यादव समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत टीएडीए, कम्युनिकेशन खर्च, स्वास्थ्य प्रचार गतिविधियों और प्रोत्साहन राशि (पीबीआई) का भुगतान अभी तक लंबित है। वर्ष 2025-26 के लिए भी भुगतान प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। संगठन का कहना है कि सीएचओ लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन उनके मानदेय और विभिन्न भत्तों का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है, जिससे उनका मनोबल प्रभावित हो रहा है।

## पेट्रोलियम पदार्थो का संकट नहीं, भण्डारण से बचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मे गैस, पेट्रोल और डीजन की कोई कमी नही है। पेट्रोलियम पदार्थो का संकट जो देखने को मिल रहा है वह मानव निर्मित है। यह कहना है जिला पूर्ति अधिकारी विमल शुक्ला का। उन्होने पेट्रोल पंपों पर लगी लाइन और उपभोक्ताओं द्वारा वाहनों की टंकी फुल कराये जाने तथा अनाधिकृत रूप से गैलन मे पेट्रोल भराने को लेकर हैरानी जाहिर की है। उन्होने कहा जिम्मेदार नागरिक का परिचय देते हुये ऐसी परिस्थितियां न पैदा की जायें जिससे लोग पैनिक हों ओर आवश्यक वस्तुओं का भण्डारण शुरू कर दें। इससे हालात बिगड़ेंगे और जिसे वास्तविक जरूरत होगी वह पेट्रोलियम पदार्थो से वंचित रह जायेगा। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर पेट्रोलियम पदार्थो का भारी संकट दिखाया जा रहा है। इससे माहौल काफी खराब हो रहा है। अंदरखाने की मानें तो अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने का प्रशासन मन बना रहा है। इसी बीच महिला नेता चांदनी चौधरी ने समर्थकों के साथ हाथों मे गैस सिलेंडर लेकर अटल बिहारी बाजपेई आडिटोरियम से लेकर शास्त्री चौक तक प्रदर्शन किया। कहा कि घरेलू गैस के लिये लोग परेशान हैं और कई घरों में भोजन बनने का संकट पैदा हो गया है। प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को सम्बोधित 6 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपकर कथित संकट दूर करने की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन को लेकर महिला नेता को जितनी ख्याति मिलनी चाहिये थी उससे ज्यादा उन्हे ट्रोल होना पड़ रहा है। प्रदर्शन का चांदनी चौधरी को कितना राजनीतिक लाभ मिलेगा यह वक्त बतायेगा लेकिन यह तय है कि उनके प्रदर्शन से अफवाहों को बल मिला है।



## आरोपी को सौंप दी नाबालिक बालिका, थानाध्यक्ष कप्तानगंज को सीडब्लूसी ने किया तलब, माँगा स्पष्टीकरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले की पुलिस सुधरने का नाम नही ले रही है, कप्तान गंज थाना की पुलिस ने एक नाबालिक बालिका को उसकी माँ के बजाय आरोपी को ही सौपने का कार्य है, प्रकरण की जानकारी एवं शिकायत मिलने पर सीडब्लूसी के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने थानाध्यक्ष कप्तान गंज एवं मामले के विवेचक को न्याय पीठ के समक्ष स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है। स्पष्टीकरण संतोष जनक नही होने पर विधिक कार्यवाही अमल में लाने की बात पत्र में कही है। जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के एक ग्राम की निवासनी बालिका की माँ ने थाने पर प्रार्थना पत्र देकर बताया की मेरी बेटी 7 फरवरी को कॉपी किताब खरीदने के लिए बता कर बाजार गयी और घर वापिस नही आयी, 8 फरवरी को मुकामी पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बालिका की खोज बीन शुरू कर दिया, 22 फरवरी को बालिका की माँ को बालिका के थाने पर आने की जानकारी हुई, उसने थाने पर पहुंच कर देखा की उसकी बेटी ने शादी कर लिया है, इस बात से नाराज होकर माँ ने अपनी बेटी को घर ले जाने से इंकार कर दिया, पुलिस ने बालिका एवं उसकी माँ की काउंसलिंग करने और सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत करने के बजाय आरोपी से ही साठ गांठ करते उसे आरोपी के साथ ही थाने से भेज दिया गया, मामले में नया मोड़ तब आया जब इसकी जानकारी चाइल्ड लाइन को हुई, बालिका की माँ ने चाइल्ड लाइन के हेल्पलाइन नंबर 1098 पर भी बेटी के गायब होने की सूचना दे रखी थी, जब चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ता के द्वारा उसकी माँ से बात की गयी तब उसने बताया की उसकी बेटी को पुलिस ने बरामद करने के बाद आरोपी को ही सौंप दिया है, चाइल्ड लाइन के द्वारा जब बालिका को सीडब्लूसी के सामने पेश करने की बात हुई तब पुलिस ने उसकी माँ को 25 फरवरी को थाने बुला कर कहा गया की बेटी को बस्ती लेकर चलना है और अगर बेटी को अपने साथ नही ले जाओगी तो तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया जायेगा। बालिका की माँ ने न्याय पीठ के समक्ष लिखित शिकायत में कहा है की 22 फरवरी से 25 फरवरी तक मेरी नाबालिक पुत्री को पुलिस के द्वारा उसके अपहरण के आरोपी के घर पर ही रखा गया, मेरा मुकदमा तो पुलिस ने दर्ज कर लिया लेकिन मुझे एफ आई आर की कॉपी तक नही दी गयी। प्रकरण की शिकायत मिलने पर न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, सदस्य संतोष श्रीवास्तव, सदस्य मंजू त्रिपाठी की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष कप्तान गंज एवं विवेचक को पत्र भेज कर स्पष्टिकरण माँगा है, इस बारे मे पूछने पर चेयर पर्शन प्रेरक मिश्रा ने कहा की इस प्रकार के मामले में बालिका एवं परिजन के बीच तनाव हो ही जाता है लेकिन काउंसलिंग के बाद यह समस्या समाप्त भी हो जाती है, पुलिस को बालिका को किसी भी परिस्थिति में आरोपी को नही देना चाहिए,यह सभी दृष्टि से गलत है। स्पष्टीकरण संतोष जनक नही होने पर संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।



## एसपी चारु निगम ने मिशन शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाई

**●पीड़ित महिलाओं को हर विभाग से मिलकर न्याय दिलाएंगे: एसपी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – बुधवार को पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 'मिशन शक्ति 5' के तहत आयोजित रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शुरू किए गए 'मिशन शक्ति फेज 5' का हिस्सा है, जो महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को समर्पित है। इस चरण का मुख्य उद्देश्य महिला सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना, उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और आत्मनिर्भर बनाना है। इसी क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मचारी एकत्रित हुईं। पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने पैदल और स्कूटी सहित विभिन्न माध्यमों से नगर के विभिन्न मार्गों के लिए रैली को रवाना किया। एसपी चारु निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई निर्देश जारी किए गए हैं, जिनके प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को एफआईआर दर्ज कराने और चार्जशीट लगाने के अलावा, सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसी उद्देश्य से सैकड़ों महिला कर्मियों ने रैली निकालकर महिलाओं को जागरूकता का संदेश दिया। यह रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेगी। मिशन शक्ति केंद्रों में विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं की जानकारी उन तक पहुंचाई जा सके। इसके अतिरिक्त, आशा बहुओं के माध्यम से गांवों में चौपालें लगाई जाएंगी, जिनमें महिला पुलिस की टीम भी शामिल होगी, जो महिलाओं की समस्याओं के समाधान में मदद करेगी। एसपी ने सभी महिलाओं और युवतियों को आत्मनिर्भर बनने का भी संदेश दिया।

## जनपद स्तरीय रेशम मेला/प्रदर्शनी का भव्य आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** राजकीय रेशम फार्म, बालपुर में रेशम विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री रेशम विकास योजना के अंतर्गत एकदिवसीय जनपद स्तरीय रेशम मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए 500 से अधिक कृषकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कृषकों को रेशम उत्पादन से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। मेले के दौरान प्रगतिशील कृषक बीरबल एवं अरुण को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. राम लखन राम ने उपस्थित किसानों को रेशम कीट पालन, उत्पादन तकनीक एवं रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह, रेशम विभाग, उद्यान विभाग, उद्योग विभाग एवं मत्स्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इन स्टॉलों के माध्यम से कृषकों को विभिन्न योजनाओं, आधुनिक तकनीकों एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक रवि, सहायक रेशम विकास अधिकारी सतीश चन्द्र, विवेक श्रीवास्तव, प्रतिभा यादव, देवेन्द्र कुमार गौतम, अखिलेश (डीएमएम, एनआरएलएम) सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक रेशम, गोंडा परिक्षेत्र नितेश सिंह ने सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं कृषकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रगतिशील कृषक पवन सिंह द्वारा किया गया।





### लॉजिकल एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल त्रिपाठी नगर डेरवा में विदाई समारोह आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** डेरवा नगर पंचायत के लॉजिकल एसएन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में बुधवार को कक्षा आठ के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य शिवसागर शुक्ला ने कक्षा आठ के बच्चों के साथ फेयरवेल केक काटा और बच्चों को स्मृति चिह्न भेंट किया।उन्होंने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे की शिक्षा के लिए प्रेरित किया।इस दौरान अवध लायन क्लब प्रतापगढ़ के डायरेक्टर सन्तोष पाण्डेय व कोषाध्यक्ष शिव सागर शुक्ला व विद्यालय के कॉर्डिनेटर धीरज पांडेय ,अकाउंटेंट धर्मेंद्र शुक्ला,विनोद मिश्रा, कार्यक्रम संचालक सुशील तिवारी, सुशील मिश्रा, एक्टिविटी इंचार्ज कविता, पायल, पिंकी, अनुपमा कल्पना,बिजरानी, है शुभा,कोमल, आरती, पूनम, सीमा, शिवम मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रभानु में मनाया गया टी वी उन्मूलन जागरूकता अभियान




**सीतापुर** 25 मार्च चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में टीबी उन्मूलन को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने सभी छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने टीबी उपचार के प्रति लोगो लोगों को जागरूक किया तथा बताया की यदि किसी व्यक्ति को 10 दिनों से अधिक समय तक लगातार खांसी, बुखार, वजन में गिरावट, रात में पसीना आना जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर स्वास्थ्य जांच कराना चाहिए समय पर जांच और उपचार से टीबी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। यह जांच और इलाज सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय आसपास के गांव में जन अभियान चलाकर बीमारी की पहचान तथा टी बी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में अपनी भागीदारी दे रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक डॉ हृदय नारायण तिवारी, धनेंद्र कुमार सिंह , डॉ उपमा त्रिपाठी डॉ के डी सिंह सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारीयों ने हिस्सा लिया।

### रसोई गैस सिलेंडर को सुबह से एजेंसियों मे लंबी कतार, तीसरे दिन भी लौटे खाली हाथ

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में रसोई गैस को लेकर लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। नगर के बाईपास रोड स्थित गैस एजेंसी पर सुबह 7 बजे से ही लंबी कतार लग जाती है। उपभोक्ताओं को पर्ची कटाने के लिए घंटों धूप में खड़ा रहना पड़ रहा है, जिससे सबसे ज्यादा दिक्कत महिलाओं को हो रही है। बाल्हेमऊ गांव से आई सबिता ने बताया कि उनका नवरात्र का व्रत चल रहा है और घर में गैस खत्म हो चुकी है। घर में कोई पुरुष सदस्य मदद के लिए नहीं है। वह लगातार तीन दिन से एजेंसी आ रही हैं, लेकिन हर बार खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। लाइन में लगे जयशंकर त्रिवेदी ने बताया कि सरकार की ओर से सुविधाएं तो दी जा रही हैं, लेकिन एजेंसी संचालकों की मनमानी के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। व्यवस्था पूरी तरह अव्यवस्थित बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गैस न मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में छत पर ईट का चूल्हा बनाकर खाना बनाना पड़ रहा है। वहीं बंदरों के आतंक से स्थिति और भी मुश्किल हो गई है। गर्मी में चूल्हे पर खाना बनाना जोखिम भरा साबित हो रहा है और हादसे की आशंका बनी रहती है।

### लखनऊ के BKT में कब्रिस्तान की जमीन पर कब्जे प्रयास, चला बुलडोजर; SDM के निर्देश पर हुआ एक्शन



**लखनऊ। बीकेटी।** नगर पंचायत बख्शी का तालाब क्षेत्र में कब्रिस्तान की सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की कोशिश को प्रशासन ने सख्ती से विफल कर दिया। एसडीएम साहिल कुमार के निर्देश पर राजस्व विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलाते हुए निर्माण सामग्री हटाकर भूमि को कब्जामुक्त कराया। अब्बास नगर के राजस्व गांव बरगदी मगठ में राजस्व अभिलेखों में दर्ज कब्रिस्तान पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा था। सीतापुर रोड स्थित इस भूमि पर कई बार अवैध कब्जे होने की शिकायतें मिली थी। हाल ही में कुछ लोगों द्वारा ईट डालकर पक्के निर्माण की तैयारी की जा रही थी। इस मामले की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में पूर्व प्रधान सियासत हुसैन भूरी ने की थी, जिस पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की। राजस्व निरीक्षक नावेद उस्मानी के नेतृत्व में आई टीम ने मौके पर पहुंचकर ईंटों के ढेर को हटवा दिया। एसडीएम साहिल कुमार ने बताया कि कब्जामुक्त कराई गई जमीन नगर पंचायत को सौंप दी गई है। दोबारा कब्जे की कोशिश पर सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

# रियाद में मिसाइल हमले में सीतापुर के युवक की मौत 5 दिन बाद गांव पहुंचा शव, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

**स्वतंत्र प्रभात**



**सीतापुर** रियाद में एक मिसाइल हमले में मारे गए यूपी के सीतापुर के युवक रवि गोपाल का शव बुधवार को पैतृक गांव पहुंचा शव के घर पहुंचते ही पत्नी रोती-बिलखती रही। मां-पिता का रो-रोकर बुरा हाल था शव के पहुचंने पर उसे अंतिम विदाई देने आसपास के गांवों के लोग भी उमड़े। गांव के पास स्थित एक खेत में उसका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ने मुखाग्नि दी रवि गोपाल, जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर महमूदाबाद थाना क्षेत्र के बघाइन गांव का रहने वाला था। पिछले 3 साल से वह रियाद रह रहा था। युवक रियाद में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में काम करता था। 5 दिन पहले 18 मार्च को फैक्ट्री पर हुए मिसाइल हमले में उसकी मौत हो गई थी। मंगलवार सुबह रियाद से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचा। यहां से गांव ले जाया गया। बघाइन गांव के रहने वाले रवि गोपाल तीन साल पहले सऊदी अरब के रियाद काम करने गए थे। गांव में पिता लवनीत कुमार, मां बैजंती देवी, बड़े भाई मनमोहन, रवि की पत्नी रीता देवी और करीब 3.5 साल का बेटा रहते हैं। भाई मनमोहन के अनुसार, पहली बार दो साल रियाद में रहने के बाद वह वापस आ गए थे। सितंबर 2025 में वह दोबारा रियाद गए। वहां वह एक प्लास्टिक फैक्ट्री में ड्राइवर के रूप में काम करता था। 18 मार्च को एक मिसाइल हमला फैक्ट्री पर हुई। इसमें उसकी जान चली गई। गांव के प्रधान व अन्य लोगों के माध्यम से जब सूचना पहुंची तो घर में कोहराम मच गया। परिजन ने युवक के साथ रहने वाले रामनिवास से संपर्क किया। साथी रामनिवास ने युवक के मौत की पुष्टि की। बताया कि रवि का शव मिल गया है और उसे फ्रीजर में रखा गया है। इसके बाद शव भारत लाने के लिए सरकार से गुहार लगाने लगे। सूचना पाकर रविवार को विधायक आशा मौर्य ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से फोन पर बात कर शव जल्द भारत लाने का भरोसा भी दिलाया। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर के निर्देश पर नायब तहसीलदार राकेश त्रिवेदी ने गांव पहुंचकर परिजनों से जानकारी जुटाई और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रयास के बाद रियाद से शव लाने की प्रक्रिया पूरी की गई। बुधवार को शव लखनऊ पहुंचा। इस दौरान तहसीलदार महमूदाबाद और बीजेपी नेता डॉ. अम्मार रिजवी भी एयरपोर्ट पर मौजूद रहे। आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को एम्बुलेंस के जरिए सीतापुर के बघाइन गांव के लिए रवाना कर दिया गया। गांव पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कर गांव के पास खेत में युवक की चिता सजाई गई। बड़े भाई ने मुखाग्नि दी!!

## 10 फीट लंबा अजगर पकड़ा गया ग्रामीणों ने खेत से पकड़कर कमरे में किया था बंद

**स्वतंत्र प्रभात**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महोली थाना क्षेत्र के गुजरपुर गांव में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत में करीब 10 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया विशाल अजगर को देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई जानकारी के अनुसार, गुजरपुर निवासी कमलेश पासी अपने खेत में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान उनकी नजर अचानक एक बड़े अजगर पर पड़ी अजगर को देखकर वह घबरा गए और तुरंत गांव के अन्य लोगों को इसकी सूचना दी देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद अजगर को किसी तरह काबू में किया और गांव के एक सरकारी निर्माणाधीन भवन के कमरे में बंद कर दिया ताकि वह बाहर निकलकर किसी को नुकसान न पहुंचा सके अजगर के पकड़े जाने की खबर पूरे गांव में तेजी से फैल गई, जिसके बाद उसे देखने के लिए लोगों का जमावड़ा लग गया। इसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलने के लगभग एक घंटे बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए कमरे में बंद अजगर को सुरक्षित बाहर निकाला इस दौरान वनकर्मियों ने पूरी सतर्कता बरती, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी न हो। वन विभाग की टीम अजगर को अपने साथ ले गई, जिसे बाद में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। रेस्क्यू ऑपरेशन के सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अजगर को काबू में न किया जाता, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था वहीं वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि ऐसे मामलों में खुद जोखिम उठाने के बजाय तुरंत विभाग को सूचना दें!!

## लालगंज में आज निकलेगी प्रभु श्री राम की शोभायात्रा

**लालगंज (रायबरेली)।** रामनवमी के मौके पर बृहस्पतिवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से नगर में श्री राम की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह जानकारी देते हुए विहिप के जिला अध्यक्ष अजय पांडे ने बताया कि नगर में परंपरागत शोभायात्रा को लेकर सभी प्रकार की तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह यात्रा शाम 4 बजे से कस्बे के रामलीला मैदान से शुरू होकर नगर के अलग-अलग मार्गो से होते हुए बेहटा चौराहा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समाप्त होगी। जहां पर आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राम गोपाल त्रिपाठी की अगुवाई में संपन्न होगा।

## होटल-रेस्टोरेंट बिल में एलपीजी चार्ज लगाने पर सख्त कार्रवाई: सीसीपीए ने जारी की चेतावनी

**स्वतंत्र प्रभात**



**नई दिल्ली:** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि ग्राहकों के बिल में 'एलपीजी चार्ज', 'गैस चार्ज', 'गैस सरचार्ज', 'ईंधन लागत वसूली' या किसी भी नाम से अतिरिक्त शुल्क लगाना अनुचित व्यापार प्रथा है। उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सीसीपीए ने बुधवार को जारी अपनी एडवाइजरी में स्पष्ट किया कि हाल के एलपीजी संकट की आड़ में कुछ होटल और रेस्टोरेंट बिल में डिफॉल्ट रूप से ऐसे चार्ज जोड़ रहे हैं, जो पूरी तरह गैरकानूनी है। मेन्यू पर लिखी गई कीमत अंतिम मानी जाएगी। उसमें केवल लागू टैक्स जोड़ा जा सकता है। एलपीजी, गैस या अन्य ईंधन की लागत व्यवसाय की आंतरिक परिचालन व्यय है, जिसे अलग से ग्राहकों पर नहीं डाला जा सकता।

**सीसीपीए की मुख्य हिदायतें:**

- कोई भी होटल या रेस्टोरेंट बिल में एलपीजी चार्ज, गैस चार्ज या समान कोई अतिरिक्त शुल्क स्वतः या डिफॉल्ट रूप से नहीं लगा सकता।
- मेन्यू प्राइस फाइनल है- केवल टैक्स जोड़ें।
- ऐसे शुल्क लगाना उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत दंडनीय अनुचित व्यापार प्रथा माना जाएगा।
- उल्लंघन पर सीसीपीए जांच करेगा और जुर्माना लगाएगा।

सीसीपीए ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि अगर बिल में ऐसा कोई अतिरिक्त चार्ज दिखे, तो सबसे पहले रेस्टोरेंट प्रबंधन से उसे हटाने का अनुरोध करें। अगर मना किया जाए तो राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 1915 पर कॉल करें या एनसीएच मोबाइल ऐप के जरिए शिकायत दर्ज कराएं।

यह चेतावनी उन शहरों (जैसे बेंगलुरु, मुंबई आदि) में एलपीजी आपूर्ति की कमी के बाद आई है, जहां कुछ रेस्टोरेंट ने 'गैस क्राइसिस चार्ज' या 'एलपीजी रिवीजन' जैसे नामों से 5 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क जोड़ना शुरू कर दिया था। सीसीपीए ने इसे सेवा शुल्क के पुराने विवाद से जोड़ते हुए साफ कहा कि कोई भी छिपा या अनिवार्य अतिरिक्त शुल्क बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उपभोक्ता अधिकार विशेषज्ञों का मानना है कि सीसीपीए का यह कदम आम ग्राहकों के हितों की मजबूत रक्षा करेगा और होटल-रेस्टोरेंट उद्योग को पारदर्शी बिलिंग की ओर प्रेरित करेगा। इससे पहले सीसीपीए ने अनिवार्य सर्विस चार्ज पर भी रोक लगाई थी, जिसे अदालत ने भी सही ठहराया था। अब ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त एलपीजी या ईंधन चार्ज के सिर्फ मेन्यू प्राइस + जीएसटी का ही भुगतान करेंगे। कोई उल्लंघन होने पर सीसीपीए तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

# मिडिल ईस्ट संकट पर सर्वदलीय बैठक: सरकार ने कहा- स्थिति नियंत्रण में,ऊर्जा सुरक्षा पर नजर

**स्वतंत्र प्रभात**



**नई दिल्ली-** इजराइल-यूएस तनाव के बीच केंद्र सरकार ने आज संसद भवन में सर्वदलीय बैठक बुलाई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) के वर्तमान हालात, क्षेत्रीय सुरक्षा और भारत पर पड़ने वाले संभावित प्रभावों पर विस्तार से चर्चा हुई। सरकार ने सभी दलों को आश्वासन दिया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और भारत की ऊर्जा सुरक्षा तथा नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कोई खतरा नहीं है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं को मिडिल ईस्ट में हो रहे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी और उनके सुझाव भी सुने।

**बैठक की मुख्य बातें:**

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत स्थिति पर नजर रखे हुए है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले भारतीय तेल टैंकरों की सुरक्षा के लिए पहले से ही जरूरी कदम उठाए गए हैं।
- सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोलियम, गैस और अन्य ऊर्जा संसाधनों की उपलब्धता सामान्य है। किसी प्रकार की कमी या संकट की कोई आशंका नहीं है।
- बैठक में विपक्ष के कई नेताओं ने भारत की विदेश नीति और क्षेत्रीय संकट पर अपने विचार रखे। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने बैठक का बहिष्कार किया, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी बैठक में अनुपस्थित रहे। -विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी राजनयिक प्रयास जारी हैं और जरूरत पड़ने पर निकासी की तैयारी भी है।

सरकार ने बैठक के बाद जारी बयान में कहा, 'मिडिल ईस्ट में चल रहे तनाव को देखते हुए हम सतर्क हैं, लेकिन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। सभी दलों का सहयोग सराहनीय है।' 'यह सर्वदलीय बैठक ऐसे समय में हुई है जब पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच तनाव बढ़ा हुआ है और इसके वैश्विक प्रभाव, खासकर तेल की कीमतों और आपूर्ति पर चिंता जताई जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल भी उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की थी, जिसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख और DRDO चेयरमैन शामिल थे।

विपक्षी दलों ने बैठक में सरकार से पारदर्शिता बनाए रखने और संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा करने की मांग की। सरकार ने आश्वासन दिया कि स्थिति बदलने पर सभी दलों को समय-समय पर सूचित किया जाएगा।

देशभर में इस संकट के आर्थिक प्रभाव को कम करने के लिए पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी की अध्यक्षता में अलग से समीक्षा बैठकें भी चल रही हैं। अभी तक कोई तत्काल खतरा नहीं- यह सरकार का साफ संदेश है, लेकिन स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है।

## रास्ता रोककर छिनैती, युवक ने पुलिस से लगाई गुहार

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के कानपुर रोड स्थित निराला नगर मोहल्ले के एक युवक ने बाइक सवार तीन लोगों पर रास्ता रोककर छिनैती का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला निवासी रोहित पाल ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे वह अपने पैतृक गांव कुम्भड़ौरा से वापस लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार युवकों ने उसे ओवरटेक कर रोकने की कोशिश की। गनीमत रही कि वह किसी तरह बच निकला, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

पीड़ित के अनुसार, एक ही बाइक पर सवार तीन युवकों ने उसे रोककर छिनैती करने का प्रयास किया। उसने आरोपियों में से एक को पहचानते हुए नामजद तहरीर पुलिस को दी है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पीएसी जवान सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल टक्कर मारकर वाहन सहित चालक हुआ फरार



**स्वतंत्र प्रभात**

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में शहर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें 27वीं बटालियन पीएसी में तैनात एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। अज्ञात वाहन ने सड़क पर जा रहे जवान को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया जानकारी के अनुसार, घायल जवान की पहचान शिवनन्दन पुत्र दलसिंह के रूप में हुई है, जो वर्तमान में 27 बटालियन पीएसी में तैनात हैं बताया जा रहा है कि घटना देर रात उस समय हुई जब शिवनन्दन किसी काम से सड़क पर निकले थे इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायल जवान को जिला अस्पताल पहुंचाया जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया फिलहाल उनका इलाज लखनऊ के एक अस्पताल में चल रहा है जहां उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके वहीं, पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी!!

## नहर किनारे पर युवती का संदिग्ध हालात में मिला शव इलाके में फैली सनसनी

### ● हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका

**स्वतंत्र प्रभात**



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के संदना थाना क्षेत्र के ग्राम लवली के पास नहर पटरी किनारे बुधवार सुबह करीब 10 बजे एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई सुबह ग्रामीणों ने शव को नहर के पास पड़ा देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवती की पहचान मछरेहटा थाना क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय मोनिका के रूप में की। पहचान होने के बाद परिजनों को सूचना दी गई, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है परिजनों ने युवती की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। शव की स्थिति को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कहीं और करने के बाद शव को यहां लाकर फेंका गया है ताकि साक्ष्य छिपाए जा सकें। हालांकि, एएसपी दुर्गेश सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए और आसपास के क्षेत्र की बारीकी से जांच की पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, जिससे घटना से जुड़े सुराग मिल सकें परिजनों से पूछताछ के आधार पर पुलिस युवती की दिनचर्या, संपर्कों और हाल के घटनाक्रमों की जानकारी जुटा रही है साथ ही, मोबाइल कॉल डिटेल्स भी खंगाली जा रही हैं, जिससे मामले की तह तक पहुंचा जा सके। एएसपी दुर्गेश सिंह का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा इस घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है और लोग आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं!!

## सीएनजी ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार युवक की हुई मौत, चालक ऑटो छोड़कर हुआ फरार

**स्वतंत्र प्रभात**




**सीतापुर** जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर करीब 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो की टक्कर से हुई इस घटना के बाद परिवार में शोक और इलाके में आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के घैला गांव निवासी 18 वर्षीय जगदीश साइकिल से किसी काम के लिए घर से निकला था जब वह पियना चौराहे के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि जगदीश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही नैमिषारण्य थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। घटना के बाद ऑटो चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने ऑटो को कब्जे में ले लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक जगदीश की असामयिक मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही फरार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा!!

### रूद्रपुर में 4.5 करोड़ की लागत से बनेगा जिले का पहला विवाह भवन-सुधा



**रूद्रपुर, देवरिया।** नगर पंचायत रुद्रपुर की अध्यक्ष सुधा निगम के विशेष प्रयास पर जिले का पहला विवाह भवन बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। 4.5 करोड़ के लागत से बनने वाले भवन के लिए 3 करोड़ रुपए जारी हो गये हैं। यह जिले का पहला भवन होगा जो मलाह टोली वार्ड स्थित नगर पंचायत की भूमि पर बनेगा। नगर पंचायत रुद्रपुर की अध्यक्ष सुधा निगम के प्रस्ताव को मंजूर करने के लिए उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ को नगर पंचायत की जनता ने धन्यवाद दिया है।नगर पंचायत में अब गरीब भी अपने बेटे बेटियों की शादी अच्छे विवाह भवन में कर सकते हैं। नगर पंचायत धीरे-धीरे अपने वादे को पूरा कर रही है,आने वाली दिनों में जो भी वादे किए गए हैं उसे पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। सभासदों ने चेयरमैन सहित प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम को भी बधाई दी है।

## रामनवमी पर यूपी में दो दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश सरकार ने रामनवमी के अवसर पर जनभावनाओं का सम्मान करते हुए बड़ा फैसला लिया है। अब 26 मार्च (गुरुवार) के साथ-साथ 27 मार्च (शुक्रवार) को भी पूरे प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। सामान्य प्रशासन अनुभाग ने आज जारी विज्ञप्ति में यह स्पष्ट किया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार, रामनवमी का मुख्य पर्व 26 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन भक्तों की सुविधा और मंदिरों में होने वाली भीड़ को देखते हुए 27 मार्च को भी निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के तहत पब्लिक हॉलिडे घोषित कर दिया गया है। इससे पहले केवल 26 मार्च को अवकाश की घोषणा थी, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिरिक्त छुट्टी का ऐलान किया गया।

**मुख्य बातें:**

- 26 मार्च 2026: पहले से घोषित रामनवमी अवकाश (सार्वजनिक छुट्टी)।
- 27 मार्च 2026: अतिरिक्त सार्वजनिक अवकाश घोषित।
- सभी सरकारी कार्यालय, स्कूल-कॉलेज, बैंक (कुछ अपवादों के साथ) और अन्य संस्थान इन दोनों दिनों में बंद रहेंगे।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट और लखनऊ बेंच में भी रामनवमी का अवकाश अब 27 मार्च को रहेगा, जबकि 26 मार्च को अदालतें सामान्य रूप से खुली रहेंगी।

इस फैसले से कई कर्मचारियों को लंबा वीकेंड मिलेगा। 26-27 मार्च छुट्टी के बाद 28 मार्च को चौथा शनिवार होने से बैंक बंद रहेंगे, जिससे कुछ लोगों को 4 दिन का लगातार अवकाश मिल सकता है। सरकार ने सभी विभागों, जिला प्रशासन, बैंकिंग संस्थाओं और शैक्षणिक संस्थानों को इस आदेश की तुरंत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। रामनवमी 2026 के मौके पर श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या समेत पूरे प्रदेश में भव्य आयोजन होने वाले हैं। अतिरिक्त छुट्टी से श्रद्धालुओं को शोभा यात्रा और धार्मिक कार्यक्रमों में बिना किसी परेशानी के भाग लेने का मौका मिलेगा। उपभोक्ताओं और आम जनता को सलाह दी गई है कि सरकारी कार्यालयों में आने से पहले संबंधित विभाग से पुष्टि कर लें। यह कदम जनसुविधा और धार्मिक भावनाओं का पूरा सम्मान करते हुए उठाया गया है।



## यूपी का वो जिला जहां अब बिजली लाइनें भी होंगी अंडरग्राउंड, गायब हो जाएंगे बिजली के तार?

**लखनऊ।** लखनऊ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 26वीं निदेशक मंडल की बुधवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में बैठक में शहर में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई और उन्हें समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मल्टीलेवल भूमिगत पार्किंग, लाइट हाउस परियोजना, स्मार्ट रोड और स्कूलों के नवीनीकरण कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंडलायुक्त ने सीजी सिटी के दिव्यांग पार्क की गुणवत्ता जांच के निर्देश और स्मार्ट सिटी कर्मचारियों के समय विस्तार को भी स्वीकृति दी गई। इससे पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की बैलेंस शीट और परियोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मंडलायुक्त ने गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया।

कैसरबाग और घंटाघर क्षेत्र में बिजली लाइनों को भूमिगत करने के कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई।

अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि यह कार्य प्राथमिकता से जल्द पूरा कराया जाए, जिससे क्षेत्र की सुंदरता और सुरक्षा बढ़े। एससी सिंह को महाप्रबंधक (परियोजना) नियुक्त करने को मंजूरी दी गई।

बैठक में पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं और 11 स्मार्ट सड़कें, मल्टीलेवल पार्किंग, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पांच स्कूलों के नवीनीकरण की भी समीक्षा की गई। भविष्य की योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए।

## सार्वजनिक न्याय की नई दिशा, सुप्रीम कोर्ट के तीन ऐतिहासिक फैसले और बदलता भारत

भारत के न्यायिक इतिहास में कुछ फैसले ऐसे होते हैं जो केवल कानूनी व्याख्या तक सीमित नहीं रहते, बल्कि समाज की संरचना, अधिकारों की परिभाषा और राज्य की जिम्मेदारियों को नई दिशा देते हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए तीन महत्वपूर्ण निर्णय धर्म परिवर्तन के बाद अनुसूचित जाति (एससी) के दर्जे पर स्पष्टता, सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के साथ समानता सुनिश्चित करना, और झूठी एफआईआर के मामलों में सख्त रुख–इसी श्रेणी में आते हैं। ये फैसले न केवल संविधान की मूल भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि यह भी संकेत देते हैं कि न्यायपालिका सामाजिक न्याय, समान अवसर और कानून के दुरुपयोग पर एक संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहला और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला निर्णय धर्म परिवर्तन और अनुसूचित जाति के दर्जे से जुड़ा है। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाता है, तो वह अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं रह जाता। यह निर्णय संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950 की उस मूल भावना को दोहराता है, जिसमें अनुसूचित जातियों की पहचान ऐतिहासिक सामाजिक भेदभाव और छुआछूत की प्रथाओं से जुड़ी हुई है, जो मुख्यतः हिंदू सामाजिक ढांचे में विद्यमान रही हैं। न्यायालय का यह कहना कि धर्म परिवर्तन के साथ ही एससी का दर्जा और उससे जुड़े सभी वैधानिक लाभ तत्काल समाप्त हो जाते हैं, एक कठोर लेकिन स्पष्ट संदेश है कि आरक्षण और विशेष अधिकारों का आधार सामाजिक उत्पीड़न की ऐतिहासिक वास्तविकता है, न कि केवल जातीय पहचान।

यह निर्णय उन बहसों को भी नई दिशा देता है, जो लंबे समय से धर्मांतरण और सामाजिक न्याय के बीच संबंध को लेकर चल रही थीं। कुछ पक्षों का तर्क रहा है कि भले ही व्यक्ति धर्म बदल ले, लेकिन सामाजिक भेदभाव का प्रभाव समाप्त नहीं होता, जबकि दूसरी ओर यह भी कहा जाता रहा है कि आरक्षण का उद्देश्य विशेष रूप से उन समुदायों को राहत देना है जो एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पीड़ित रहे हैं। न्यायालय ने इस जटिल बहस में संवैधानिक प्रावधानों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्टता प्रदान की है। इससे नीति निर्माताओं और समाज दोनों के लिए यह समझना आसान होगा कि सामाजिक न्याय की योजनाएं किन आधारों पर लागू होती हैं।

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय भारतीय सैन्य बलों में महिला अधिकारियों के अधिकारों से संबंधित है। न्यायालय ने यह माना कि शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत कार्यरत महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने में जो मापदंड अपनाए गए, वे असमान और भेदभावपूर्ण थे। अदालत ने न केवल इस असमानता पर आपत्ति जताई, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि जिन महिला अधिकारियों को प्रमोशन से वंचित किया गया है, उन्हें 20 वर्षों की सेवा के आधार पर पूर्ण पेंशन दी जाए। यह फैसला केवल आर्थिक राहत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता को चुनौती देता है जिसमें सेना जैसे संस्थानों में पुरुष वर्चस्व को स्वाभाविक माना जाता रहा है।

इस निर्णय का व्यापक सामाजिक प्रभाव भी है। यह संदेश देता है कि देश की सुरक्षा और सेवा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सीमित नहीं किया जा सकता। समान अवसर और निष्पक्ष मूल्यांकन प्रणाली किसी भी आधुनिक लोकतंत्र की पहचान होती है, और न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया है कि यह सिद्धांत सैन्य संस्थानों में भी लागू हो। इससे आने वाली पीढ़ियों की महिला अधिकारियों के लिए मार्ग अधिक स्पष्ट और न्यायसंगत होगा।तीसरा निर्णय झूठी एफआईआर और सबूत गढ़ने के मामलों में न्यायालय के सख्त रुख को दर्शाता है। अदालत ने इस विषय पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस जारी करते हुए यह संकेत दिया है कि कानून के दुरुपयोग को हल्के में नहीं लिया जा सकता। वर्तमान व्यवस्था में झूठी शिकायतों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया सीमित होने के कारण कई बार निर्दोष लोग लंबे समय तक कानूनी उलझनों में फंस जाते हैं। न्यायालय का यह कदम इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है कि कानून का उपयोग न्याय के लिए हो, न कि व्यक्तिगत प्रतिशोध या उत्पीड़न के लिए।

यह फैसला न्याय व्यवस्था में संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। एक ओर जहां पीड़ितों को न्याय दिलाना जरूरी है, वहीं दूसरी ओर यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि किसी निर्दोष व्यक्ति को झूठे आरोपों के कारण सजा या मानसिक उत्पीड़न का सामना न करना पड़े। न्यायालय का यह हस्तक्षेप इसी संतुलन को स्थापित करने का प्रयास है।

इन तीनों निर्णयों को यदि एक साथ देखा जाए, तो यह स्पष्ट होता है कि सर्वोच्च न्यायालय केवल कानून की व्याख्या नहीं कर रहा, बल्कि वह समाज में न्याय, समानता और उत्तरदायित्व के सिद्धांतों को मजबूत कर रहा है। धर्म परिवर्तन पर स्पष्टता, महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और कानून के दुरुपयोग पर नियंत्रण ये तीनों पहलू एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इन फैसलों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि ये समाज को आत्ममंथन के लिए प्रेरित करते हैं। क्या हम वास्तव में समानता के सिद्धांत को अपने व्यवहार में उतार पा रहे हैं? क्या हमारे संस्थान निष्पक्ष और पारदर्शी हैं? और क्या हम कानून का उपयोग जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं? ये प्रश्न केवल न्यायालय के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए हैं।

अंततः, यह कहा जा सकता है कि ये निर्णय भारत के संवैधानिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ये न केवल वर्तमान परिस्थितियों का समाधान प्रस्तुत करते हैं, बल्कि भविष्य के लिए एक स्पष्ट मार्गदर्शन भी देते हैं। न्यायपालिका का यह सक्रिय और संतुलित दृष्टिकोण यह भरोसा दिलाता है कि देश में कानून का शासन केवल एक सिद्धांत नहीं, बल्कि एक जीवंत और प्रभावी व्यवस्था है, जो हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कांतिलाल मांडोत**

## खुद की गलतियों से आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ बना पाकिस्तान

विश्व भर में पाकिस्तान सबसे बड़ा आतंकवाद का गढ़ बन गया है। पाकिस्तान की खुद की कमर आज उस आतंकवाद ने तोड़ दी है जिसे कभी शह देकर उसने ही पाला पोसा था। इस बात की पुष्टि ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स कर रहा है, जिसमें पहली बार पाकिस्तान शीर्ष स्थान पर पहुंचा है। साल 2025 में आतंकवाद से जुड़ी मौतों के मामले में 6 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (आईईपी) द्वारा जारी ग्लोबल टैररिज्म इंडैक्स 2026 के अनुसार, पिछले साल पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं में 1,139 मौतें दर्ज की गई, जो वहां की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को दिखाती हैं। ग्लोबल टैररिज्म इंडैक्स 2026 में 163 देशों में आतंकवाद के असर का आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान का अपने पड़ोसी देशों, खासकर अफगानिस्तान के साथ तनावपूर्ण संबंध हैं। इसके अलावा प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की तरफ से बढ़ती हिंसा ने पाकिस्तान के लिए सुरक्षा जोखिमों को बढ़ा दिया है। पाकिस्तान में आतंकी हमलों में मौत की संख्या भी चौंकाने वाली है। रिपोर्ट से पता चलता है कि पाकिस्तान में आतंकवाद से होने वाली मौतें अब 2013 के बाद से अपने सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। 2025 में देश में आतंकवाद से 1,139 मौतें और 1,045 घटनाएं दर्ज की गई थी। इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस की रिपोर्ट में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। कहा गया है कि टीटीपी ने पाकिस्तान के भीतर सबसे खतरनाक आतंकी समूह के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। यह वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे खतरनाक आतंकी समूह है। आईईपी के आंकड़ों से पता चलता है कि 2009 के बाद से पाकिस्तान में कुल हमलों में टीटीपी के हमलों का हिस्सा 67 प्रतिशत से ज्यादा रहा है, और पाकिस्तान में होने वाले हमलों के लिए यह दूसरे सबसे सक्रिय समूह, बीएलए के मुकाबले पांच गुना ज्यादा जिम्मेदार है। खास बात यह है कि दुनिया के 4 सबसे खतरनाक समूहों में टीटीपी ही एकमात्र ऐसा संगठन था जिसकी गतिविधियों में पिछले साल बढ़ोतरी देखी गई। 2025 में टीटीपी की मारक क्षमता में भारी बढ़ोतरी हुई। आतंकवादी घटनाओं की संख्या 24 प्रतिशत बढ़कर 595 हमलों तक पहुंच गई। ये हमले मुख्य रूप से अफगानिस्तान की सीमा के पास खैबर पख्तूनख्वा इलाके में हुए, जिनमें 637 लोगों की मौत हुई-यह आंकड़ा 2011 के बाद से सबसे ज्यादा है।

रिपोर्ट बताती है कि 6000 से 6500 टीटीपी लड़ाके अफगानिस्तान के अंदर से काम कर रहे हैं और वहीं से पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। करीब 85% हमले अफगान सीमा के 10 से 50 किलोमीटर के दायरे में होते हैं।

पाकिस्तान के कबायली इलाकों को लंबे समय तक ऐसे समूहों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता रहा है। यहां से तालिबान, हक्कानी नेटवर्क, अल-कायदा और बाद में टीटीपी जैसे संगठन मजबूत हुए। 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद टीटीपी को और सुरक्षित ठिकाना मिल गया। पाकिस्तान ने अफगान सरकार से कार्रवाई की मांग की, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।एक नकारात्मक सोच रखने वाला और कट्टरपंथी राह पर चलने वाला पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन व संरक्षण देने वाला पाकिस्तान आज खुद आतंकवाद का शिकार है।

एक रिपोर्ट के अनुसार हालांकि, कुल हमलों की संख्या में थोड़ी कमी आई, लेकिन 2025 लगातार छठा साल रहा जब आतंकवाद से मौतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा, देश में बंधक बनाने की घटनाओं में भी भारी उछाल देखा गया। 2024 में 101 के मुकाबले 2025 में 655 लोग बंधक बनाए गए। यह वृद्धि मुख्य रूप से जाफर एक्सप्रेस हमले के कारण हुई, जिसमें 442 लोगों को बंधक बनाया गया था। बता दें कि आतंरिक सुरक्षा की स्थिति खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सबसे ज्यादा खराब है, जहां 2025 में कुल आतंकी हमलों का 74 प्रतिशत और मौतों का 67 प्रतिशत हिस्सा दर्ज किया गया। वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान अब बुर्किना फ़ासो, नाइजीरिया, नाइजर और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के साथ उन पांच देशों में शामिल है, जहां दुनियाभर की लगभग 70 फीसदी आतंकी मौतें होती हैं। यह ताजा रैंकिंग 2025 में दूसरे स्थान पर रहने के बाद आई है, जो पाकिस्तान में लगातार बिगड़ती सुरक्षा स्थिति की पुष्टि करती है।

2021 में जब काबुल में तालिबान ने सत्ता संभाली तो पाकिस्तान की एस्टेब्लिशमेंट मिठाइयां बांट रही थी. उन्हें लगा था कि उनका स्ट्रैटेजिक डेप्थ का सपना पूरा हो गया. लेकिन पासा पूरी तरह पलट गया. अफगानिस्तान में आतंकी घटनाओं और मौतों में 95% की भारी गिरावट आई. आज वहां की सड़कों पर होने वाले धमाके कम हुए हैं और तालिबान ने ऐसे समूहों पर नकेल कसी है।

आपको बता दें जनरल आसिम मुनीर के कार्यकाल में पाकिस्तान आतंकवाद का नया एक्सपोर्ट-इंपोर्ट हब बन चुका है. पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी जिस तालिबान को अपना एसेट मानती थी, उसी से जुड़ा टीटीपी अब खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में पाकिस्तानी फौज का शिकार कर रही है. मुनीर साहब राजनीति और इमरान खान को दबाने में इतने व्यस्त रहे कि सीमाओं की सुरक्षा और आंतरिक स्थिरता उनके हाथ से निकल गई.

सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक दृष्टि से अस्थिर पाकिस्तान आज भी उत्पन्न हुई स्थिति पर आत्मचिंतन करने को तैयार नहीं है। पाकिस्तान जब से अस्तित्व में आया तभी से भारत विरुद्ध नीति उसकी राजनीति का केंद्र बिन्दु रही है पाकिस्तान की नकारात्मक नीतियों का ही परिणाम है कि पहले बांग्लादेश अस्तित्व में आया और आज बलूचिस्तान अलग होने के लिए संघर्ष कर रहा है। भारत विरुद्ध आतंकियों का इस्तेमाल करने वाला पाकिस्तान आज आतंकवाद केंद्र भी है और आतंकवाद पीड़ित भी है। पाकिस्तान अगर सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक स्थिरता चाहता है तो उसे आतंकियों को समर्थन व संरक्षण देना बंद करना होगा और सकारात्मक सोच अपनाकर अपने भविष्य को संवारने के लिए कार्य करना होगा।

पाकिस्तान के आंतरिक राजनीतिक हालात जगजाहिर हैं, शरीफ सरकार एक कठपुतली सरकार से अधिक कुछ नहीं।सेना प्रमुख मुनीर के हाथों में पाकिस्तान की बागडोर सिमट रही है अमेरिका मुनीर को तवज्जो देकर अपने हित साधने की जुगत कर रहा है। मुनीर जिहादियों का इस्तेमाल भारत विरुद्ध तो कर ही रहे हैं। पाकिस्तान के भीतर आतंकियों को आज भी पाकिस्तानी सेना के प्रमुख मुनीर समर्थन दे रहे हैं। इसी कारण पाकिस्तान में आतंकवाद भी और उस कारण जान माल का नुकसान भी बढ़ रहा है। विश्व में आतंकवाद के कारण होने वाली सबसे अधिक मौतों के कारण शीर्ष पर पाकिस्तान के होने का मुख्य कारण लोकतांत्रिक व्यवस्था के इतर पाकिस्तानी में लगातार सेना प्रमुख का हस्तक्षेप बना रहना है।पाकिस्तान की बुनियाद ही घृणा विद्वेष और सांप्रदायिक कट्टरता की जमीन पर रखी गई है यही उसके लिए भारी पड़ रही है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# संपादकीय

## समान नागरिक संहिता का गुजरात मॉडलः एक देश एक कानून की दिशा में निर्णायक कदम

गुजरात विधानसभा में पारित 'यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक, 2026' केवल एक कानून नहीं, बल्कि भारतीय समाज की संरचना में एक व्यापक बदलाव का संकेत है। यह विधेयक उस लंबे विमर्श का परिणाम है, जो दशकों से 'समान नागरिक कानून' की अवधारणा को लेकर देश में चलता रहा है। अब गुजरात ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और लिव-इन संबंधों जैसे व्यक्तिगत मामलों में एक समान कानूनी ढांचा लागू करने का साहसिक निर्णय लिया है। यह कदम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 की भावना के अनुरूप है, जो राज्य को सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करने की दिशा में प्रयास करने का निर्देश देता है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल द्वारा प्रस्तुत इस विधेयक का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कानून के सामने सभी नागरिक समान हों, चाहे उनका धर्म, आस्था या परंपरा कुछ भी हो। लंबे समय से भारत में अलग-अलग धार्मिक समुदायों के लिए अलग-अलग व्यक्तिगत कानून लागू होते रहे हैं, जिनमें विवाह, तलाक और संपत्ति से जुड़े नियम भिन्न-भिन्न रहे हैं। इससे कई बार सामाजिक और कानूनी असमानताएं उत्पन्न होती रही हैं, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के संदर्भ में। यूसीसी इन असमानताओं को समाप्त करने की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है।

इस विधेयक की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह सार्वजनिक कानून के रूप में सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होगा। इसका मतलब यह है कि अब व्यक्तिगत मामलों में भी राज्य एक समान नियम लागू करेगा, जिससे कानून की व्याख्या और क्रियान्वयन में एकरूपता आएगी। विवाह का अनिवार्य पंजीकरण, तलाक के लिए समान प्रक्रिया, और उत्तराधिकार में पुत्र-पुत्री को समान अधिकार–ये सभी प्रावधान इस बात को स्पष्ट करते हैं कि कानून अब व्यक्ति की धार्मिक पहचान के बजाय उसकी नागरिक पहचान को प्राथमिकता देगा।

विधेयक में लिव-इन संबंधों को भी कानूनी दायरे में लाया गया है, जो आधुनिक समाज की बदलती वास्तविकताओं को स्वीकार करने का संकेत है। ऐसे संबंधों का एक महीने के भीतर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और विवादों की स्थिति में कानूनी संरक्षण उपलब्ध होगा। यह प्रावधान विशेष रूप से महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अनौपचारिक संबंधों में अक्सर महिलाएं कानूनी सुरक्षा से वंचित रह जाती थीं।

यूसीसी का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसमें बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब किसी भी विवाह को तभी वैध माना जाएगा, जब दोनों पक्षों में से किसी का कोई जीवित जीवनसाथी न हो। यह प्रावधान न केवल कानूनी स्पष्टता प्रदान करता है, बल्कि सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, विधेयक में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कोर्ट के बाहर लिए गए तलाक को मान्यता नहीं दी जाएगी, जिससे मनमाने और एकतरफा निर्णयों पर रोक लगेगी।

हालांकि यह कानून व्यापक रूप से लागू किया गया है, लेकिन अनुसूचित जनजातियों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है। यह निर्णय उनकी पारंपरिक जीवनशैली और सांस्कृतिक अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से लिया गया है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकार ने समानता और सांस्कृतिक विविधता के बीच संतुलन बनाए रखने की कोशिश की है। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने विधानसभा में चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि यह विधेयक किसी धर्म या आस्था के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह सामाजिक न्याय और समानता को सुनिश्चित करने का प्रयास है। उन्होंने यह भी बताया कि इस विधेयक को तैयार करने से पहले व्यापक जनपरामर्श किया गया, जिसमें लगभग 20 लाख सुझाव प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश सुझाव इस कानून के समर्थन में थे, जो यह दर्शाता है कि समाज में एक समान कानून की आवश्यकता को लेकर व्यापक सहमति बन रही है।

इस विधेयक के निर्माण में रंजना देसाई की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आधार बनाया गया है। यह तथ्य इस कानून को और अधिक विश्वसनीय बनाता है, क्योंकि इसमें न्यायिक दृष्टिकोण और विशेषज्ञता का समावेश है। समिति ने विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन कर यह सुनिश्चित किया कि कानून व्यावहारिक, न्यायसंगत और संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो।

यूसीसी के तहत नियमों के उल्लंघन पर सख्त दंड का प्रावधान भी किया गया है। पंजीकरण नहीं कराने पर जुर्माना, बहुविवाह या धोखाधड़ी के मामलों में कठोर सजा, और अवैध तलाक पर दंड–ये सभी प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि कानून केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि उसका प्रभावी क्रियान्वयन भी हो।

गुजरात का यह कदम राष्ट्रीय स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण संदेश देता है। यह दर्शाता है कि यदि राजनीतिक इच्छाशक्ति और सामाजिक सहमति हो, तो समान नागरिक संहिता जैसे जटिल विषय पर भी ठोस प्रगति की जा सकती है। आने वाले समय में यह मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन सकता है और देशव्यापी यूसीसी लागू करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है। अंततः, यह कहा जा सकता है कि गुजरात में पारित यूसीसी विधेयक भारतीय लोकतंत्र के विकास की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह कानून न केवल समानता और न्याय के सिद्धांतों को मजबूत करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि हर नागरिक को उसकी धार्मिक पहचान से परे एक समान कानूनी अधिकार मिले। यदि इसका प्रभावी क्रियान्वयन होता है, तो यह समाज में समरसता, न्याय और एकता को नई दिशा दे सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## तीन देशों का महायुद्ध और भारत के शांति प्रयासों की भूमिका

युद्ध कभी भी किसी भी परिस्थिति में वैश्विक विकास के लिए एक बड़ा अवरोध ऐतिहासिक रूप से साबित हुआ है। युद्ध किसी भी बात का विकल्प नहीं है। युद्ध,हिंसा और संघर्ष प्राचीन काल से मानवीय सभ्यता के लिए एक बड़ा खतरा साबित हुए हैं। इतिहास गवाह है कि कई देशों को युद्ध और हिंसा ने ही भूगोल से अदृश्य कर दिया है। तीन देशों इज़रायल, ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ा महायुद्ध आज केवल सीमाओं और सामरिक वर्चस्व का संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह समूची मानव सभ्यता के संतुलन को डगमगाने वाला एक भयावह वैश्विक संकट बन चुका है, इस युद्ध की जड़ें वर्षों से चले आ रहे वैचारिक मतभेदों, क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं और सामरिक गठबंधनों में छिपी रही हैं, जो अब खुलकर एक भीषण सैन्य टकराव का रूप ले चुकी हैं, इज़रायल की आक्रामक सैन्य रणनीतियाँ, ईरान की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भागीदारी ने इस संघर्ष को वैश्विक स्तर पर विस्तारित कर दिया है, इस महायुद्ध का सबसे अधिक दुष्प्रभाव मध्य पूर्व के देशों–इराक, सीरिया, लेबनान और यमन–पर पड़ रहा है जहाँ पहले से ही अस्थिरता और संघर्ष की स्थिति थी और अब यह युद्ध उनके लिए मानवीय संकट का रूप ले चुका है, इसके अतिरिक्त सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देश भी सुरक्षा और आर्थिक दबाव से जूझ रहे हैं, जबकि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश महँगाई और आपूर्ति संकट से गहराई से प्रभावित हो रहे हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था इस संघर्ष के कारण गंभीर संकट में फँस गई है, कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने परिवहन, उद्योग और दैनिक जीवन को महँगा बना दिया है, खाद्यान्न संकट ने गरीब देशों में भूख और कुपोषण का खतरा बढ़ा दिया है, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग असुरक्षित हो गए हैं, निवेशकों का विश्वास डगमगा रहा है और विश्व आर्थिक मंदी की आशंका गहराती जा रही है, जनजीवन पर इसका प्रभाव अत्यंत पीड़ादायक है, युद्धग्रस्त क्षेत्रों में लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी बनने को मजबूर हैं, लाखों बच्चों की शिक्षा बाधित हो चुकी है, अस्पतालों में संसाधनों की कमी ने जीवन को संकट में डाल दिया है, वहीं अन्य देशों में बेरोजगारी, महँगाई और मानसिक असुरक्षा का वातावरण गहराता जा रहा है, इस भीषण परिस्थिति में भारत ने शांति और संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, भारत ने सदैव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को अपनाते हुए संवाद और कूटनीति का मार्ग प्रशस्त किया है, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने लगातार युद्धविराम, शांतिपूर्ण समाधान और वार्ता की आवश्यकता पर बल दिया है, मानवीय सहायता के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुँचाने के प्रयास भी किए गए हैं और यह संदेश दिया गया है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, भारत की यह संतुलित और दूरदर्शी नीति वैश्विक शांति के लिए एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है, आज जब पूरा विश्व इस महायुद्ध के दुष्परिणामों से जूझ रहा है तब यह आवश्यक हो जाता है कि सभी राष्ट्र अपने संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठकर मानवता के व्यापक हित को प्राथमिकता दें और इज़रायल, ईरान तथा अमेरिका जैसे राष्ट्र संवाद, संयम और सहयोग का मार्ग अपनाएँ, क्योंकि अंततः युद्ध केवल विनाश, पीड़ा और असंतुलन की कहानी लिखता है, जबकि शांति ही वह मार्ग है जो विश्व को स्थिरता, समृद्धि और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ सकता है।

**संजीव ठाकुर**

## अशोक खरात मामले का सामाजिक विश्लेषण

महाराष्ट्र के नासिक में खुद को त्रिकालज्ञानी और अवतारी पुरुष बताने वाले कथित ढोंगी बाबा अशोक खरात उर्फ 'कैप्टन' की गिरफ्तारी की खबर सामने आई, तो पूरे देश में सनसनी फैल गई। यह केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं थी, बल्कि यह अंधविश्वास, सत्ता के दुरुपयोग और महिला शोषण के एक ऐसे गठजोड़ का पर्दाफाश था जिसने समाज की रीढ़ को हिला कर रख दिया। रिटायर्ड मर्चेंट नेवी अधिकारी से लेकर एक प्रभावशाली ज्योतिषी और आध्यात्मिक गुरु बनने तक का सफर तय करने वाले खरात ने अपने इस रूपांतरण का इस्तेमाल महिलाओं के यौन शोषण के लिए एक हथियार की तरह किया। नाशिक क्राइम ब्रांच ने 18 मार्च 2026 को सिन्नर तालुके के मिरगांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया, लेकिन इस कार्रवाई के पीछे की कहानी कई साल पुरानी थी। एक पीड़िता ने 2022 से 2025 तक के दौरान हुए उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस की नींद खुली और एक बड़े षड्यंत्र का भंडाफोड़ हुआ। इस मामले ने यह साबित कर दिया कि कैसे आध्यात्मिकता के नाम पर अंधविश्वास का व्यापार किया जाता है और कैसे कमजोर वर्ग, विशेषकर महिलाएं, इसका शिकार बनती हैं। खरात का तरीका बेहद सुनियोजित और खतरनाक था। उसने अपने आप को भगवान का अवतार और न्यूमेरोलॉजिस्ट के रूप में स्थापित किया था। श्री ईशानेश्वर महादेव ट्रस्ट का चेयरमैन बनकर उसने न केवल आम लोगों बल्कि सत्ता के गलियारों में भी अपनी पैठ बनाई थी। 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा ट्रस्ट का दौरा करना और गौशाला के लिए दान देना खरात के प्रभाव का जीवित उदाहरण था। हाई-प्रोफाइल नेता और व्यापारी हेलीकॉप्टर से उसके पास पहुंचते थे, जो उसके कद का अंदाजा लगाता है। लेकिन इस आध्यात्मिक चमक के पीछे एक काला सच छिपा था। खरात महिलाओं को 'योनि पूजा', 'संतान प्राप्ति' और 'पति की रक्षा' जैसे झूठे अनुष्ठानों के नाम पर अपने जाल में फंसाता था। इसका सबसे खतरनाक हथियार था 'ओश्नो जल'। यह कोई पवित्र जल नहीं बल्कि कफ सिरप, पानी और कुटी हुई वियाग्रा का मिश्रण था, जिसे पीने से महिलाओं में उत्तेजना और लत लग जाती थी। सामाजिक कार्यकर्ता अंजली दमानिया ने जब इसका राजफाश किया, तब तक खरात अपना साम्राज्य खड़ा कर चुका था। पुलिस की जांच में पाया गया कि इस नशीले पेय का इस्तेमाल महिलाओं को बेहोश या उत्तेजित करके उनके साथ शोषण करने के लिए किया जाता था, जिसके बाद उन्हें ब्लैकमेल किया जाता था।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने जो सबूत बरामद किए, वे चौंकाने वाले थे। मिरगांव फार्महाउस की तलाशी में 58 से लेकर 100 से अधिक अश्लील वीडियो क्लिप पेन ड्राइव में मिलीं, जिनका इस्तेमाल पीड़िताओं को ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता था। हिडन कैमरे, सीसीटीवी फुटेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए गए, जो इस बात का सबूत थे कि यह एक संगठित अपराध नेटवर्क था। इसके अलावा, पुलिस को वहां से पिस्तौल और कारतूस भी मिले, जो खरात के आपराधिक मनोबल को दर्शाते हैं। सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब संपत्ति के दस्तावेज सामने आए, जिनकी कुल कीमत 200 करोड़ रुपये से अधिक बताई गई। इसमें फार्महाउस, बंगला और जमीन शामिल थी। ?6.5 लाख नकद भी जब्त किया गया। ये आंकड़े बताते हैं कि अंधविश्वास के नाम पर कमाया गया धन कितना विशाल था और इसका जाल कितना गहरा था। पुलिस ने पाया कि ऑफिस में महिलाओं को मेज पर शोषण के वीडियो भी बनाए गए थे, जो मानवता को शर्मसार करने वाले थे। कानूनी कार्रवाई के मामले में इस बार पुलिस और प्रशासन सख्त नजर आया। खरात पर महाराष्ट्र ब्लैक मैजिक एक्ट 2013 की धारा 3(1) और 3(2) के तहत कार्रवाई की गई, जो मानव बलि और अमानवीय प्रथाओं को रोकने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 64(1) यानी बलात्कार, धारा 69 यानी धोखे से यौन संबंध, धारा 74 यानी महिला की गरिमा भंग और धारा 351 यानी आपराधिक धमकी के तहत मामले दर्ज किए गए। अब तक सरकारवाड़ा, वावी और शिरडी पुलिस स्टेशनों में कुल 6 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। नाशिक पुलिस की विशेष जांच टीम (SIT) का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व आईपीएस तेजस्विनी सतपुते ने किया। एसआईटी ने पीड़िताओं से संपर्क करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए, ताकि डर के मारे चुप बैठी अन्य महिलाएं भी आगे आ सकें। कोर्ट ने खरात की पुलिस कस्टडी 24 मार्च 2026 तक बढ़ा दी है, ताकि गहन पूछताछ की जा सके और नेटवर्क के अन्य सदस्यों का पता लगाया जा सके। इस मामले ने राजनीतिक गलियारों में भी भूचाल मचा दिया। महाराष्ट्र महिला आयोग की चेयरपर्सन रूपाली चाकणकर, जो एनसीपी से संबद्ध हैं, इस विवाद में घिर गईं। सामने आए एक वीडियो में वे खरात के पैर धोती हुई दिखीं, जिसे पारिवारिक श्रद्धा बताया गया, लेकिन विपक्ष ने इसे संरक्षण का सबूत माना। चाकणकर ने खरात के अपराधों से अपनी अनभिज्ञता जताई और व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर 19-20 मार्च 2026 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर यह इस्तीफा स्वीकार किया गया, लेकिन विपक्ष, विशेषकर शिवसेना (यूबीटी) और सुषमा अंधारे ने इस पर सवाल उठाए। उन्होंने खरात को संरक्षण देने, पीड़िताओं की दलाली करने और तंत्र-मंत्र के व्यापार में शामिल होने के आरोप लगाए तथा नार्को टेस्ट की मांग की। यह राजनीतिक विवाद इस बात का संकेत है कि कैसे ऐसे गॉडमैन राजनीतिक पार्टियों के लिए वोट बैंक या प्रभाव का साधन बन जाते हैं और जब पर्दा उठता है तो बड़े नेताओं की कुर्सी भी डगमगा जाती है। इस पूरे कांड का एक और संवेदनशील पहलू पितृत्व और डीएनए टेस्ट से जुड़ा है। खरात ने कई परिवारों को 'संतान प्राप्ति' का झूठा वादा दिया था, जिससे कई बच्चों के जन्म हुए। अब सवाल यह है कि इन बच्चों का वास्तविक पिता कौन है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 116 के तहत विवाहकालीन पैदा हुआ बच्चा पति का माना जाता है, जब तक कि गैर-पहुंच साबित न हो। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने 2025 में इवान रथिनम बनाम मिलन जोसेफ मामले में स्पष्ट किया है कि डीएनए टेस्ट रूटीन नहीं हो सकता। इसके लिए मजबूत प्राइमा फेसी सबूत जैसे धोखा या शोषण के सबूत होने चाहिए और कोर्ट के आदेश के बिना पति द्वारा टेस्ट कराना गोपनीयता के उल्लंघन के समान हो सकता है। इससे कानूनी पेचदांनियां खड़ी होती हैं, क्योंकि एक तरफ न्याय की मांग है तो दूसरी तरफ बच्चे की पहचान और मानसिक स्थिरता का सवाल। पैटरनिटी फ्रॉड से बच्चों और माताओं में डिप्रेशन और आइडेंटिटी क्राइसिस पैदा हो सकता है, इसलिए कोर्ट को काउंसलिंग को अनिवार्य करने की आवश्यकता है।

सामाजिक स्तर पर देखें तो यह मामला महाराष्ट्र में अंधविश्वास की जड़ों को उजागर करता है। खरात जैसे गॉडमैन पैसे और पावर के बल पर फलते-फूलते हैं। 'ओश्नो जल' जैसे नशीले पदार्थों का इस्तेमाल केवल शारीरिक उत्तेजना के लिए नहीं, बल्कि मानसिक अधीनता के लिए किया जाता था। महिलाओं को पति की मृत्यु का भय दिखाकर या हिप्नोसिस के जरिए शोषित किया गया, जिससे उन्हें पीटीएसडी जैसी मानसिक चोटें लगीं। अंजली दमानिया जैसे कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह राज खुला, लेकिन यह सिस्टम की कमजोरी भी दिखाता है कि इतने बड़े पैमाने पर अपराध होते रहे और पुलिस या प्रशासन की आंखें क्यों खुलीं। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में सभी दोषियों को सजा का वादा किया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल खरात को सजा मिलने से काम चल जाएगा या इसके पीछे के गिरोह और संरक्षणकर्ताओं तक भी जांच पहुंचेगी। अंततः, यह स्कैंडल महाराष्ट्र के लिए एक कलंक बनकर उभरा है। बाबा गिरफ्तार हुआ, चेयरपर्सन ने इस्तीफा दिया, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी है। सैकड़ों पीड़िताएं अभी भी डर के मारे चुप हैं। एसआईटी को सख्ती बरतनी होगी ताकि न्याय मिल सके। सरकार को पीड़िताओं के लिए काउंसलिंग सेंटर और कानूनी सहायता प्रदान करनी चाहिए। समाज को भी अंधविश्वास छोड़कर विज्ञान और तर्क को अपनाना होगा। डीएनए और कानून की जटिलताओं के बीच संवेदनशीलता बनाए रखना जरूरी है ताकि पीड़ितों पर दोबारा अत्याचार न हो। सच कड़वा हो सकता है, लेकिन इसके बिना न्याय असंभव है। यदि समाज को बचाना है, तो ऐसे संगठित अपराधों के खिलाफ जागरूकता फैलानी होगी और यह सुनिश्चित करना होगा कि आध्यात्मिकता के नाम पर किसी का शोषण न हो। खरात का मामला एक चेतावनी है कि सत्ता और अंधविश्वास का गठजोड़ कितना विनाशकारी हो सकता है, और इसे तोड़ने के लिए कानून, समाज और प्रशासन को एकजुट होना होगा।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के थाना खामपार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना खामपार पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 08/2026 धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस व धारा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त सलमान अली को पुलिस ने सिटकिया रोड पर चफवा कला मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इस मामले से संबंधित पीड़िता को 22 मार्च 2026 को सकुशल बरामद किया जा चुका है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक देवेन्द्र प्रताप, हेड कांस्टेबल अजय कुमार भारती व कांस्टेबल सुनील गुप्ता शामिल रहे।

### मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**देवरिया।** मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत जनपद के सभी थानों की पुलिस टीमों द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर महिला सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने डायल-112, महिला हेल्पलाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, सीएम हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस सेवा-108 और साइबर हेल्पलाइन-1930 के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया।

### नवारम्भ उत्सव : नवचेतना का मंगलारम्भ



**मनकापुर गोण्डा–** नव शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ के पावन अवसर पर कंपोजिट विद्यालय चन्द्रदीप घाट शिक्षा क्षेत्र बभनजोत में आयोजित 'नवारम्भ उत्सव' अत्यंत गरिमामय, सुसंस्कृत एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।जहाँ ग्राम प्रधान एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में उनके करकमलों द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। जो ज्ञानदीप के प्रज्वलन का प्रतीकात्मक एवं प्रेरणादायी क्षण सिद्ध हुआ। उद्घाटन उपरांत विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के समक्ष श्रद्धा एवं भक्ति के साथ पूजन-अर्चन किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं पवित्रता से आलोकित हो उठा तथा बालकों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ की गई।तत्पश्चात् नन्हे-मुन्ने बच्चों का तिलक लगाकर स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे उनके कोमल मनों में विद्यालय के प्रति अपनत्व एवं उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान एवं अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्थाओं विशेषतः पुस्तकालय एवं कंप्यूटर कक्ष का अवलोकन कराया गया, जिससे उनके मन में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रति विश्वास और संतोष की भावना दृढ़ हुई।इस अवसर पर ग्राम प्रधान अंबिका प्रसाद वर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापक दिग्विजय सिंह, शिव शंकर कुमार, हरिशचंद्र गुप्ता समेत तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

### ढलाई मशीन मे बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर स्थिति गंभीर

चेतना प्रतिनिधि रामलक्षन

देवरिया।रुद्रपुर गौरी बाजार मुख्य मार्ग पर अवधपुर चौराहे के समीप बुधवार को ढलाई मशीन की ठोकर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया तत्काल लोग उपचार के लिए गौरी बाज़ार सीएचसी लाए ,जहा हालत गंभीर देख चिकित्सक ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर किया है। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवा का रहने वाला 17 वर्षीय प्रिंस पुत्र निरंजन निषाद बाइक से रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेलकुंडा किसी कार्य वश आया था शाम को घर वापस जाते समय अवधपुर चौराहे के पास ढलाई मशीन चालक अपने गाड़ी पीछे कर रहा था इसी दौरान बाइक सवार युवक वाहन से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया , जिससे उसे गंभीर चोटे आयी है हालत अति गंभीर है मेडिकल कालेज देवरिया में उपचार चल रहा है।

# जनपद में डीजल एवं पेट्रोल कि नहीं है कोई कमी, पर्याप्त मात्रा में है डीजल एवं पेट्रोल की उपलब्धता

**●जनपद के समस्त पेट्रोल पंप एसोसिएशन एवं पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों के साथ की गई बैठक दिए गए आवश्यक निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। जिलाधिकारी, गोण्डा प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार ने की, जिसमें आनंद कुमार राय (पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी) तथा कुँवर दिनेश प्रताप सिंह (जिला पूर्ति अधिकारी) सहित जनपद के समस्त पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि एवं पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर तथा प्रबंधक उपस्थित रहे।बैठक में Indian Oil Corporation Limited, Bharat Petroleum Corporation Limited ÌÍæ Hindustan Petroleum Corporation Limited के सेल्स ऑफिसर्स के साथ विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही, पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुसार ही पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें।अपर जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद में पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी तेल कंपनियों के पास पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है तथा उसकी आपूर्ति भी नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर अफवाहें फैलाकर आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न की जा रही है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति या समूह ईंधन की कमी को लेकर भ्रामक सूचना फैलाता हुआ पाया गया, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से ईंधन उपलब्ध कराएं तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता से बचें।जनपद वासियों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। प्रशासन द्वारा स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।बैठक के दौरान एआरओ शिव प्रकाश जनपद के समस्त पूर्ति निरीक्षक तथा पेट्रोल व डीजल पम्प प्रोपराइटर एवं प्रबंधकों सहित अन्य सभी संबंधित आधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संचारी रोग अभियान को लेकर हुई बैठक



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक के रतनपुर सभागार कक्ष में बुद्धवार को बीडीओ अमित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संचारी रोग दस्तक अभियान को लेकर एक जागरुकता बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्वास्थ्य कर्मी, ग्राम प्रधान, सचिव व सफाईकर्मी शामिल रहे। जागरुकता बैठक में रोस्टर के अनुसार सफाई कार्य, जन जागरुकता, नालों के पास साफ-सफाई तथा झाडियों की कटाई आदि मुद्दों पर जागरूक किया गया। इस दौरान एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, सीएम फेलो विजय कुमार मिश्र, बीपीएम हरिनाथ यादव, बीसीपीएम मुदिता त्रिपाठी सहित तमाम ग्राम प्रधान, सचिव व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## डीजल-पेट्रोल की कमी व दाम बढने की अफवाह पर पेट्रोल पंप पर लगी भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर बुधवार को अचानक भीड़ बढ़ने लगी। ग्रामीण क्षेत्र व कस्बों में अफवाह फैल गया कि पेट्रोल व डीजल खत्म होने वाला है तथा इसके दामों में भी भारी बढ़ोतरी होने वाली है। इस अफवाह को आम होते ही पेट्रोल पंपों पर लोगों की लम्बी कतार लगने लगी। इस दौरान कुछ लोग नियमों का उलंघन करते हुए गैलन और डब्बे लेकर पेट्रोल लेने के लिए पंपों पर पहुंचे। ऐसे में पेट्रोल पंप संचालकों ने नियमों का पालन करते हुए गैलन व डब्बे में पेट्रोल देने से इंकार कर दिया। वहीं परसामलिक थाना क्षेत्र में कुल तीन पेट्रोल पंप संचालित है, लेकिन बीते दो दिनों से क्षेत्र के दो पेट्रोल पंप पर डीजल-पेट्रोल नहीं होने के कारण बंद पड़ा है। वहीं सेखुआनी स्थित किसान सेवा केन्द्र इंडियन ऑयल पर डीजल-पेट्रोल की उपलब्धता होने के कारण बुधवार की सुबह अचानक भीड़ जुट गई। वहीं सोनौली कोतवाली क्षेत्र के परसासुमाली टोला नौडिहवा में भी डीजल-पेट्रोल के लिए लोगों की भीड़ लगी रही जहां नियमानुसार लोगों को डीजल-पेट्रोल उपलब्ध करवाया गया। वहीं सेखुआनी स्थित किसान सेवा केन्द्र इंडियन ऑयल के प्रोपराइटर अनुपम पाण्डेय ने ग्राहकों से अनुरोध करते हुए कहा कि पंपों पर पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक भंडारण से बचें। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी एपी सिंह का कहना है कि जिले में डीजल-पेट्रोल की पर्याप्त स्टाक मौजूद है ऐसे में किसी भी प्रकार की अफवाह व भंडारण से बचें। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्घटना में घायल युवक का ईलाज के दौरान मौत

**● दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था मृतक संदीप पासवान, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित पेड़ारी चौराहे से करीब 300 मीटर पूरब बीते 18 मार्च की देर शाम दो बाइकों के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में थाना क्षेत्र के चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। सभी घायलों को रतनपुर सीएचसी में भर्ती करवाया गया था जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। वहीं परिजनों द्वारा थाना क्षेत्र के शिवपुरी निवासी पिता-पुत्र ग्यासुद्दीन पुत्र नसरूल्लाह (45) व अरजुल्लाह पुत्र नसरूल्लाह (16) का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था जहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर दोनों को नौगढ़ स्थित एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां दोनों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। वहीं थाना क्षेत्र के रेहरा गांव निवासी शाहिद अली पुत्र अकबर अली (18) व संदीप पासवान पुत्र गंगा पासवान (18) को नेपाल के पकलिहवा (भैरहवा) में इलाज चल रहा था। जहां दोनों जिन्दगी और मौत से जूझ रहे थे। इसी बीच मंगलवार की रात रेहरा निवासी संदीप पासवान का इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं संदीप पासवान के मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**दो भाईयों में सबसे बड़ा था मृतक संदीप**

मृतक संदीप पासवान दो भाई व एक बहन में सबसे बड़ा था। मृतक के पिता गंगा पासवान रोजी-रोटी के लिए विदेश के सऊदी अरब में कमाने गए हैं। पुत्र की मौत की खबर से पिता बदहवास हो गया है। वहीं मृतक की मां संगीता देवी व छोटी बहन सिंकला पासवान व छोटा भाई अंकेश पासवान का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सड़क हादसा, युवक का सिर धड़ से अलग

**अज्ञात ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मारी, मौके पर मौत**

**सुल्तानपुर –** बुधवार शाम लखनऊ-बलिया हाइवे पर एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक देवेश कुमार (40) की मौत हो गई। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के पदारथपुर उपाध्याय के पास अज्ञात ट्रेलर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। जानकारी के अनुसार, कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर नमाजगढ़ निवासी देवेश कुमार (40 वर्ष) पुत्र जीतलाल बुधवार शाम अपनी बाइक से सुल्तानपुर की ओर जा रहे थे। जब वे पदारथपुर उपाध्याय स्थित मोड़ के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से देवेश सड़क पर गिर गए और ट्रेलर चालक उनके सिर के ऊपर से पहिया चढ़ाकर फरार हो गया। मृतक की पहचान जेब में मिले आधार कार्ड से हुई। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कादीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## मदरसा के अध्यापक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**●अध्यापक पर लगा युवती का आपत्तिजनक विडियो व फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ गांव में स्थित मान्यता प्राप्त मदरसा का कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व युवती का आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगा है। मामले में युवती के भाई ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं शिकायती पत्र पाकर पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित मान्यता प्राप्त मदरसा का कार्यवाहक प्रधानाचार्य पर उक्त गांव निवासी एक युवती पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। आरोप है कि मदरसे का कार्यवाहक प्रधानाचार्य आपत्तिजनक वीडियो बनाया फिर युवती को ब्लैकमेल करते हुए सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोप है कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य की पत्नी ने भी युवती के भाई के मोबाइल पर आपत्तिजनक फोटो भेजी। वहीं पीड़ित युवती के भाई ने मामले की जानकारी देते हुए स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। वहीं मामले में पुलिस शिकायती पत्र पाकर जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## अध्यात्म और विज्ञान के समन्वय से होगा जल संरक्षण : प्राचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नेमवि तुलसी सभागार में कृषि संकाय के तत्वावधान में वैदिक काल से आधुनिक युग तक जल प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती का पूजन कर कहा कि वर्तमान समय में जल संरक्षण और भूजल प्रबंधन वैश्विक चुनौती बन गया है। ऐसे में वैदिक ज्ञान परंपरा और आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों का समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारतीय वैदिक साहित्य में जल को जीवन का मूल तत्व माना गया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में जल संरक्षण के अनेक वैज्ञानिक और व्यावहारिक सिद्धांत मिलते हैं, जिनका आधुनिक संदर्भ में अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को आप कहकर देवतुल्य माना गया है। उन्होंने बताया कि वैदिक ग्रंथों में जल संरक्षण और उसके शुद्ध उपयोग के अनेक निर्देश मिलते हैं, जो आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि यदि समाज वैदिक मूल्यों को अपनाए तो जल संकट जैसी समस्याओं का समाधान संभव है। विशिष्ट वक्ता प्रशान्त दीक्षित ने कहा कि भूजल का अत्यधिक दोहन भविष्य के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता है। इसलिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सतत जल प्रबंधन की रणनीतियाँ विकसित करना आवश्यक है। डा लक्ष्मीकांत मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण केवल वैज्ञानिकों या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति जागरूक होना होगा। डा राजीव निरंजन ने कहा कि विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों को जल प्रबंधन के क्षेत्र में नवाचार और शोध को बढ़ावा देना चाहिए। संगोष्ठी में प्रो.डा.आशा साहू, प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.हरिश्चन्द्र दीक्षित, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.ओ.पी. चौधरी, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.सुभाष जैन, डा.पराग कुमार, डा.सूबेदार यादव, डा.सन्दीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रो.आशा साहू ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन डा.अनूप दीक्षित ने किया।

## घण्टाघर स्थित चाय-गुटखा दुकान में चोरी

**पन्द्रह हजार का सामान चोरी होने का आरोप**

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर इलाके में एक चाय, गुटखा व सिगरेट की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने थाना कोतवाली में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, बड़ापुरा निवासी मनीराम पुत्र फक्तू की घंटाघर पर छोटी सी चाय, गुटखा व सिगरेट की दुकान है, जिससे वह अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। मनीराम ने बताया कि 25 मार्च 2026 की सुबह करीब 5 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचा, तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए थे। दुकान के अंदर जांच करने पर गुटखा, सिगरेट समेत अन्य सामान गायब मिला। पीड़ित के अनुसार चोरी गए सामान की कीमत लगभग 15 हजार रुपये है। घटना के बाद उसने आसपास खोजबीन की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित ने थाना कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फुलवारी पब्लिक स्कूल में ईवोरा EVORA- दीक्षांत समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोंडा।** दिनांक 25 मार्च 2026 को फुलवारी पब्लिक स्कूल में ''ईवोरा' नामक भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। 'ईवोरा' का अर्थ है – नई शुरुआत, उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होना तथा जीवन के एक महत्वपूर्ण चरण से दूसरे चरण में प्रवेश करना। यह नाम विद्यार्थियों के जीवन में आगे बढ़ने और नई ऊँचाइयों को छूने की प्रेरणा का प्रतीक रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के प्रो. आर. बी. बघेल सर ,गोंडा के क्रीड़ा अधिकारी श्री अशोक सोनकर जी, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह जी, पुनीता मिश्रा जी, तृषा पैथालॉजी के संस्थापक डॉ. राकेश सिंह जी विद्यालय के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह जी और मालती सिंह जी, विद्यालय की प्रबंधिका नीता सिंह जी ने मां सरस्वती को माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर की। इसके पश्चात सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।जिसे विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कई गणमान्य मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की शोभा और भी बढ़ गई।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह ने अपने प्रेरणादायी अभिभाषण में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें भविष्य की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर विशेष बल दिया।इस सफल आयोजन के पीछे विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कठिन परिश्रम एवं समर्पण के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

## सिद्धार्थनगर में दर्दनाक हादसा, तालाब में एक साथ डूबे दो किशोरों की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर–** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के डोकम अमया गांव में दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई । बुधवार दिन में डोकम अमया गांव के शाहिल रजा( 14 )पुत्र सहारत रजा व अंशारु रजा ( 12 )पुत्र महीशुद्दीन दोनों बालक गांव के पश्चिम प्राथमिक विद्यालय के पास सगरा तालाब में चूल्हे के लिए मिट्टी निकालने गए कि अचानक फिसलने से गहरे पानी में चले गए,जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। काफी देर हो गई जब दोनों बालक घर नहीं पहुंचे तो स्वजनों ने उन्हें तलाशना शुरू कर दिया, जहां दोनों मिट्टी का चूल्हा बनाने के लिए मिट्टी निकालने के लिए गए थे उस तालाब के पास तो वहां दोनों बच्चे नहीं मिलें तब ग्रामीणों ने तालाब में तलाशना शुरू किया दोनों बालक मृत हालत मिलें , बच्चों के डूबने से हुई मौत से गांव में मातम पसर गया ।

बच्चों की मृत्यु की सूचना पर इटवा विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने पहुंच कर परिवार वालों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव का मदद का भरोसा दिलाया। इस संबंध में त्रिलोकपुर थाना के उपनिरीक्षक शिवनरायण सिंह का कहना है की डोकम अमया गांव में दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हुई है इसकी जानकारी है मामले की जांच की जा रही है।

## गुमड़ी-रेहराबाजार-सादुल्लानगर मार्ग का चौड़ीकरण शुरू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रेहरा बाजार।** गुमड़ी-रेहराबाजार-सादुल्लानगर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य शुरू हो गया है। नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ-3 योजना के तहत 43 करोड़ 77 लाख 17 हजार रुपये की लागत से 15.87 किलोमीटर लंबा मार्ग बनेगा। इस सड़क की चौड़ाई सात मीटर की जाएगी। निर्माण कार्य के लिए पहली किस्त के रूप में 12 करोड़ 51 लाख 45 हजार रुपये कार्यदायी संस्था को जारी कर दिए गए हैं।इस मार्ग के चौड़ीकरण की मांग क्षेत्रीय जनता लंबे समय से कर रही थी। स्थानीय विधायक रामप्रताप वर्मा के प्रयासों के बाद अब निर्माण कार्य शुरू हो सका है। यह सड़क मनकापुर-उतरौला मार्ग, मनकापुर-गौराचौकी मार्ग और उतरौला-धानेपुर मार्ग को आपस में जोड़ती है। विधायक रामप्रताप वर्मा ने बताया कि जनता लंबे समय से सड़क के चौड़ीकरण की मांग कर रही थी। अब निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है।जाम से मिलेगी राहतक्षेत्र के रामकुमार ने बताया कि यह मार्ग गोंडा और बलरामपुर जनपदों को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। इस पर भारी वाहनों का दबाव अधिक रहता है। संकरी सड़क के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। चौड़ीकरण के बाद यातायात सुगम होगा और क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।81 ग्राम पंचायतों के साढ़े चार लाख लोगों को मिलेगा लाभमार्ग के चौड़ीकरण से विकास खंड की 81 ग्राम पंचायतों की लगभग 4 लाख 50 हजार आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। इस सड़क से नया नगर, बैरिया सुर्जनपुर, बूधीपुर, घोघरा, दुलारा, बंदरिया हुसैन, अचलपुर रूप, महुआ, सराय खास, सहजौरा, दतलूपुर, बिशम्भरपुर, बिशुनपुर खरहना, अचलपुर चौधरी, सादुल्लानगर, मद्दोघाट, मुबारकपुर, पिपराग्रंट, गूमाफातिमाजोत, लौकिया ताहिर, जखौली, जिगनी, रंकी बदलपुर, नेवादा, रामपुर अरना, सलेमपुर समेत कई गांव जुड़े हैं।

## तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथियां घोषित


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** तहसील बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक बुधबार को तहसील सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रूपसिंह बुन्देला एडवोकेट ने की। बैठक में सर्वसम्मति से बार एसोसिएशन के चुनाव शीघ्र कराए जाने का निर्णय लिया गया।

चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए एल्डर्स कमेटी का गठन किया गया है। इसमें रूपसिंह बुन्देला एडवोकेट, रमेश कुमार सिंह राजपूत एडवोकेट, मनोहरलाल शर्मा एडवोकेट, विनोद कुमार अवस्थी एडवोकेट, भगवानदास गुप्ता एडवोकेट तथा हरीराम राजपूत एडवोकेट को शामिल किया गया है। समिति को 15 अप्रैल 2026 तक पूरी चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एल्डर्स कमेटी द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार 25 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जबकि 26 मार्च को चुनाव से संबंधित दस्तावेज एवं नामांकन पत्र तैयार किए जाएंगे। 28 व 30 मार्च को नामांकन फार्मों की बिक्री होगी। 6 और 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सभी पदों के लिए नामांकन दाखिल किए जाएंगे। 8 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक नामांकन पत्रों की आपत्ति एवं जांच होगी। 9 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी तथा उसी दिन शाम 5 बजे तक प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 15 अप्रैल को आवश्यकतानुसार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद मतगणना कर विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। एल्डर्स कमेटी ने सभी अधिवक्ताओं से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव प्रक्रिया में सहभागिता करने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### सर! 'मेरे पिता मर गए थे और मां किसी तरह पढ़ा रही है, बस पास कर दीजिए; कॉपियों में अजब-गजब गुहार



**फिरोजाबाद।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं में परीक्षार्थियों द्वारा उल्टा-सीधा लिखने का सिलसिला बना हुआ है। हाईस्कूल के गणित की उत्तर पुस्तिका के एक परीक्षार्थी ने लिखा था- सर जी मुझे पास कर दीजिए। घर का बड़ा बेटा हूं। मेरे ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है। इंटरमीडिएट के एक परीक्षार्थी ने लिखा था- मेरे पिता कुछ महीने पहले मर गए थे, मेरी मां मुझे किसी तरह पढ़ा रही है। पास होने लायक नंबर दे दीजिए।

**हाईस्कूल के गणित की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो गया समाप्त**

जिले के चार केंद्रों पर मंगलवार को उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के दौरान हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कई उत्तर पुस्तिकाओं पर परीक्षार्थियों द्वारा इस तरह लिखी बातें मिलीं। विज्ञान और गणित की उत्तर पुस्तिकाओं में कई परीक्षार्थियों ने सवालों के उत्तर लिखने की बजाय प्रश्न ही उतार दिए थे। मंगलवार को हाईस्कूल के गणित विषय की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समाप्त हो गया। डीआइओएस कार्यालय के अनुसार हाईस्कूल की 24860 और इंटरमीडिएट की 33439 पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। कुल 2094 परीक्षकों के सापेक्ष 1250 परीक्षक ही उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने केंद्रों पर पहुंचे।

### नाम के साथ बदला पेशा भी, 17 साल से पहचान बदलकर छिपा शिकोहाबाद डकैती का आरोपी गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के मोहल्ला बड़ा बाजार में वर्ष 2009 में हुई डकैती के मामले में फरार आरोपित को पुलिस ने 17 वर्षों बाद गिरफ्तार किया है। वह फरीदाबाद में छिपा हुआ था। उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था।

**वर्ष 2009 में शिकोहाबाद के बड़ा बाजार में डाली थी डकैती**

सीओ शिकोहाबाद अमरीश कुमार ने बताया कि बड़ा बाजार निवासी भगवानदास के घर आठ बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। बदमाश आभूषण और नकदी के साथ डबल बैरल बंदूक भी ले गए थे। मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सात बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन उनमें से इटावा, कोतवाली के दरी मोहल्ला निवासी मुन्ना उर्फ राजू हाथ नहीं हो गया। कुर्की की कार्रवाई के बाद उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। एसएसपी सौरभ दीक्षित ने उसकी गिरफ्तारी के लिए एसओजी प्रभारी प्रेमशंकर पांडेय और सर्विलांस प्रभारी मुकेश कुमार को लगाया गया था। मंगलवार देर शाम आरोपित अपने पहचान के व्यक्ति से मिलने के लिए शिकोहाबाद आया था। तभी पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। इंस्पेक्टर अनुज राणा ने बताया कि वह फरीदाबाद में राजू नाम से पहचान बदलकर छिपा हुआ था। जहां वह बिजली मिस्त्री का काम करता था।

### आखिर किसकी लापरवाही? बरेली के व्यस्त बस स्टैंड पर महीनों से खुला था मौत का द्वार, अब जागा प्रशासन

**बरेली।** शहर के सेटेलाइट बस स्टैंड से हर दिन हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। बस स्टैंड परिसर में बने नाले का करीब पांच फीट चौड़ा हिस्सा लंबे समय से खुला रहा और जिम्मेदार आँखें मूँद रहे। सुरक्षात्मक प्रबंध के नाम पर सिर्फ़ सीमेंट की बैरियर लगाये गए थे। कहा जा रहा है कि सीमेंट के बैरियर लगे होने के बाद भी व्यक्ति नाले में गिरा और उठ नहीं पाया। प्रकरण की गंभीरता को देखते नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, एडीएम संतोष सिंह, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, एसपी सिटी मानुष पारिक समेत अन्य पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और दो बुलडोजर, एक पोकलैंड और अन्य मशीनों से नाले की सफाई के साथ हिस्सा तोड़ते हुए नाले में गिरे व्यक्ति की खोजबीन की जाती रही। कहा जा रहा है कि जिस जगह नाला खुला है वह रोडवेज बस स्टैंड का परिसर है। नाले की समय-समय पर सफ़ाई के लिए तिराहे पर पांच फीट का हिस्सा खुला रखा गया था और उसके चारों ओर सीमेंटेड बैरियर (जर्सी बैरियर) लगाया गया था जो की इस घटना के बाद नाकाफ़ी साबित हुआ।

# बनकटी में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नवदंपत्तियों को मिला सहयोग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के बनकटी ब्लॉक सभागार कक्ष में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी की शुरुआत के लिए आवश्यक सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में बीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल, एडीओ पंचायत आशुतोष पटेल तथा समाज कल्याण अधिकारी राजन चौधरी की उपस्थिति में लाभार्थियों को गैस चूल्हा, मिक्सर मशीन और कैसरोल वितरित किया गया। अधिकारियों ने स्वयं नवदंपत्तियों को सामग्री देकर उन्हें नए जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बीडीओ भवानी प्रसाद शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को विवाह के दौरान आर्थिक सहायता के साथ-साथ उपयोगी घरेलू सामग्री उपलब्ध कराई जाती है, जिससे उनका जीवन सुगम बन सके।

एडीओ पंचायत आशुतोष पटेल ने कहा कि सरकार की मंशा है कि समाज के हर वर्ग को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिले और इस योजना के जरिए जरूरतमंदों को सहयोग मिल रहा है। वहीं समाज कल्याण अधिकारी राजन चौधरी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पात्र लाभार्थियों को पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लाभार्थी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभी ने सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना की सराहना करते हुए इसे गरीबों के लिए सहायक बताया।

### मत्स्य पालन का पट्टा लेकर बना दिया 'आईलैंड', लोग शुल्क देकर मनाने आते थे पिकनिक; गरजा बुलडोजर

**फतेहपुर (बाराबंकी)।** तहसील प्रशासन ने मंगलवार को सैंदर के चूलिहापुर स्थित तालाब की भूमि पर अवैध रूप से संचालित 'एक्वा पाम आईलैंड' को आंशिक रूप से खाली कराया। तालाब की भूमि पर बने टापू पर कब्जा जमाए लोगों को अपना सामान समेटने के लिए दो दिन का समय दिया गया। तालाब को भूमि प्रबंधन समिति सैंदर की सिपुर्दगी में दिया गया है। करीब दो वर्ष से चल रहे इस आईलैंड पर इतने दिनों बाद हुई कार्रवाई ने कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं। घुंघटेर के सैंदर चूलिहापुर में करीब दो सौ बीघे में स्थित तालाब का पट्टा मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड खिंझना के शिवराज रावत के नाम मत्स्य पालन के लिए किया गया था। यह पट्टा एक अगस्त 2022 से 21 जुलाई 2032 तक की अवधि के लिए हुआ था। पट्टा मत्स्य पालन के लिए हुआ था, लेकिन तालाब की भूमि पर टापू, रेस्टोरेंट, वाटर बोटिंग, पार्क, आकर्षक झोपड़ियां सहित अन्य मनोरंजन के स्रोत स्थापित कर दिए गए। लोगों की माने तो इस आईलैंड में प्रवेश के लिए सौ रुपये प्रति व्यक्ति शुल्क वसूला जाता था और दूर-दराज से लोग यहां पिकनिक मनाने आते थे। सवाल यह भी है कि बिना मजबूत संरक्षण के इतना बड़ा अवैध खेल कैसे संभव हुआ।

# बस रोककर बस कंडक्टर से मारपीट, जान से मारने की धमकी

● **अयोध्या- लखनऊ मार्ग पर दबंगों का आतंक, पीड़ित ने की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अयोध्या!** अयोध्या जनपद से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां दबंगों द्वारा एक बस यात्री के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार, अयोध्या जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति, जो रोजी-रोटी के सिलसिले में अंबेडकर नगर से लखनऊ आता जाता था। बताया गया कि बस जब कनकपुर-झगरौली बाजार से करीब 500 मीटर पहले पहुंची, तभी पहले से घात लगाए तीन नामजद आरोपियों और तीन अज्ञात लोगों ने बस रुकवा ली। आरोप है कि हमलावरों ने खुद को सवारी बताकर बस रुकवाई और जैसे ही बस रुकी, वे लोहे की रॉड और डंडों के साथ चढ़ गए।

पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने बस के आगे और पीछे के शीशे तोड़ दिए और उसके साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए कहा कि 'अगर इस रास्ते पर दोबारा बस चलाने की कोशिश की तो अंजाम बुरा होगा।' घटना में पीड़ित को शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए भेजा गया। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुक़दमा पंजीकृत कर लिया गया है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


# आगरा: 500 करोड़ के बैनामों की जानकारी छिपाने पर आयकर विभाग का शिकंजा

● **आयकर विभाग को 500 करोड़ के बैनामों की जानकारी नहीं मिली**

● **एत्मादपुर उपनिबंधक कार्यालय में जांच के दौरान खामियां उजागर हुईं**

● **विभाग ने 15-20 दिन में सुधार के लिए नोटिस जारी किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**आगरा।** उपनिबंधक कार्यालयों द्वारा आयकर विभाग को बैनामों की जानकारी नहीं दिए जाने से कर चोरी बढ़ रही है। आयकर विभाग द्वारा एत्मादपुर में उपनिबंधक कार्यालय में की गई जांच में यह सामने आया है कि करीब 500 करोड़ रुपये के बैनामों की जानकारी विभाग को उपलब्ध नहीं कराई गई थी। आयकर विभाग ने उपनिबंधक को बैनामों की खामियां 15-20 दिन में दूर करने को नोटिस जारी किया है। जांच के बाद विभाग द्वारा संपत्ति में निवेश की जानकारी आयकर रिटर्न में छिपाने वालों को नोटिस जारी किए जाएंगे।

**विभाग ने सोमवार को की थी एत्मादपुर में उपनिबंधक कार्यालय में जांच**

आयकर विभाग की टीम ने सोमवार को एत्मादपुर तहसील में उपनिबंधक दर्शना जैन के कार्यालय में जांच की थी। टीम ने वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2024-2025 की अवधि में हुए बैनामों की जांच की। इनमें यह तथ्य सामने आया कि बैनामों में पैन नंबर नहीं लगाया गया था। सौदों में 20 हजार रुपये से अधिक का लेन-देन भी किया गया था।

**उपनिबंधक को 15-20 दिन में खामियों को दूर करने के लिए नोटिस दिया**

उपनिबंधक कार्यालय द्वारा विभाग को 30 लाख रुपये से अधिक के बैनामों की भी पूरी जानकारी नहीं दी जा रही थी। इसके साथ ही स्टांप चोरी में जुर्माना के मामलों की भी जानकारी नहीं दी गई थी। विभागीय टीम जांच के लिए रिकार्ड अपने साथ लेकर आई है। उपनिबंधक को भी अन्य रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा गया है। आयकर विभाग का अनुमान है कि करीब 500 करोड़ रुपये के बैनामों की जानकारी विभाग को उपलब्ध नहीं कराई गई।

**कानपुर से होती है जुर्माना की कार्रवाई**

आयकर विभाग ने इससे पूर्व किरावली तहसील में उपनिबंधक कार्यालय, सदर तहसील में उपनिबंधक द्वितीय व पंचम के कार्यालयों में जांच की थी। वहां से भी सैकड़ों करोड़ रुपये के बैनामों की जानकारी विभाग को नहीं दी गई थी।

आयकर विभाग द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बाद उपनिबंधक कार्यालयों ने विभाग द्वारा बताई गई खामियों को दूर किया है। कुछ का अनुपालन नहीं हो सका है। उपनिबंधकों द्वारा बैनामों की सही जानकारी नहीं दिए जाने पर आयकर विभाग के कानपुर कार्यालय को रिपोर्ट भेजी जाती है।

# परिक्रमा पथ के निर्माण की आड़ में पेड़ों की अवैध कटान जारी, जिम्मेदार मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मिल्कीपुर, अयोध्या** 84 कोसी परिक्रमा पथ के नाम पर इन दिनों क्षेत्र में हरियाली की 'विदाई यात्रा' निकलती दिखाई दे रही है। हरे-भरे, छायादार और वर्षों पुराने पेड़ों पर कुल्हाड़ी कुछ इस तेजी से चल रही है मानो विकास की गाड़ी को सबसे बड़ा खतरा इन्हीं से हो। बीकापुर-इनायतनगर-रेवतीगंज संपर्क मार्ग के किनारे लगे आम, महुआ, शीशम और अर्जुन जैसे पेड़, जो कभी राहगीरों को राहत देते थे, अब खुद ही राहत की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं। स्थानीय लोग हैरान हैं कि जिस परिक्रमा पथ का हवाला देकर यह कटान हो रही है, वह कई जगहों पर इन पेड़ों के आसपास से गुजरता तक नहीं दिखता। फिर भी पेड़ों की 'बलि' जारी है।

ग्रामीणों का कहना है कि परिक्रमा पथ तो अपनी जगह है, लेकिन कुल्हाड़ी अपनी मर्जी से चल रही है। खासकर ग्राम पंचायत घुरेहटा के राम गोबिंद के पुरवा से रुइहन पुरवा मोड़ तक तो ऐसा लग रहा है जैसे पेड़ों के खिलाफ कोई विशेष अभियान चलाया जा रहा हो। सबसे दिलचस्प बात यह है कि जहां-जहां पेड़ कट रहे हैं, वहां से परिक्रमा पथ सैकड़ों मीटर दूर है। यानी रास्ता कहीं और, और सफाया कहीं और! ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है, कि क्या पेड़ ही विकास में सबसे बड़ी बाधा हैं।

उधर जिम्मेदार विभागों की भूमिका भी कम रोचक नहीं है। एक ओर वन विभाग कह रहा है कि जो सर्वे मिला है, उसी के अनुसार काम हो रहा है, इसलिए कटान रोकी नहीं जा सकती। वहीं प्रशासन का कहना है कि अगर सीमा से बाहर कटान हुई है तो जांच होगी। यानी मामला फिलहाल देखेंगे-करेंगे के भरोसे पर टिका हुआ है।

पर्यावरण प्रेमी श्रवणजीत ने अयोध्या कमिश्नर से शिकायत दर्ज कराई है वहीं और घुरेहटा के क्षेत्र पंचायत सदस्य ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा कर अवैध कटान रोकने की मांग की है। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और अवैध कटान पर तुरंत रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि विकास जरूरी है, लेकिन अगर हरियाली ही खत्म हो गई, तो फिर इस विकास का आनंद कौन लेगा। हालांकि मिल्कीपुर विधायक चन्द्रभानु पासवान ने आश्वासन दिया है कि हम जिलाधिकारी से मिलकर मामले से अवगत कराएंगे। अब देखना यह है कि प्रशासन की नींद पहले खुलती है या इलाके के आखिरी पेड़ की सांस बंद होती है।

## सरकारी अस्पताल का बिगड़ा हाल, खुद प्रिंसिपल को निरीक्षण में ड्यूटी पर नहीं मिले डॉक्टर; फिरोजाबाद में कटा वेतन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फिरोजाबाद।** सरकारी मेडिकल कालेज अस्पताल के सौ सैया अस्पताल स्थित एसएनसीयू की व्यवस्था पटरी पर नहीं आ रही है। लगातार निरीक्षण और कार्रवाई के बाद भी नोडल और चिकित्साधिकारी ड्यूटी से गायब रहते हैं। मंगलवार सात बजे प्राचार्य निरीक्षण को पहुंचे तो वहां कोई भी चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं मिला।

इस पर प्राचार्य ने वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण मांगा है। प्राचार्य डा. योगेश कुमार गोयल मंगलवार शाम सात बजे सौ सैया अस्पताल स्थित एसएनसीयू विंग में पहुंचे। रोस्टर को चेक करने पर पता चला कि नोडल डा. भरतवीर का ड्यूटी का कोई समय ही अंकित नहीं था। जबकि अन्य चिकित्सकों की ड्यूटी का निर्धारित समय दर्ज था।

इस पर उनसे दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस दौरान वार्ड में ड्यूटी पर कोई चिकित्सक नहीं मिला। रोस्टर की जांच में पता चला कि चिकित्साधिकारी डा.शालू सिंह मंगलवार को सुबह 10 से चार बजे तक ड्यूटी पर उपस्थित रहीं। जबकि रोस्टर में उनकी ड्यूटी सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक है। इस पर उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है। वहीं डा. नेमी चंद्रा दोपहर में साढ़े तीन बजे आए और साढ़े चार बजे चले गए। जबकि रोस्टर के अनुसार उन्हें दोपहर दो से रात आठ बजे तक रहना था। इस पर उनका एक दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी तरह डा. अंकित सिंह का उपस्थिति रजिस्टर में 22 मार्च से हस्ताक्षर नहीं था। उनकी ड्यूटी दोपहर दो से रात आठ बजे तक थी। डा. शालिनी तिवारी के भी 22 मार्च से उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर नहीं थे। उनका भी एक दिन का वेतन काटने के निर्देश के साथ स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## बाजार से उठाकर बाइक में लगाई आग, अलीगढ़ में चार नामजद; 20 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अलीगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में दबंगों ने एक युवक की बाइक को बाजार से उठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार नामजद व अन्य 20 अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। 23 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे उपनिरीक्षक सुरेंद्र कुमार हमराह कांस्टेबल मंजीत सिंह के साथ चौकी सब्जी मंडी क्षेत्र में गश्त पर थे।

इसी दौरान एक राहगीर ने सूचना दी कि कुछ युवक एक व्यक्ति की होंडा शाइन बाइक को बाजार से उठाकर जामा मस्जिद ऊपरकोट के पीछे ले गए हैं और उसमें आग लगा दी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो बाइक धू-धू कर जल रही थी। आसपास कोई आरोपित मौजूद नहीं था। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग को बुझाया। जली हुई बाइक को कब्जे में लेकर थाने ले आई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मूसा, काशिफ, अली, बबलू समेत अन्य 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश में दबिश दे रही है।

# जनता की कमाई, पार्षदों के सैर सपाटे पर गंवाई; स्टडी टूर पर किया खर्च नहीं बदल सका आगरा की तस्वीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा।** हाउस टैक्स हो या फिर सीवर और वाटर टैक्स। हर साल नगर निगम और जलकल विभाग को करोड़ों रुपये का राजस्व मिलता है। जनता की कमाई को ठीक तरीके से खर्च करना चाहिए। अगर स्टडी टूर पर जाना भी है तो पार्षद नया कुछ सीख कर आएंगे। इस बात का ध्यान भी रखना चाहिए।

मगर, दो स्टडी टूर को लिया जाए तो एक भी पार्षद ने टूर में क्या सीखा और शहर में उसका असर दिखना चाहिए। इसकी कोई भी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की। यह गैर बात है कि स्टडी रिपोर्ट देने के बदले पार्षदों ने एजेंसी की कमियों की शिकायत की।

नगर निगम में 100 पार्षद हैं। 28 मार्च को पार्षदों का स्टडी टूर बेंगलुरु, मैसूर ऊटी जा रहा है। सात दिवसीय टूर के लिए अब तक 76 पार्षदों ने पंजीकरण कराया है। आने वाले एक से दो दिन में पार्षदों की संख्या और भी बढ़ सकती है। पार्षद फ्लाइट से आएंगे और यहां से जाएंगे। ऐसे में ओवरऑल 55 लाख रुपये खर्च होंगे।

अगर वर्ष 2021 के टूर की बात की जाए तो 83 पार्षदों के सैर सपाटे पर 34.89 लाख रुपये खर्च हुए थे। पार्षदों का टूर अंडमान और निकोबार द्वीप गया था। वहां से लौटकर आए एक भी पार्षद ने अपनी रिपोर्ट निगम कार्यालय में जमा नहीं की। कुछ यही स्थिति 2024 में मुंबई गए टूर में रही। टूर में 74 पार्षद गए थे।

इसमें 31.77 लाख रुपये खर्च हुए थे। नाम न छापने की शर्त पर भाजपा पार्षद ने बताया कि वर्ष 2021 के टूर में काफी विवाद हुआ था। इसके चलते तीन साल तक टूर नहीं गया। कई पार्षदों ने ड्रामा किया था। बसपा पार्षद ने बताया कि टूर की मंशा ठीक है। मगर, उसका लाभ शहर को कितना मिला, यह सोचने की जरूरत है। मेयर




हेमलता दिवाकर ने बताया कि इस साल 28 मार्च को टूर प्रस्तावित है।

**यह है टूर का उद्देश्य**

पार्षदों को स्टडी टूर पर ले जाने का उद्देश्य संबंधित शहर के नगर निगम या फिर स्थानीय निकाय में हो रहे अच्छे कार्य की जानकारी करना है। इन कार्यों को आगरा में कितना लागू किया जा सकता है। इस पर बिंदुवार रिपोर्ट तैयार करनी होती है। बैठक में अपने अनुभवों को साझा करना पड़ता है। इससे प्लानिंग में मदद मिलती है।

## दोस्त ने बीयर पिलाकर अंगोछे से घोंटा गला, नहर में फेंका शव: फिरोजाबाद हत्या का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**एका (फिरोजाबाद)।** सात दिन पूर्व जेड़ाझाल नहर में मिले युवक का शव हत्या करके फेंका गया था। पुलिस के अनुसार हत्या उसके दोस्त ने ही बहन से प्रेम संबंधों के शक पर की थी। आरोपित युवक को 16 मार्च की शाम बाइक पर बैठाकर ले गया था। फिर उसने बीयर पिलाकर अंगोछा से गला घोंट दिया। सोमवार रात आरोपित को धारू पुल से गिरफ्तार किया गया।

**बहन से प्रेम संबंध और आपत्तिजनक टिप्पणी से था नाराज**

सीओ जसराना प्रेमप्रकाश पांडेय ने बताया कि 17 मार्च को जेड़ाझाल नहर में गांव हथोली जयसिंहपुर निवासी अरविंद का शव मिला था। पोस्टमार्टम में हत्या की पुष्टि हुई थी। मामले में 22 मार्च को उसके ससुर संतराम ने हथोली जयसिंहपुर के ही योगेश उर्फ कन्हैया के विरुद्ध घर से बुलाकर ले जाने और हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

**पुलिस ने किया हत्या का पर्दाफाश, आरोपित गिरफ्तार**

घटना के पर्दाफाश के लिए इंस्पेक्टर संजुल पांडेय और सर्विलांस प्रभारी मुकेश कुमार को लगाया था। मंगलवार रात पुलिस टीम ने योगेश को गिरफ्तार कर लिया। वह हरियाणा में ट्रक चालक है। उसने पूछताछ में बताया कि अरविंद के उसकी बहन से संबंध थे।

**चेटिंग के जरिए करती थी बात**

वह चेटिंग के जरिए उससे बात करती थी। इसके अलावा अरविंद के चचेरे भाई रवि के आरोपित की पत्नी से संबंध थे। वह होली पर जब घर आया तब उसे पूरे मामले की जानकारी हुई। इसके बाद 16 मार्च की शाम वह अरविंद को बाइक से नहर किनारे ले गया। जहां दोनों ने बीयर पी। इसके बाद उसने अंगोछा से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी।

**साले ने गुस्से में दी थी संबंध होने की जानकारी**

इंस्पेक्टर ने बताया कि कुछ दिन पूर्व फोन में चेटिंग देखने के बाद आरोपित ने अपनी पत्नी की पिटाई की थी। इसके बाद वह उसे मायके छोड़ दिया। तब साले ने फोन कर उससे से झगड़ा किया और ताना मारा कि उसे अपनी बहन की हरकतों की जानकारी नहीं है और दूसरों की बहन पर गलत आरोप लगा रहा है। इससे वह भड़क गया और अरविंद को ठिकाने लगाने की योजना बना ली। बीयर पीते समय अरविंद ने भी उसकी पत्नी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

## महिला को पता ही नहीं चला, फिरोजाबाद में धोखाधड़ी कर ले लिया खाते से 64 हजार का लोन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**फिरोजाबाद।** महिला को बिना जानकारी के 64 हजार रुपये का लोन मंजूर कराया लिया गया। जांच में पता चला कि उसके आधार कार्ड, पैनकार्ड और अन्य दस्तावेजों का उपयोग कर यह लोन लिया गया है। पीड़िता ने बैंककर्मियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर थाना उत्तर पुलिस ने अज्ञात बैंककर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। थाना उत्तर के टापा कला निवासी संजीश पति श्यामवीर के साथ मजदूरी करती हैं। उन्होंने पहले उज्जीवन स्माल फाइनेंस बैंक से सात मई 2022 को 60 हजार रुपये और 29 मार्च 2023 को 50 हजार रुपये का लोन लिया था। जिसे उन्होंने समय पर चुकता कर दिया।

हाल ही में बैंक के कर्मचारी 30 दिसंबर 2023 को 64 हजार रुपये के लोन की किश्त चुकाने का दबाव बना रहे थे, जबकि उन्होंने ऐसा कोई लोन लिया ही नहीं था। जांच में पता चला कि किसी ने सेंट्रल चौराहा स्थित बैंक शाखा से लोन लिया है और उसकी नौ किश्तें भी जमा की गई हैं। संजीश का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने मिलीभगत करके अज्ञात व्यक्ति को लोन दिया है। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।


## संक्षिप्त खबरें

### ईवीएम स्ट्रांग रूम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण




**भदोही।** जनपद में चुनावी पारदर्शिता और सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम व वीवीपैट स्ट्रांग रूम का राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम के रखरखाव, संबंधित रजिस्टरों की स्थिति और स्ट्रांग रूम के गेट पर लगे सील लॉकर की गहन जांच की। साथ ही ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग, फायर सेफ्टी उपकरणों की वैधता और अन्य सुरक्षा मानकों की भी बारीकी से जांच की, ताकि किसी भी प्रकार की चूक न हो। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नवरात्र सप्तमी देवी मंदिरों में लगी आस्था की कतार




**गोपीगंज।** चैत्र नवरात्र सप्तमी के दिन बुधवार को आदि शक्ति मां दुर्गा का देवी कालरात्रि के रुप में दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गएद्य नगर और ग्रामीण क्षेत्रों मे स्थित देवी मंदिरो पर स्नान ध्यान कर प्रातःकाल से ही लोग पहुचने लगे थे समय के साथ ही कतार लम्बी होती चली गई, कतार मे लगे भक्त अपनी बारी का इंतजार करते रहे। नवरात्र के सातवे दिन मां दुर्गा का मां कालरात्रि के रुप मे श्रृंगार किया गया, रंग विरंगे सुगंधित पुष्पों से श्रृंगार के उपरांत निखरे अलौकिक स्वरुप का दर्शन पूजन कर भक्त निहाल हो गए। प्रातः काल ही सदर महाल स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, चौरा माता मंदिर, बंबा देवी, काली माता मंदिर काली महाल, शीतला माता मंदिर लालापुर के साथ गंगा तट पर विराजमान मां शीतला धाम डेरवा, शक्ति धाम तिंलगा मे भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा।इस दौरान मंदिर परिसर में दिन भर भजन कीर्तन का क्रम चलता रहा।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने थानों की कार्यप्रणाली पर कसा शिकंजा



**भदोही।** जनपद में पुलिस व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने सभी थानों के महत्वपूर्ण रजिस्टरों का सतर्कता पूर्वक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, निरीक्षण रजिस्टर तथा अपराध रजिस्टर नंबर-4 सहित अन्य अभिलेखों की गहन जांच की। उन्होंने थाना प्रभारियों व संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी रजिस्टर समयबद्ध, सही और पूर्ण रूप से भरे जाएं, ताकि कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा और जन शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की कमी न रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता दिखाई। अपर पुलिस अधीक्षक ने रजिस्टरों में पाई गई कमियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए और बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रजिस्टरों का सुव्यवस्थित रख-रखाव न केवल प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि पुलिस कार्यप्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता भी सुनिश्चित करता है। यह निरीक्षण पुलिस विभाग की कार्यशैली को और प्रभावी बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जल निगम (ग्रामीण) एवं जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविंद शुक्ला की अध्यक्षता में उ जल निगम (ग्रामीण) की विभिन्न पेयजल योजनाओं एवं जिला स्वच्छता समिति की विस्तृत समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जनपद में संचालित पेयजल परियोजनाओं की भौतिक प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी निर्माणाधीन योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

'हर घर जल' योजना के अंतर्गत कराए जा रहे सत्यापन कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शत-प्रतिशत सत्यापन कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नियमित जलापूर्ति वाले ग्रामों की स्थिति का आकलन करते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसी भी ग्राम में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। बैठक में अनुसंधानाधीन परियोजनाओं, जल सेवा आकलन, नल जल मित्र एवं 'जल अर्पण' कार्यक्रम की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही भूमि विवाद, विद्युत आपूर्ति से संबंधित समन्वय, तथा पेड़ कटिंग जैसी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए।

जिला स्वच्छता समिति की समीक्षा के दौरान आर.आर.सी. (रिसोर्स रिकवरी सेंटर) के संचालन की स्थिति का मूल्यांकन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने आर.आर.सी. सेंटर के संचालकों को निर्देशित किया कि कचरा प्रबंधन एवं अपशिष्ट निस्तारण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा स्वच्छता अभियान को जनभागीदारी के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित समस्याओं का त्वरित एवं समन्वित समाधान सुनिश्चित करें तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते रहें। उन्होंने पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्ता को प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम, जिला पंचायत राज अधिकारी, विद्युत विभाग के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### एनएसएस शिविर में स्वच्छता, जागरूकता और तकनीकी ज्ञान का संगम

**भदोही।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित चतुर्थ एवं अंतिम एक दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा हरिहरनाथ मंदिर परिसर व तालाब की साफ-सफाई से हुई, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इसके बाद आयोजित बौद्धिक संगोष्ठी का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रमेश चंद्र यादव के आशीर्वचनों से हुआ। संगोष्ठी में डॉ. नीलम कुमारी ने लैंगिक समानता, शिक्षा व स्वास्थ्य में महिलाओं के अधिकारों पर विचार रखे। वहीं डॉ. लोकपति त्रिपाठी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के महत्व को समझाते हुए गामा एआई व मैजिक स्कूल जैसे टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। इतिहास विभाग के प्रो. बल्केश्वर प्रजापति ने महाविद्यालय के स्वर्णिम इतिहास पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को ऊंचा मनोबल बनाए रखने की प्रेरणा दी। वहीं डॉ. संजय चौबे ने विद्यार्थियों को एकलव्य की तरह समर्पण भाव से ज्ञान अर्जित करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. ईरा त्रिपाठी, डॉ. जान्हवी त्रिपाठी व डॉ. संतोष कुमार आर्य सहित अन्य शिक्षकों की उपस्थिति रही।

## नवनिर्माण के 9 वर्ष पर सामूहिक विवाह, 3 जोड़ों का हुआ शुभ परिणय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही** 'नवनिर्माण के 9 वर्ष' एवं 'संकल्प से सिद्धिः सुरक्षा-सुशासन-समृद्धि' थीम के अंतर्गत जनपद भदोही में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विकास भवन स्थित डीपीआरसी सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तीन जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में विवाह की सभी रस्में वैदिक मंत्रोच्चार व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुई, जिससे पूरा माहौल सांस्कृतिक गरिमा से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) राजाराम, डिप्टी एनआरएलएम अनुराग राय एवं प्रभारी समाज कल्याण अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने संयुक्त रूप से की।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सहारा बन रही है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा विवाह हेतु आर्थिक सहायता के साथ आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होता है। साथ ही यह योजना दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान नवविवाहित जोड़ों को सहायता राशि व उपहार सामग्री प्रदान की गई। उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। यह आयोजन न केवल जरूरतमंद परिवारों के लिए सम्मान और सहारा साबित हुआ, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम भी बना।

## एसपी अभिनव त्यागी ने भदोही व सुरियावां थानों का किया औचक निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने मंगलवार की रात थाना भदोही व थाना सुरियावां का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना कार्यालय के रजिस्टरों, अभिलेखों, मिशन शक्ति केंद्र व साइबर हेल्प डेस्क का गहन अवलोकन किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

महिला अपराध से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव और कर्मचारियों को अनुशासित व बेहतर टर्न आउट में रहने के लिए कहा गया। गर्मी के मौसम को देखते हुए एसपी ने थानों पर आने वाले आगंतुकों व पीड़ितों के लिए स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई ही प्राथमिकता है। निरीक्षण के बाद संबंधित पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य के लिए प्रेरित भी किया गया।

### सुंदरकांड व सम्मान समारोह के साथ बी.बी.पी.एम. अकादमी का शुभारंभ




**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड स्थित बी.बी.पी.एम. अकादमी का उद्घाटन बुधवार को धार्मिक वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसमें नगर के गणमान्य लोग, अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान प्रबंधक एम.पी. चौबे ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया तथा प्रसाद वितरण किया गया। अकादमी प्रबंधन ने बताया कि यहां आधुनिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों पर विशेष जोर दिया जाएगा। अभिभावकों ने विद्यालय की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए सकारात्मक पहल बताया। कार्यक्रम में माता प्रसाद चौबे, शेषधर पांडे, ऋषभ पांडे, सत्यम चौबे, अनुराग चौबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय बनकट, सुरियावां में बालवाटिका नवारम्भ उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही/सुरियावां।** प्राथमिक विद्यालय बनकट, विकास क्षेत्र सुरियावां,जिला भदोही में आज बाल वाटिका नवारम्भ उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चों के द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर 3 से 4 वर्ष आयु वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों का बाल वाटिका में प्रवेश , वहीं 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा एक में प्रवेश के लिये अभिभावकों को प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में अभिभावकों एवं समुदाय की व्यापक सहभागिता देखने को मिली। उत्सव के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से 3 से 4 वर्ष के बच्चों ने रेत/बालू पर लेखन गतिविधि के माध्यम से अपनी प्रारंभिक सीखने की क्षमता का प्रदर्शन किया। इस दौरान नवारम्भ कक्षा एक हेतु योग्य बच्चों की सूची आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं नोडल शिक्षक द्वारा प्रधानाध्यापक को उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने क्रियाशील बाल वाटिका का भ्रमण भी किया और शिक्षण गतिविधियों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाध्यापक डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा ने बाल वाटिका एवं नवारम्भ उत्सव के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखती है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक संतोष कुमार, सहायक अध्यापिका रूपी जायसवाल, सहायक अध्यापक रविकांत दुबे, शिक्षामित्र श्रीमती प्रियंका देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती नीलम देवी एवं आंगनवाड़ी सहायिका मोरा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भारतीय जनता पार्टी ने शिवशंकर गुप्ता को बनाया गाजीपुर जिला उपाध्यक्ष, आगामी विधानसभा चुनाव की बढ़ी जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गाजीपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने गाजीपुर जिले में बाराचवर गांव निवासी शिव शंकर गुप्ता को उपाध्यक्ष के तौर पर चुना है । बता दें की शिव शंकर गुप्ता लम्बे समय से पार्टी से जुड़े हुए हैं । पार्टी ने इन्हें इससे पहले काशी क्षेत्र का मिडिया सलाहकार समिति के पद पर नियुक्त किया हुआ था। जहां इन्होंने भारतीय जनता पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को बखुबी निभाया। इसी को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने इनके पद को बढ़ाते हुए जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। शिव शंकर गुप्ता से बात करने पर उन्होंने बताया की भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है। उसे मैं लग्न के साथ निभाऊंगा उन्होंने कहां की मैं सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करुंगा। नवनियुक्त उपाध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता ने मिडिया से बात करते हुए बताया की मैं जनपद के समस्त कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद में भारतीय जनता पार्टी को एक नई दिशा में ले जाने का कार्य करुंगा। शिव शंकर गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बनायें जाने के उपरांत बाराचवर स्थित उनके आवास पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जहां कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने फुल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज राजभर, महामंत्री अजय कुमार सिंह, महामंत्री विजय नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक, उपाध्यक्ष शिव जी सिंह, लालू कुशवाहा, अवधेश चौहान, हरेंद्र चौहान आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मेला प्रदर्शनी में आज जनपद प्रभारी मंत्री पहुँचकर लाभार्थीपरक योजनाओं के स्टालों का करेंगे अवलोकन

- **जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं, युवकों, खिलाड़ियों, शिक्षकों, धर्मगुरूओं, पत्रकार बन्धुओं, समस्त संगठन, संस्थाओं व जनपदवासियों से मेले में सपरिवार पहुँचकर लाभ उठाने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** 25 मार्च 2026:- नवनिर्माण के 9 वर्ष पर संकल्प से सिद्धि सुरक्षा-सुशासन-समृद्ध उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्ध के 9 वर्ष की थीम आधारित उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक 9 वर्ष पूर्ण होने एवं केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वीएनजीआईसी मैदान ज्ञानपुर में मेले के नौवें दिन आज 26 मार्च को मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री ए0के0शर्मा नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मुलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त एवं स्त्रोत विभाग उ0 प्र0 द्वारा मेला का शुभारंभ किया जाएगा।

जनपद प्रभारी मंत्री ए0 के0 शर्मा जी के कार्यक्रम को दिव्यता व भव्यता के साथ आयोजित कराने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी शैलेष कुमार व मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल द्वारा कार्यक्रम स्थल पर सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज मेले के प्रथम सत्र में किसान कल्याण की योजनाओं के लाभान्वित लाभार्थियों की कर्यशाला, समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की लाभार्थियों से चर्चा, सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के लाभार्थियों को ट्राई साइकिल का वितरण, बाल विकास में पुष्टाहार विभाग की योजनाओं की प्रस्तुति, कानून व्यवस्था, महिला सुरक्षा, पुलिस संबंधित कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, व्यापारी समागम लघु उद्यमी, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना स्टार्टअप योजना तथा प्रगति सेल व्यापारियों और लघु उद्योगों का सम्मान, किया जाएगा। जनपद प्रभारी मंत्री ए के शर्मा जी द्वारा लगभग 01 बजे मेले में पहुँचकर विभागीय स्टालों का अवलोकन करेंगे। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने जनपद के समस्त जनप्रतिनिधिगण, समाज सेवी, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं, युवकों, खिलाड़ियों, शिक्षकों, धर्मगुरूओं, पत्रकार बन्धुओं, समस्त संगठन, संस्थाओं व जनपदवासियों से अपील किया है कि मेले में सपरिवार पहुँचकर लाभ उठाने हेतु सादर आमंत्रित किया। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

## अलीगढ़: अवैध बूचड़खाने का भंडाफोड़, संचालक हाजी सहित सात गिरफ्तार; चोरी की भैंस काटते थे आरोपित

- **चोरी की भैंसों की तलाश में अवैध बूचड़खाना मिला।**

**बूचड़खाना संचालक सहित सात आरोपी गिरफ्तार हुए।**

**तीन जीवित भैंसें, अवशेष और औजार बरामद किए गए।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**इगलास।** चोरी गई भैंसों की तलाश में पुलिस ने मंगलवार को गांव जवार के एक चार दीवारी पर छापा मारा तो अंदर कट्टीघर (बूचड़खाना) मिला। कई लोग भैंसों को काटने में लगे थे। पुलिस को देख भाग निकले। इनमें से कट्टीघर संचालक हाजी हलीम सहित सात लोगों को दबोच लिया गया। तीन जिंदा भैंस, दो कटरा, एक कटी हुई भैंस और एक कटरा के अवशेष मिले। पशु काटने के उपयोग किए गए छुरे, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मांस ढोने के लिए इस्तेमाल किया गया टेंपो बरामद किया गया है।

**चहारदीवारी में चल रहा था पशु कटान, तीन जिंदा भैंस समेत अवशेष बरामद**

मंगलवार को पुलिस टीम गांव जवार में पशु चोरों की तलाश में पहुंची, जहां संदिग्ध स्थल पर छापा मारते ही अवैध पशु कटान का मामला सामने आ गया। चारदीवारी के अंदर अवैध रूप से पशु काटे जा रहे थे। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर छह आरोपितों को मौके से दबोच लिया।

**मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए**

पुलिस के अनुसार गांव जवार निवासी हाजी हलीम उर्फ गूंगा, मीनू, अज्जो तथा मथुरा के डीग गेट निवासी फईम, शारिक और शकील को गिरफ्तार किया गया है। वहीं गांव जवार निवासी इमरान, नक्कू उर्फ नकीम व सलीम मौके का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

छापेमारी के दौरान कट्टीघर से तीन जीवित भैंसें और दो कटरे बरामद किए गए। इसके अलावा एक कटी हुई भैंस और एक कटरे के अवशेष भी मिले हैं। पुलिस ने मौके से पशु काटने के छुरे, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मांस ढोने में प्रयुक्त एक टेंपो तथा 50 हजार रुपये नकद भी जब्त किए हैं।

**चोरी करके लाते थे पशु**

इंस्पेक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि बूचड़खाने का संचालक हाजी हलीम है। आरोपित पशुओं को चोरी करके लाते थे और कुछ पशुओं को जिंदा तथा कुछ को काटकर उनका मांस बेच देते थे। बरामद पशु अवशेषों की पुष्टि एवं साक्ष्य संकलन के लिए डाक्टरों की टीम को मौके पर बुलाकर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस सभी गिरफ्तार आरोपितों के आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

## अलीगढ़: अमीर निशा बाजार में 15-15 फीट हटेगा अतिक्रमण, निगम की कार्रवाई के विरोध में बाजार बंद

- **अमीर निशा बाजार में 15-15 फीट अतिक्रमण हटेगा**
- **दुकानदारों ने निगम की कार्रवाई का विरोध किया**
- **नगर आयुक्त ने 10-12 दिन में कार्रवाई का आश्वासन दिया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगढ़।** अमीर निशा बाजार में सड़क चौड़ीकरण की दिशा में नगर निगम ने मंगलवार को दूसरा कदम आगे बढ़ाया। महाशिवरात्रि पर्व के समय नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने बाजार का निरीक्षण किया था। फीता से नपाई कराकर सड़क पर अतिक्रमण होने की पुष्टि की थी। अब मंगलवार को सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह संपत्ति विभाग की टीम व प्रवर्तन दल के साथ बाजार पहुंचे। वहां फिर से पैमाइश कराते हुए अतिक्रमण वाली जगह पर लाल निशान लगवाए। बीच सड़क से दोनों ओर 15-15 फीट अतिक्रमण हटना सुनिश्चित हुआ है। निगम की टीम फीता से नपाई कर रही थी तो स्थानीय दुकानदारों ने इसका विरोध भी किया। मगर किसी की एक न चली।

**मंगलवार को नगर निगम की टीम ने पैमाइश कर लगाए लाल निशान**

नगर निगम के राजस्व दस्तावेजों में बाजार की सड़क 30 फीट दर्ज है। यहां लोगों ने चबूतरे व स्टैंड लगाकर सड़क को कहीं 20 तो कहीं 22 फीट का कर दिया है। शुक्रवार को बाजार बंदी के अलावा ऐसा कोई दिन नहीं होता जब यहां जाम न लगता हो। अब चौड़ीकरण के बाद रास्ता चौड़ा होगा तो ग्राहकों को भी राहत मिलेगी।

**लगभग 30 फीट चौड़ी सड़क अतिक्रमण के कारण हो गई है संकरी**

सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि राजस्व दस्तावेजों में गाटा संख्या 324 (धौर्रामाफी) में सड़क दर्ज है। यहां 7.05 मीटर सड़क दर्ज है तथा गाटा संख्या 341 में रजबहा है। इसमें 2.21 मीटर चौड़ाई की सड़क है इस प्रकार दोनों मिलाकर लगभग 30 फीट चौड़ी सड़क बाजार की है। इस सड़क के मिड प्वाइंट को निकालकर दोनों तरफ 15-15 फीट के दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को चिह्नित करके निशान लगाए गए हैं।

**दुकानदारों ने कहा, यहां से नहीं निकलती कार**

दुकानदारों ने कहा कि यहां से कोई कार नहीं निकलती। बड़ा वाहन भी नहीं निकलता। यहां सड़क चौड़ीकरण के नाम पर व्यापारियों का शोषण करने का काम किया जा रहा है। इस दौरान संपत्ति प्रभारी विजय गुप्ता, नायब तसीलदार प्रिया गर्ग, प्रवर्तन दल प्रभारी एमपी सिंह आदि मौजूद रहे।



**निशान की जद में मस्जिद भी, विरोध**

नगर निगम की टीम पूरे बाजार में अतिक्रमण हटाने के लिए लाल निशान लगाए। इस बीच फीते की सीध में कुछ मस्जिदों का हिस्सा भी आ रहा था। इस पर क्षेत्रीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। इस पर जितना संभव हो सका, मस्जिद को छोड़ते हुए निशान लगाए गए। प्रवर्तन दल से दुकानदारों की नोकझोंक भी हुई। मगर सख्ती के कारण कोई भी काम में अवरोध उत्पन्न नहीं कर सका।

**आज अमीर निशा बाजार बंद**

नगर निगम द्वारा अमीर निशा में अतिक्रमण पर लाल निशान लगाने के विरोध में व्यापारियों ने बुधवार को दुकानें बंद रखने का फैसला किया है। इस तरह नगर निगम की कार्रवाई का विरोध किया जाएगा। पार्षद नईम ने बताया कि स्थानीय दुकानदार बुधवार को नगर आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपने जाएंगे। इसलिए सभी दुकानें बंद रहेंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### कोल्ड स्टोरेज कांड का वांछित आरोपी गिरफ्तार




**प्रयागराज।** थाना फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर मोरहू स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज में हुई घटना के मामले में पुलिसने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। फाफामऊ पर पंजीकृत मुकदमा संख्या 44/2026 से संबंधित वांछित अभियुक्त मो. जाबिर अली उर्फ जावेद पुत्र निजामुद्दीन, निवासी मन्दाह थाना कन्हई जनपद प्रतापगढ़ को 25 मार्च 2026 को मलाक हरहर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं–103(1), 127, 287, 289, 125(b), 118(1), 109(1), 351(2), 352 तथा आपराधिक कानून अधिनियम की धारा 07 के तहत मामला दर्ज है। यह मामला आदर्श कोल्ड स्टोरेज में हुई गंभीर घटना से जुड़ा हुआ है, जिसमें लापरवाही और अन्य आपराधिक कृत्यों के आरोप शामिल हैं।

### रामनवमी तक अयोध्या की तरफ नहीं जाएंगे मालवाहक वाहन, इन रूट से होगा आवागमन



**अंबेडकरनगर।** अयोध्या में चैत्र रामनवमी मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए यातायात व्यवस्था का डायवर्ट किया गया है। यह व्यवस्था 27 जनवरी को रामनवमी तक लागू रहेगा। अयोध्या की तरफ जाने वाले मालवाहक वाहन ट्रक, ट्रैक्टर व डीसीएम समेत अन्य भारी वाहन नहीं जाएंगे। सिर्फ आवश्यक सेवाओं को जाने की अनुमति रहेगी। संतकबीरनगर, बस्ती जिले से आने वाले वाहनों को घनघटा, बिड़हर घाट व रामनगर से डायवर्ट करके न्यौरी-जलालपुर होकर मालीपुर-सुरहुरपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से अपने गंतव्य को जाएंगे। गोरखपुर जिले से अयोध्या जाने वाले वाहनों को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे से होकर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से आवागमन कर सकेंगे। आजमगढ़, बसखारी से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को न्यौतरिया बाईपास से अकबरपुर गौहन्ना चौराहा से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डायवर्ट किये जाएंगे। अलीगंज थाना के सम्हरिया चौराहा से सेवागंज बैरियर होकर अयोध्या जाने वाले बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अहिरौली के यादवनगर तिराहा से डायवर्ट होकर बड़े वाहन महरुआ होते हुए टांडा-रायबरेली मार्ग से जाएंगे। भीटी के चनहा चौराहा से भीटी बाजार होकर सुलतानपुर रोड पर वाहनों का डायवर्जन रहेगा। यातायात उपनिरीक्षक जयबहादुर यादव ने बताया कि अकबरपुर शहर के भारी वाहन तहसील तिराहा से शहजादपुर, गौहन्ना बाईपास से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और मालीपुर, जलालपुर रोड बाईपास, बसखारी रोड पर न्यौतरिया बाईपास, टांडा रोड के कटरिया याकूबपुर बाईपास, पहतीपुर श्रवण क्षेत्र मोड़, दोस्तपुर रोड गौहन्ना चौराहा बाईपास, अन्नावां तिराहा से डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगा।

### अब दूध बेचना नहीं रहा आसान; प्रशासन ने दूधियों के लिए जारी कर दिया ये सख्त फरमान

**बदायूं।** शहर की गली गली में दूध बेचने वाले दूधियों को अब यह धंधा सामान्य नहीं रहा। अब उन्हें भी दूध बेचने के लिए अपना लाइसेंस बनवाना पड़ेगा। इसके लिए विभाग की ओर से कुछ दिशा निर्देश जारी कर दिए गए है। अगर वह 40-50 लीटर दूध रोजाना सप्लाई करते हैं तो उन्हें 100 का शुल्क देकर अपना लाइसेंस बनवाना होगा। अगर दूध की मात्रा ज्यादा है, तो फीस भी ज्यादा देनी होगी। दूध ऐसा खाद्य पदार्थ है, जो प्रत्येक व्यक्ति के घर में प्रयोग होता है। जिन लोगों के घरों में दुधारू पशु नहीं हैं, वह भी कहीं न कहीं से दूध खरीदकर अपना काम चलाते हैं। शहर के अधिकतर लोगों के घरों में ग्रामीण क्षेत्र से दूध सप्लाई होता है और यह दूध देहात क्षेत्र के दूधिया सप्लाई करते हैं। वह ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के घरों से दूध खरीद कर लाते हैं और शहर में गली-गली जाकर लोगों के घरों में दूध बेचते हैं और अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। अब तक उन्हें कोई लाइसेंस बनवाने की जरूरत नहीं थी। वह साइकिल और बाल्टा उठाकर दूध का धंधा करने में लग जाते थे लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इसके लिए दूधियों को लाइसेंस भी लेना होगा। इसकी फीस ज्यादा नहीं है। केवल 100 फीस जमा करके अपने नाम से लाइसेंस ले सकते हैं और दूध का धंधा आराम से कर सकते हैं लेकिन अगर उनके पास दूध की मात्रा ज्यादा है, तो उन्हें उसके हिसाब से फीस भी ज्यादा देनी होगी।

# ईसाई या अन्य धर्म अपनाने पर एससी का दर्जा खत्मः सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर मुहर लगाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म में परिवर्तित व्यक्ति अनुसूचित जाति (स्ट) का दर्जा नहीं रख सकता। वो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत संरक्षण का भी दावा नहीं कर सकता। अदालत ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के इस फैसले को सही ठहराया कि सिर्फ हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म मानने वाले व्यक्ति ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त करने के हकदार हैं। लेकिन अगर कोई एससी शख्स ईसाई या अन्य धर्म अपनाता है तो उसका एसी दर्जा छिन जाएगा।

जस्टिस पी.के. मिश्रा और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की दो सदस्यीय पीठ ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले को बरकरार रखा। हाईकोर्ट ने कहा था कि ईसाई धर्म अपनाने और उसे सक्रिय रूप से मानने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति समुदाय का सदस्य नहीं माना जा सकता। यह फैसला पादरी चिंताडा आनंद (Chinthada Anand) द्वारा दायर अपील पर आया, जिन्होंने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी।

चिंताडा आनंद आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के कोठापलेम गांव के रहने वाले हैं। वे मूल रूप से मादिगा (Madiga) समुदाय से ताल्लुक रखते थे, जो अनुसूचित जाति में शामिल है। उन्होंने ईसाई धर्म अपनाया और गांव में रविवार को प्रार्थना सभाएं आयोजित करने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अक्काला रामिरेड्डी और अन्य लोगों ने उनसे बार-बार मारपीट की, मौत की धमकियां दीं और जाति आधारित गाली-गलौज की। इसके आधार पर उन्होंने आरोपीयों के खिलाफ SC/ST एक्ट के तहत केस दर्ज कराया।

मल कोर्ट ने आगे कहा, 'यह स्वीकार किया गया है कि घटना के समय भी वह घर पर प्रार्थना बैठक कर रहे थे। इन तथ्यों से कोई संदेह नहीं रह जाता कि घटना की तारीख पर वह ईसाई ही थे। '

### सपा नेता संदीप यादव का नैनी,कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के चकदोदी मोहल्ले में समाजवादी पार्टी (सपा) के शहर उत्तरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संदीप यादव ने सपा नेता अहमद राजा के निवास पर पहुंचकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया गया।संदीप यादव के आगमन पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान गुलरजा, सैफी, क्यूम, जाकिर, नायक, शानू कुरैशी, उज्जवल, मुकेश, सारूख, इबरार, चांद, अनश सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नैनी पुलिस ने नकबजनी मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी पुलिस ने नकबजनी घर में चोरी के एक पुराने मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान शनि उर्फ दिलेश्वर (24 वर्ष) पुत्र स्व. कौशल के रूप में हुई है, जो झोपड़ पट्टी मिन्टो पार्क, थाना कीड़गंज का निवासी है। उसका स्थायी पता ग्राम महुलार, थाना लालगंज, जनपद मिर्जापुर बताया गया है।पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई 24 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई। अभियुक्त को कीड़गंज थाना क्षेत्र स्थित एक कबाड़ की दुकान से गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ थाना नैनी में दर्ज मु0अ0सं0 296/2024, धारा 457/380 भादवि के तहत मामला दर्ज था।यह मामला 9 मई 2024 का है, जब वादी किशोर कुमार वैश्य निवासी विवेक नगर, नैनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात चोर ने उनके घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सामान और लैपटॉप चोरी कर लिया। इस संबंध में थाना नैनी में मुकदमा दर्ज किया गया था।

**पूछताछ में कबूल किया जुर्म**

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में अभियुक्त शनि उर्फ दिलेश्वर ने चोरी की घटना को स्वीकार करते हुए बताया कि उसने बहकावे में आकर यह अपराध किया था।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज हैं, जिनमें थाना नैनी और थाना पुरामुफ्ती में दर्ज मुकदमे शामिल हैं।।पुलिस द्वारा अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## नवारंभ उत्सव के साथ बाल वाटिका नामांकन अभियान की शुरुआत




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के अनुपालन में तथा राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज के मार्गदर्शन में शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु 3-4 वर्ष के बच्चों का बाल वाटिका में नामांकन एवं 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का कक्षा 1 में प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 25 मार्च 2026 को प्राथमिक विद्यालय महेवा विद्यापीठ, विकासखंड चाका में 'नवारंभ उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चाका, कैलाश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एआरपी आरती केसरी द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर बाल वाटिका में नामांकित बच्चों का रोली, चंदन एवं फूलमालाओं से स्वागत किया गया तथा रेत पर लेखन गतिविधि के माध्यम से उनका अनौपचारिक प्रवेश कराया गया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई, जिससे उपस्थित अभिभावक एवं अतिथि भावविभोर हो उठे। सभी बच्चों को अतिथियों द्वारा स्टेशनरी किट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका श्रीमती निधि जैन द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ईसीसीई एजुकेटर, डीएलएड प्रशिक्षु एवं अभिभावकों के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पर पंजीकृत मु0अ0सं0-14/2025 धारा-109(1)/3(5) भा0न्या0सं0 व 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम एवं 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम एवं 3/25 आयुध अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय कुमार बिन्द पुत्र राजपति बिन्द निवासी ग्राम चक्रपानपुर थाना मिर्जामुराद कमिश्नरेट वाराणसी को थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-25.03.2026 को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत जगतपुर क्रासिंग फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि दिनांक-11.01.2025 को उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम लीलापुर कला स्थित गंगा कछार से गाय व उसके बछड़े को पकड़कर पशु क्रुरता हेतु राज्य बिहार ले जाते हुए थाना सरायइनायत पुलिस द्वारा 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया तथा थाना सरायइनायत पर मु0अ0सं0-14/2025 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. संतोष सिंह को किया सम्मानित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रख्यात सर्जन एवं मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष सिंह को योगी आदित्यनाथ द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे प्रयागराज और प्रदेश के लिए गर्व का विषय बन गया है। डॉ. संतोष सिंह ने अपनी मेहनत, समर्पण और सेवा भावना से चिकित्सा जगत में विशेष पहचान बनाई है।

उनके इस सम्मान से युवा डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों को प्रेरणा मिलेगी कि वे भी समाज सेवा के प्रति निष्ठावान रहें। सम्मान के बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों व गणमान्य लोगों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। समाजसेवी निखिल श्रीवास्तव, अधिवक्ता वीरेंद्र सिंह और चिकित्सक डॉ. सुनील विश्वकर्मा सहित कई लोगों ने इसे प्रयागराज के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। समारोह में मिथिलेश सिंह, प्रवीण सिंह, विक्रम सिंह, डॉ. जे.पी. सिंह, नागेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### हत्यारे के सरेंडर के बाद अब प्लांट में बदलेगा सुरक्षा का पूरा सिस्टम, जानें क्या है नया प्लान?

बदायूं। एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट के दो अधिकारियों की हत्या के बाद से बंद पड़े प्लांट के संचालन को लेकर मंगलवार से कवायद शुरू हुई है। मंगलवार को एचपीसीएल की एक टीम दिल्ली से प्लांट पहुंची। इसमें एचपीसीएल के सुरक्षा सलाहकार केपी रघुवंशी के अलावा कार्यकारी निदेशक मोहित धवन रहे। डीएम अवनीश राय और एसएसपी अंकिता शर्मा के साथ उन्होंने बैठक की। इसमें संचालन शुरू करने से पहले पूरे प्लांट का एक बार सिक्योरिटी आडिट कराने पर सहमति बनी। तय हुआ कि पुलिस, प्रशासन और एचपीसीएल की टीम पूरे प्लांट का सिक्योरिटी आडिट करेगी। इसके बाद आवश्यकतानुसार सुरक्षा और बढ़ा दी जाएगी। प्लांट कब शुरू होगा, यह कंपनी के अधिकारी जल्द बैठक कर तय करेंगे। 12 मार्च को दातागंज तहसील क्षेत्र के गांव सैजनी स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीबीजी प्लांट के उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता व मुख्य सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा की हत्या कर दी गई थी।

# एलपीजी रिफिल नियमों में कोई बदलाव नहीं, स्टॉक पूरी तरह सुरक्षितः भारत सरकार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत सरकार ने बुधवार को उन खबरों और सोशल मीडिया दावों को सिरे से खारिज कर दिया है, जिनमें एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के नियमों में बदलाव की बात कही गई थी. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में लागू रिफिल बुकिंग की समय-सीमा में कोई भी संशोधन नहीं किया गया है और देश में रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई जा रही थी कि सरकार ने एलपीजी रिफिल के लिए नए नियम तय किए हैं. इन रिपोर्टों में दावा किया गया था कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (PMUY) के लाभार्थियों के लिए 45 दिन, एकल-सिलेंडर वाले सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 25 दिन और डबल-सिलेंडर वालों के लिए 35 दिन का अंतराल अनिवार्य कर दिया गया है।

मंत्रालय ने इन दावों को 'भ्रामक और निराधार' बताते हुए कहा कि बुकिंग के नियम पहले की तरह ही रहेंगे। वर्तमान नियमों के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन के अंतराल पर सिलेंडर बुक किया जा सकता है. यह नियम कनेक्शन के प्रकार (उज्ज्वला या गैर-उज्ज्वला) पर निर्भर नहीं करता।

सरकार ने जनता को आश्वस्त किया है कि देश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। आधिकारिक बयान के अनुसार, देश की सभी सरकारी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं. कच्चे तेल और एलपीजी से लदे जहाज विभिन्न देशों से लगातार भारत पहुँच रहे हैं. भारत पेट्रोलियम (BPCL) ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है, क्योंकि भारत इन ईंधनों का शुद्ध निर्यातक है।

## आर्मी की महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन का अधिकारः सुप्रीम कोर्ट का फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारी भारतीय सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन की हकदार हैं। अदालत ने 250 महिला अधिकारियों की कैप को रद्द किया और एकमुश्त उपाय के रूप में पेंशन लाभ देने का निर्देश दिया।भारतीय सेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत सेवा देने वाली महिला अधिकारियों के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने सेना में महिलाओं के खिलाफ होने वाले प्रणालीगत भेदभाव को स्वीकार करते हुए अपनी विशेष संवैधानिक शक्तियों (अनुच्छेद 142) का इस्तेमाल किया। कोर्ट ने उन महिलाओं के पक्ष में फैसला दिया जिन्हें स्थायी कमीशन से वंचित रखा गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने कहा, 'पुरुष स्स्ट अधिकारी यह उम्मीद नहीं कर सकते कि स्थायी कमीशन केवल पुरुषों तक ही सीमित रहेगा। महिला स्स्ट अधिकारियों को स्थायी कमीशन से वंचित रखना मूल्यांकन की जड़ में बसी भेदभावपूर्ण व्यवस्था का नतीजा है।

'कोर्ट ने पाया कि महिला अधिकारियों का मूल्यांकन दोषपूर्ण और भेदभावपूर्ण ढांचे के तहत किया गया, जिसमें मनमाना कैप (सीमा) और अनुचित मूल्यांकन प्रक्रिया शामिल थी। सालाना 250 महिला अधिकारियों की सीमा को कोर्ट ने मनमाना करार दिया और कहा कि इसे पवित्र नहीं माना जा सकता।

**महिला SSC अधिकारियों पर लागू नहीं होगा।**

नौसेना के मामले में, एक बारगी उपाय के तहत पात्र महिला अधिकारियों को मेडिकल फिटनेस के अधीन स्थायी कमीशन दिया जाएगा। 2009 के बाद भर्ती हुई महिला अधिकारियों को भी स्थायी कमीशन का अधिकार होगा। कोर्ट ने नौसेना के 'डायनामिक वैकेंसी मॉडल' को तर्कसंगत और गैर-मनमाना माना। कोर्ट ने रक्षा मंत्रालय और नौसेना की आलोचना की कि उन्होंने चयन मानदंड और अंक सार्वजनिक नहीं किए, जिससे खासकर पुरुष अधिकारियों के मामले में जटिलताएं पैदा हुईं।

### गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियो प्रमुख बाजारों, कस्बो में महिलाओं/बालिकाओको जागरुक किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना 'मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण अभियान' के तहत गंगानगर जोन के समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों/मिशन शक्ति टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, कस्बों, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताकर जागरुक किया गया । टीम द्वारा बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के सम्बंध में जानकारी देकर जागरुक किया गया एवं सोशल मीडिया को सावधानी पूर्वक प्रयोग करने के लिये भी सुझाव दिया गया । किसी भी शोहदों द्वारा परेशान करने पर तत्काल डायल-112 अथवा मिशन शक्ति टीम से शिकायत करने करने को बताया गया।


मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बर जैसे पुलिस आपात सेवा-112, वूमेन पावरलाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, सीएम हेल्पलाइन-1076, साइबर हेल्पलाइन-1930 व मिशन शक्ति केन्द्र आदि के बारें में जानकारी देकर जागरुक किया गया तथा पम्पलेट वितरित किया गया।

### DM की सख्ती का असरः शाहजहांपुर में गर्रा नदी पुल का काम दोबारा शुरू, जानें क्यों खर्च हो रहे 4.24 करोड़

शाहजहांपुर। ककरा में गर्रा नदी पर पुल को ऊंचा उठाने का काम बुधवार को फिर से शुरू हो गया। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के संज्ञान लेते ही सेतु निगम की ओर से यहां पर आनन फानन में मजदूर भेजे गए। जिन्होंने वहां पर हल्की फुल्की मरम्मत शुरू कर दी। हालांकि इससे पहले काम किसके निर्देश पर और क्यों रोका गया, विभागीय अधिकारी इस बारे में कुछ नहीं बता रहे। उनका दावा है कि काम सुचारू रूप से लेकिन धीमी गति से चल रहा है।वर्ष 2024 व 2025 में गर्रा में आई बाढ़ आई तो ककरा क्षेत्र स्थित निर्माणाधीन भवनों में भी जलभराव हो गया। सेतु निगम ने जिस पुल को बनवाया था, उसे पानी निकासी मे अवरोध माना गया। तकनीकी जांच में हाईफ्लड लेवल को देखते हुए सेतु निगम की ओर से बनाए गए इस पुल की ऊंचाई को 80 सेमी. बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई। इसके लिए शासन से जनवरी में चार करोड़ 24 लाख 55 हजार रुपये का बजट स्वीकृत किया। फरवरी में काम भी शुरू हो गया, लेकिन पुल में लगी जैक व मशीनें अचानक हटा दी गई।

## उत्तर मध्य रेलवे के अंतरराष्ट्रीय पहलवान जोंटी कुमार को मिला प्रतिष्ठित 'लक्ष्मण पुरस्कार'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खेल के क्षेत्र में दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मान 'लक्ष्मण पुरस्कार' से अंतरराष्ट्रीय पहलवान जोंटी कुमार को सम्मानित किया गया है। जोंटी कुमार वर्तमान में उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल में सीसीटीसी के पद पर कार्यरत हैं। दिनांक 24 मार्च को लखनऊ में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश क मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया। इस सम्मान के तहत उन्हें राज्य सरकार की ओर से सम्मान राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जोंटी कुमार को यह पुरस्कार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और अद्वितीय उपलब्धियों के लिए दिया गया है। दिल्ली के हनुमान अखाड़े से जुड़े जोंटी ने अब तक कुश्ती के क्षेत्र में कई कीर्तिमान रचे हैं।

कुश्ती में जोंटी कुमार की प्रमुख उपलब्धियों मे 4 बार 'भारत केसरी' का खिताब, 3 बार 'यूपी केसरी' का खिताब, 2 बार 'भारत कुमार' का खिताब, नेशनल गेम्स में 2 स्वर्ण पदक, सीनियर फेडरेशन कप में 2 स्वर्ण पदक व सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण 3 पदक, अंडर-23 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक एवं एशिया कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इन्होंने सीनियर वर्ल्ड कुश्ती प्रतियोगिता व सीनियर एशिया कुश्ती प्रतियोगिता में भी देश का प्रतिनिधित्व किया है। जोंटी कुमार ने लगातार कड़ी मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी तीन बार 'यूपी केसरी' जीतने पर वे मुख्यमंत्री जी के हाथों सम्मानित हो चुके हैं।

उत्तर मध्य रेलवे के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि उनका एक होनहार कर्मचारी खेल के मैदान में देश और विभाग दोनों का नाम रोशन कर रहा है। महाप्रबन्धक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह सहित उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारियो ने जोंटी कुमार को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### देवरिया के भटनी में तेज रफ्तार बाइक स्कूली बस में घुसी, दो दोस्तों की मौत

**भटनी (देवरिया)।** घर से नूरीगंज बाजार सामान खरीदने जा रहे बाइक सवार दो दोस्तों की नर्सिंग कालेज की बस से टकराने से मृत्यु हो गई। यह दुर्घटना भटनी के नूरीगंज चौराहे के समीप गन्ना विकास समिति के सामने बुधवार की सुबह करीब 9:15 बजे हुई। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के बरडीहा गांव के रहने वाले 18 वर्षीय रफीउल्लाह पुत्र रजुल्लाह व अभिषेक यादव पुत्र नथुनी यादव दोनों दोस्त थे। रफीउल्लाह गांव में मुर्गा की दुकान खोला था, जबकि अभिषेक बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। वह सुबह नूरीगंज बाजार किसी कार्य से बाइक से आ रहे थे। गन्ना विकास समिति के सामने अचानक कालेज की बस देखकर वे हड़बड़ा गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक अनियंत्रित होकर बस के साइड से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बस में फंस गई। आसपास के लोगों ने दोनों को बाहर निकाला व एंबुलेंस से मेडिकल कालेज देवरिया भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय ने बताया कि दोनों युवक कालेज की बस से साइड से टकरा गए। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। बस को कब्जे में लिया गया है। एक ही गांव के रहने वाले दोनों दोस्तों की मृत्यु से गांव में मातम पसरा है। स्वजन में चीख पुकार मच गई। मृतक अभिषेक दो भाइयों में बड़ा व रफीउल्लाह दो भाइयों में छोटा था।

## संक्षिप्त खबरें

### नापित पड़ा में बजरंगबली प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** मधुपुर शहर के नापित पड़ा में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर बुधवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में 108 कलशों के साथ महिलाओं एवं कन्याओं ने श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ भाग लिया, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त हो गया। कलश यात्रा बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ नापित पड़ा से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए झील तालाब पहुँची, जहाँ वैदिक विधि-विधान के अनुसार कलशों में जल भरा गया। इसके उपरांत श्रद्धालु पुनः पंच मंदिर रोड एवं थाना रोड होते हुए नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर पहुँचे। पूरे अनुष्ठान का संचालन पंडित अजय पाण्डे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। उन्होंने विधिपूर्वक कलशों का संकल्प कराते हुए जल भरवाया, जिससे धार्मिक आस्था और अनुशासन का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर युवा अखाड़ा समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से मनोज शाह, महेश, आकाश, संतोष, राधे, मुकेश, विशाल, गौतम, पप्पू, गुड्डु, राहुल, अमर, रोहित एवं बापी समेत अन्य भक्तगणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। पूरी कलश यात्रा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

### विद्यालय संस्थापक की पुण्यस्मृति में नेत्र चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**ललितपुर।** रामरतन विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल के संस्थापक पं.राम रतन तिवारी दादा की पुण्य स्मृति में एक हॉस्पिटल के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कर कर लाभ प्राप्त किया। इन मरीजों में लगभग 70 मरीज मोतियाबिंद के पाए गए कुछ मरीज ग्लूकोमा व कुछ मरीज ऐसे भी मिले जिनको पर्दे में दिक्कतें थीं। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए आयुष्मान योजना के तहत निशुल्क ऑपरेशन के लिए आश्वस्त किया गया। इनमें से कई मरीज ऐसे भी मिले जिनको नंबर देकर चश्मा लगाने की सलाह दी गई। हॉस्पिटल की अनेकों शाखाएं भारत के उत्तर प्रदेश झांसी सहित अन्य 18 राज्यों में है जहां से वह अपना उपयुक्त इलाज करा कर लाभ ले सकते हैं। वहां उनका अत्याधुनिक तकनीक से संपूर्ण समाधान किया जाएगा। इस मौके पर डा.रमेश किलेदार, ओम प्रकाश बिरथरे, हरीबाबू शर्मा, लक्ष्मी मिश्रा, विवेक तिवारी, बीके चौरसिया, तृप्ति शर्मा, पूनम व्यास, रमा सेन, आकांक्षा, क्रांति, अरुणिमा, अफसाना, रचना, महिमा, रेनू, फूलवती, रमेश सेन, ओमप्रकाश किलेदार, प्रेमशंकर गुप्ता, शशिकांत तिवारी, वरुण कुमार निरंजन, भूपेंद्र सिंह यादव, विष्णु यादव आदि लोग मौजूद रहे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक गोविंद नारायण व्यास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### गेंहू के भाव पूछने को लेकर विवाद, लूट की सूचना निकली गलत

**ललितपुर।** थाना कोतवाली क्षेत्र में सिलगन गेट के पास हुई कथित लूट की घटना जांच में गलत पाई गई है। पुलिस के अनुसार यह मामला गेंहू के भाव पूछने को लेकर हुए आपसी विवाद का निकला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नैनवारा निवासी सौरभ यादव (42) ने 24 मार्च की शाम करीब 7 बजे सूचना दी थी कि दो लोगों ने उसके साथ मारपीट कर करीब 1.5 लाख रुपये लूट लिए। सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को पहले से जानते थे और गेंहू के रेट पूछने को लेकर उनके बीच कहासुनी हो गई थी, जो बाद में विवाद में बदल गई। इस दौरान वादी को मामूली चोटें आईं, लेकिन लूट जैसी कोई घटना नहीं पाई गई। पुलिस ने वादी की तहरीर के आधार पर कोतवाली में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# शिवरामपुर में तीन दिवसीय सुसमाचारीय एवं प्रार्थना सभा का हुआ भव्य शुभारंभ, विधायक प्रो स्टीफन मरांडी हुए शामिल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महेशपुर, पाकुड़, पाकुड़िया, झारखंडः-** महेशपुर प्रखंड के शिवरामपुर मैदान में महेशपुर ऑल चर्चेस यूनियन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सुसमाचारीय एवं प्रार्थना सभा 'सधीन साकवा आड़ाङ' का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। इस आध्यात्मिक आयोजन में महेशपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो स्टीफन मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके आगमन पर आयोजकों एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक आदिवासी नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और सांस्कृतिक प्रस्तुति के बीच उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम 24 मार्च से 26 मार्च 2026 तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु की आराधना एवं प्रार्थना में लीन रहेंगे। सभा में यीशु मसीह की विशेष प्रार्थना की गई, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में प्रभु का गुणगान करते हुए शांति, प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में प्रभु यीशु के जीवन, उनके त्याग, करुणा और उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज में प्रेम, सेवा और क्षमा की भावना को अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि विधायक प्रो स्टीफन मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आपसी सौहार्द, भाईचारा और सामाजिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर धर्मगुरु सुशील मरांडी, मार्टिन हांसदा, संचालक सिफानोएल सोरेन, राजु मुर्मू, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष बाबुधन मुर्मू उर्फ डॉन, मुन्ना प्यारेलाल मुर्मू, बेंजामिन हेंब्रम, फेनी हेंब्रम, हरेंद्र मुर्मू सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अंतिम मंगला जुलूस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न, जय श्री राम के नारों से गूंजा क्षेत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड में रामनवमी उत्सव के अंतिम मंगला जुलूस विभिन्न अखाड़ों द्वारा भव्य मंगला शोभा यात्रा निकाली गई। रामभक्तों ने बजरंगबली की आरती कर नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान किया। मंगलवार को आयोजित इस भव्य मंगला जुलूस में सैकड़ों रामभक्त महावीरी पताकाओं के साथ ढोल-नगाड़ों की गूंज में नाचते-गाते शामिल हुए। बरही के हजारीबाग रोड हनुमान सेना अखाड़ा, पटना रोड के अंजनी अखाड़ा, धनबाद रोड भगवती मंदिर अखाड़ा, महावीर मंडल अखाड़ा, हजारीबाग रोड अंबेडकर नगर श्रीराम अखाड़ा, गया रोड मल्लाह टोली बजरंग अखाड़ा, रसोईया धमना रामनवमी पूजा अखाड़ा सहित अन्य पूजा अखाड़ों द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस सम्बंध में रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष भगवान केशरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। रामनवमी के अंतिम मंगला जुलूस में सैकड़ों रामभक्तों की सहभागिता रही। पूरा क्षेत्र जय श्री राम और जय हनुमान के नारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने एकजुटता का परिचय देते हुए अस्त्र-शस्त्र का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया, जिससे माहौल भक्तिमय बन गया। रामनवमी महासमिति के संरक्षक रमेश ठाकुर ने कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी के जयघोष किए। पूरे क्षेत्र में रामभक्तों की आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। मौके पर सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, युवा भाजपा नेता आकाश जयसवाल, हजारीबाग रोड हनुमान सेना अखाड़ा अध्यक्ष राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, हजारीबाग रोड अंबेडकर नगर श्रीराम अखाड़ा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, पटना रोड अंजनी अखाड़ा अध्यक्ष सुनील साहू, धनबाद रोड महावीर मंडल अखाड़ा अध्यक्ष कपिल साव, धनबाद रोड भगवती मंदिर अध्यक्ष नवल किशोर सिंह, गया रोड बजरंग अखाड़ा मल्लाहटोली अध्यक्ष शिवा निषाद, रसोइया धमना अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, रमेश ठाकुर, दिनेश साव, सिक्की यादव समेत अन्य रामभक्त मौजूद थे।

**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद**

मंगला शोभा यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद रहा। सीओ चंद्रशेखर कुणाल, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी बिनोद कुमार समेत पुलिस बल के जवान विभिन्न स्थानों पर तैनात रहे। प्रशासन ने शांतिपूर्ण आयोजन के लिए पूरी सतर्कता बरती, जिससे कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न हुआ।

# 151 कन्याओं की सहभागिता से निकली भव्य कलश यात्रा



**●लगवाँ गाँव में बजरंगबली मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सारठ/करों, देवघर, झारखंडः-** बीते बुधवार को सारठ प्रखंड एवं करों प्रखंड अंतर्गत लगवाँ गाँव में नवनिर्मित भव्य एवं आकर्षक श्री-श्री 108 जय बजरंगबली मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गाजे-बाजे के साथ भव्य जल-यात्रा सह कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में 151 कन्याओं ने पारंपरिक भारतीय परिधान में सहभागिता कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कलश एवं जल-यात्रा में शामिल कन्याएँ और महिलाएँ गाँव के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण करते हुए डोमाची अहरा पहुँचीं, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पुरोहितों द्वारा विधिपूर्वक कलश में जल भरवाया गया। इसके उपरांत शोभायात्रा पुनः जय श्रीराम, धर्म की विजय हो, अधर्म का नाश हो तथा विश्व का कल्याण हो जैसे जयघोषों के साथ बजरंगबली मंदिर परिसर पहुँची, जहाँ विधिवत कलश स्थापित किया गया। इस अवसर पर कन्याओं के लिए फलाहार की व्यवस्था की गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन के दौरान क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में सारठ विधायक उदयशंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह तथा पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह सहित बजरंगबली पूजा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता का भी प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

### उदयीमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ का हुआ समापन



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंड :-** बुधवार सुबह उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने के साथ ही चेती छठ पर्व का समापन हो गया। नारायणपुर स्थित सीता पोखर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचे थे। पर्व को लेकर सीता पोखर छठ घाट की साफ-सफाई की गई थी। बताते चलें कि सूर्योपासना का महापर्व छठ रविवार को 'नहाय-खाय' के साथ आरंभ हुआ था। नहाय-खाय में कहीं कद्दू-भात तो कहीं कोहड़ा-भात खाने की परंपरा है। छठ व्रतियों ने रविवार को नदी-सरावर में पवित्र स्नान करने के बाद ही अन्न-जल ग्रहण किया। सोमवार को पर्व का खरना संपन्न हुआ। मंगलवार की संध्या अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया गया, वहीं बुधवार की सुबह उदयाचलगामी भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर चार दिवसीय अनुष्ठान का विधिवत समापन हुआ।

# नितिन गडकरी से मिले बरही विधायक, की दनुआ घाटी को ब्लैक स्पॉट घोषित करने की मांग

**●8 साल से अधूरा है सड़क निर्माण, लापरवाही से जा रही सैकड़ों जानें**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने लंबित परियोजनाओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। विधायक ने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि गोरहर से चोरदाहा के बीच पिछले 8 वर्षों से सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है, जो आज भी अधूरा है। उन्होंने विशेष रूप से चौपारण और बरकठा में बन रहे फ्लाईओवर निर्माण की धीमी गति पर चिंता जाहिर की और इसमें तेजी लाने का आग्रह किया। विधायक ने कहा कि सड़क निर्माण में बरती जा रही लापरवाही के कारण अब तक सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। विधायक ने चौपारण से चोरदाहा तक सड़क चौड़ीकरण के कार्य को जल्द शुरू करने की मांग की। उन्होंने दनुआ घाटी में लगातार हो रहे हादसों का हवाला देते हुए इसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने का विशेष आग्रह किया।

**केंद्रीय मंत्री ने दिया आश्वासन**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने विधायक की मांगों को गंभीरता से सुना। उन्होंने जनसुरक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए विभागीय जांच के निर्देश देने और इन समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। इस मुलाकात के लिए विधायक ने केंद्रीय मंत्री अन्नापूर्णा देवी व सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार प्रकट किया।

# कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय के स्थापना दिवस पर पहुँचे विधायक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-** प्रखंड के पीएम श्री कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में सोमवार को 21वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप मे महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने कस्तूरबा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को संबोधित करते हुए कस्तूरबा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही विद्यालय के संचालन से संबंधित कई बिंदुओं पर प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने 21 वर्षो से बेहतर तरीके से विद्यालय संचालन को लेकर शुभकामनाएं दी। साथ ही भविष्य में विद्यालय के संचालन से संबंधित हर प्रकार का सहयोग करते हुए विद्यालय को बेहतर बनाने की बात कही। इससे पहले कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि का विद्यालय के छात्राओं द्वारा बैंड और पारंपरिक संथाली नृत्य के साथ भव्य स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश किया गया और तथा खेल प्रतियोगिताओं भाग ले रहे विजेताओं को मुख्य अतिथि के हाथों मेडल और सर्टिफिकेट वितरण किया गया विद्यालय की प्रधान अध्यापिका द्वारा पिछले एक वर्ष की रिपोर्ट कार्ड पेश किया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा,शिक्षा पदाधिकारी सुमिता मरांडी,वार्डन अस्सूनता मुर्मू ,लेखापाल राखी चौधरी , शिक्षिका अनोखी अर्लीना मरांडी , तनुश्री दास, बिनोद भगत, बिश्वाजीत दास, सुरज रविदास समेत अन्य कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थे।

### अवतार लोधी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

**अधिवक्ताओं में हर्ष की लहर, किया सम्मान**

**ललितपुर।** भाजपा के संगठन विस्तार के तहत युवा अधिवक्ता अवतार लोधी को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर स्थानीय अधिवक्ता समुदाय और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष एवं अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अवतार लोधी का भव्य स्वागत और सम्मान किया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि युवा कंधों पर इस तरह की जिम्मेदारी मिलने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश घोष द्वारा माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। युवा और वरिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे, जिन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष अवतार लोधी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

# पहले ही प्रयास में 54वा रैंक लाकर राधिका कुमारी बनीं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही की प्रतिभाशाली छात्रा राधिका कुमारी ने अपने पहले ही प्रयास में झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। राधिका कुमारी, राजेंद्र ठाकुर और सावित्री देवी की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल, बरही से प्राप्त की। बचपन से ही मेधावी रही राधिका ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता हासिल की। राधिका की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई दी है। विद्यालय प्रबंधन ने भी गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि राधिका की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। विद्यालय प्रबंधन ने अपने पुरातन छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारी शिक्षण पद्धति सदैव विद्यार्थियों के अंदर छिपे गुणों को तरासने की रही है। इसी परिणाम स्वरूप विद्यालय समय-समय पर विद्यार्थियों के सफलता के उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि हम राधिका कुमारी को सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। साथ ही साथ आगे आने वाली जीवन की चुनौतियों के लिए हम अपने छात्र-छात्राओं को बेहतर जीवन कौशल से युक्त करके समाज और देश को समर्पित करने के लिए तत्पर रहते हैं। राधिका कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर मेहनत को दिया है। उन्होंने कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। वर्तमान में राधिका कुमारी एग्रीकल्चर कॉलेज पूसा बिहार में अध्यनरत है। राधिका ने बच्चों को अपने संदेश में कहा कि वे अपने मनपसंद विषय को चुनकर उस दिशा में पूरी तत्परता के साथ लग जाए, सफलता अवश्य प्राप्त होगी। विद्यालय प्रबंधन ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से आग्रह किया कि हमारी डीएवी की परंपरा को इसी तरह चरैवेति चरैवेति अग्रसर करते रहे।

# मानवता की मिसाल : समय पर मदद से बची दो युवकों की जान

**●सिकंदर कुमार ने गोल्डन आवर में पहुंचाया अस्पताल, पुलिस ने की सराहना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के पंचमाधव क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में रानीचुआं निवासी सुशील और राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय मौके से गुजर रहे सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार की नजर जैसे ही घायलों पर पड़ी, उन्होंने बिना समय गंवाए तत्काल मदद का निर्णय लिया। सिकंदर कुमार ने आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से गोल्डन आवर के महत्व को समझते हुए दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया और उनके इलाज की व्यवस्था कराई। इसके साथ ही उन्होंने घटना की सूचना थाना प्रभारी और उपाधीक्षक को भी दी, जिससे प्रशासनिक स्तर पर भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित हो सकी। अस्पताल में डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान उनके सिर में गंभीर चोटें पाई गई, जिसके कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार समय पर इलाज मिलने से अब दोनों युवक खतरे से बाहर हैं। इस पूरी घटना में सिकंदर कुमार ने जिस तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय दिया, उससे दो अनमोल जिंदगियां बच सकीं। उनके इस सराहनीय कार्य से प्रभावित होकर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने भी उनकी खुले तौर पर प्रशंसा की। यह घटना एक बार फिर यह संदेश देती है कि सही समय पर की गई मदद न केवल मानवीय कर्तव्य है, बल्कि किसी की जिंदगी बचाने का सबसे बड़ा माध्यम भी बन सकती है।

# भव्य शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, रामभक्ति में डूबा हजारीबाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर श्री श्री चैत्र रामनवमी स्वागत समिति द्वारा राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यह शोभायात्रा बुढ़वा महादेव परिसर से विधायक प्रदीप प्रसाद जी के नेतृत्व में प्रारंभ होकर पूरे शहर का भ्रमण कर रही थी। यात्रा में हजारों की संख्या में रामभक्त महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। जय श्रीराम के नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा और वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। यह शोभायात्रा शहर की ऐतिहासिक यात्राओं में से एक मानी जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री रहे जयंत सिन्हा भी उपस्थित रहे। उन्होंने यात्रा की शोभा बढ़ाई और रामभक्तों का उत्साहवर्धन किया। स्वागत समिति द्वारा मंच पर जयंत सिन्हा एवं विधायक प्रदीप प्रसाद को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष टोनी जैन ने कहा कि हजारीबाग पूरी तरह राममय हो चुका है और यहां का बच्चा बच्चा रामभक्ति में डूबा हुआ है। उन्होंने बताया कि शहरवासी बेसब्री से रामनवमी जन्मोत्सव का इंतजार कर रहे हैं तथा इस आयोजन की भव्यता पूरे देश में हजारीबाग को अलग पहचान दिलाती है। इस अवसर पर समिति के सुमन कुमार, सोनू गुप्ता, अमित पांडे, अंकित अग्रवाल, साक्षी राणा, ज्योत्स्ना, प्रमोद जैन सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### टायर फटने से एनएच 44 पर पिकअप पलटी, एक घायल

**ललितपुर।** जिले में नेशनल हाई-वे संख्या 44 पर खडेरा के पास बुधवार सुबह करीब 9 बजे एक पिकअप वाहन (यू.पी. 94 एटी 4233) का टायर अचानक फटने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय वाहन में सवार कृपाल अहिरवार निवासी बछरई, खछोरे अहिरवार और महेश पटेल ललितपुर मंडी जा रहे थे। हादसे के दौरान पिकअप में लदी मसूर की अनाज की बोरियां सड़क पर इधर-उधर बिखर गई। दुर्घटना में खछोरे अहिरवार को मामूली चोटें आईं, जिन्हें तुरंत जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना मिलते ही 1033 एनएच-44 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए भेजा गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन टीम की तत्परता से मार्ग को शीघ्र ही सुचारू कर दिया गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई।

# बासंतिक नवरात्र की मंगलमयी बेला में श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति-भाव से माता महाकालरात्रि की पूजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड, झारखण्डः-**चैत्र नवरात्र की अति पूनीत बेला में मां दुर्गा जी के सप्तम स्वरूप माता महाकालरात्रि की उपासना श्रद्धा भाव से करते हुए भक्तों ने मां से सुख-समृद्धि की कामना की। शक्तिशाली अत्याचारी राक्षसों का नाश कर भक्तों को अभय प्रदान कर कल्याण करने वाली मां का यह रूप विकराल व भयावह है, पर मां अति दयालु हैं और जगत का कल्याण करती हैं। हालांकि बासंतिक नवरात्र में पाकुड़िया प्रखंड के फुलझिंझरी ग्राम में ही केवल माता की भव्य-दिव्य प्रतिमा गढ़ अर्चना की जाती है। मिली सूचना के अनुसार सप्तमी तिथि को मंदिर का पट मां के दर्शनों के लिए खोल दिए जाते हैं। वहीं दूसरी ओर पाकुड़िया स्थित रामलला यज्ञ परिसर में भक्त वृंदों की लंबी कतारें पूजन के बाद यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हुए देखी जा रही हैं। रात्रि को भगवत लीलाओं का मधुर गायन एवं चौबीस प्रहर हरिनाम संकीर्तन होता रहा है। यज्ञ प्रांगण में स्थापित श्रीगणेश जी सहित सभी सौम्य भगवत-भगवती प्रतिमाओं के पूजन-दर्शन के लिए विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में साफाहोड़ समाज की महिलाएं व बालक-बालिकाएं यज्ञ प्रांगण पहुंचकर दर्शन-नमन कर प्रसन्न दिख रही हैं। यज्ञ परिसर में प्रतिदिन खिचड़ी के रूप में महाप्रसाद लोग ग्रहण कर रहे हैं। यज्ञ तथा बासंतिक नवरात्र के भव्य आयोजन से पाकुड़िया प्रखंड में इन दिनों आध्यात्मिक सुगंध बिखर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवक को डंडों-बेल्ट से पीटकर किया लहूलुहान

**पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, घायल युवक का कराया मेडीकल**

**कोंच(जालौन)**- कस्बे के प्रताप नगर में एक युवक पर दबंगों द्वारा बेरहमी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रताप नगर निवासी जुबैर राईन ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 24 मार्च की शाम वह सेठ वृंदावन स्कूल के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान तिलक नगर निवासी राहुल यादव और शिवा यादव अपने अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी अपने हाथों में डंडे, बेल्ट लिए हुए थे। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने बिना किसी कारण के उस पर अचानक हमला कर दिया और डंडों व बेल्ट से जमकर पिटाई की। इस दौरान ईंट से भी प्रहार किया गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई। युवक के चिल्लाने के बावजूद डर के कारण कोई भी मौके पर मदद के लिए नहीं पहुंच सका। युवक के आंखों सहित पूरे शरीर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि पूरे शरीर पर पिटाई के निशान बताए जा रहे हैं। अत्यधिक पिटाई के चलते वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उठाकर उपचार के लिए ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देर रात पति पत्नि में विवाद, पति ने किया सरिया से वार पत्नि की हुई मौत




**चार बच्चों से छिना मां का साया, परिजनों में टूटा दु:खों का पहाड़**

**बीजपुर/सोनभद्र** -स्थानीय थाना क्षेत्र के महुआवारी सीरसोती में देर रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद ने भयावह रूप ले लिया, जहां आरोप है कि कन्हैया जाटव ने अपनी पत्नी कुसुम जाटव के सिर पर लोहे की रॉड से वार कर दिया। घटना दिनांक 24/25 की रात्रि लगभग 12 बजे की बताई जा रही है, जब किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके बाद परिजनों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल को एनटीपीसी धन्वंतरी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान लगभग 1:30 बजे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका अपने पति के साथ ससुराल में रह रही थी और परिवार में दो बेटे व दो बेटियां हैं। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी पति एनटीपीसी बीजपुर में एक निजी कंपनी में कारपेंटर का काम करता है।मामले में आगे की जांच जारी है और क्षेत्र में स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

### एकल अभियान की बैठक में बोले मंडल अध्यक्ष भगवान दास केसरी, आचार्यों का बढ़ाया उत्साह

**चोपन/सोनभद्र** -चोपन मंडल के अंतर्गत शक्ति केंद्र रजधन की ग्राम पंचायत महुआव कला में आज एकल अभियान के मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। पंचायत भवन पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चोपन मंडल अध्यक्ष भगवान दास केसरी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष भगवान दास केसरी ने एकल अभियान से जुड़े सभी आचार्य बंधुओं के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और संस्कारों की अलख जगाने का जो कार्य आचार्य कर रहे हैं, वह राष्ट्र निर्माण की नींव है। उन्होंने आचार्यों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाते हुए अपने संबोधन का समापन जय श्री राम के ओजस्वी उद्घोष के साथ किया, जिससे उपस्थित कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ। पिछले माह के कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी लक्ष्यों को निर्धारित किया गया। बच्चों को सरल और रोचक तरीके से संस्कारित शिक्षा देने पर चर्चा हुई। शक्ति केंद्र स्तर पर एकल विद्यालयों के बेहतर संचालन हेतु रणनीति बनाई गई। बैठक के दौरान वक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि एकल अभियान केवल साक्षरता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह गांवों में सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को जीवित रखने का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर रजधन और महुआव कला क्षेत्र के दर्जनों आचार्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि और संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 'दुनिया को शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की राह दिखाई सम्राट अशोक ने'

**● कुशवाहा समाज ने मनाई सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती, निकाली भव्य शोभायात्रा**





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- मौर्य राजवंश के महान शासक सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती यहां कुशवाहा समाज द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर नगर में सम्राट अशोक की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें बौद्ध दर्शन को मानने वाले महापुरुषों के चित्र तथा झांकियां खास आकर्षण रहे। नवीन फल एवं सब्जी मंडी के सामने स्थित मैदान से विशाल शोभायात्रा की शुरुआत की गई जो मार्कंडेयश्वर तिराहे से होकर रेलवे क्रासिंग, सागर चौकी तिराहा, नगरपालिका, रामगंज बाजार, नईबस्ती तिराहा, कंजड़ बाबा होकर नदीगांव रोड स्थित बाबू पैलेस पहुंच कर समाप्त हुई। वहां एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने सम्राट अशोक के कृत कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, अशोक ने अपने विशाल साम्राज्य को एक सूत्र में बांधने का काम किया जो आज के भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक एकता की नींव बना। अशोक ने 262 ईसा पूर्व कलिंग युद्ध के बाद हिंसा त्याग कर 'अहिंसा परमो धमः' की अवधारणा को मजबूत किया। उनमें आए इस परिवर्तन ने दुनिया को शांतिपूर्ण सह अस्तित्व की राह दिखाई। कहा कि मौर्य वंश के इस महान शासक ने लगभग छत्तीस वर्ष तक शासन किया। उन्होंने अपने शासनकाल में अपनाए गए मूल्यों को एक ऐसी विरासत के रूप में छोड़ा, जो आज भी देश के प्रतीकों में प्रतिबिंबित होते हैं। संचालन सभासद प्रतिनिधि बादाम सिंह कुशवाहा ने किया। इस दौरान अपना दल जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, अपना दल एस के क्षेत्रीय अध्यक्ष जिपं सदस्य प्रतिनिधि आनंद पटेल बाबूजी बोहरा, बसपा विधान सभा प्रत्याशी आशीष पांडे, बसपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शीतल कुशवाहा, रामशरण कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, केपी कुशवाहा, कन्हैयालाल कुशवाहा, वीरसिंह कुशवाहा, शिवसिंह कुशवाहा, दुर्गेश कुशवाहा, नवीन कुशवाहा, ममता कुशवाहा, रामशंकर कुशवाहा, ओपी कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, अंचल कुशवाहा, अनिकेत, अमित, छोटू, राज आदि उपस्थित रहे।

**शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत**

कोंच। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया और जगह जगह जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अपने आवास के बाहर यात्रा का स्वागत किया और जलपान की व्यवस्था की। बसपा कार्यालय पर बसपा प्रत्याशी आशीष पांडे के तरफ से जलपान की व्यवस्था की गई थी। सागर चौकी तिराहे पर राठौर समाज सेवा समिति की तरफ से शर्बत और शीलत पानी की व्यवस्था की गई। इस दौरान समिति के अध्यक्ष राजेश राठौर, रामनरेश राठौर, अनूप राठौर अंडा, दिलीप राठौर, पंकज राठौर, सेठ सौरभ, डॉ विकास राठौर, संजीव राठौर, अंकुर राठौर आदि शामिल रहे।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की प्रथम बैठक संपन्न, लिए वादकारी भवन बनाने का महत्वपूर्ण निर्णय

**● बैठक में कई महत्वपूर्ण लिए गये, नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र /उत्तर प्रदेश** -डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र की सत्र 2025 -26 प्रथम बैठक सम्पन हुआ । बैठक के क्रम में वादकारी भवन बनाने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी के सदस्यों का परिचय कराया और नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट महामंत्री राजेंद्र कुमार यादव एडवोकेट का माल्यार्पण कर स्वागत किया । इसी क्रम में पूर्व उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।उपस्थित जनों में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष द्वारिका नाथ नागर एडवोकेट,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदु यादव एडवोकेट, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट व संतोष कुमार यादव एडवोकेट तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष के नीचे आशुतोष कुमार पटेल एडवोकेट व आशुतोष कुमार पांडेय एडवोकेट, सचिव प्रशासन वेद प्रकाश सिंह एडवोकेट सचिव पुस्तकालय अभिषेक सिंह मौर्य व सचिव प्रशासन हरिद्वार एडवोकेट रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में मैं अपने सभी सहयोगी अधिवक्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूँ। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है और मैं आशा करता हूँ कि हम सभी मिलकर न्याय और कानून की रक्षा के लिए काम करेंगे।इस अवसर पर राजेश कुमार यादव, प्रेम प्रताप विश्वकर्मा, विमल प्रसाद सिंह, सुरेश सिंह कुशवाहा, रामगुल्ली यादव,प्रदीप मौर्य, प्रवीण कुमार, राकेश कुमार सिंह, मृगराज सिंह, कामता प्रसाद यादव, दसरथ यादव, सुदेश कुमार, सत्यम शुक्ला, रामप्रसाद यादव, राजकुमार पटेल, टीटू गुप्ता, शाहनवाज आलम खान, रविंद्र पटेल आदि लोग उपस्थित रहे ।

# जलती हुई लाश मिलने से सनसनी, शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस

**●कैलिया-व्यौना मार्ग पर सड़क किनारे खंदक में शव डालकर ज्वलनशील पदार्थ डालकर लगाई गई आग**

**हत्या कर शव फेंकने की आशंका**

**पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)**- कैलिया थाना क्षेत्र के कैलिया-व्यौना मार्ग पर सड़क किनारे खंदक में एक अज्ञात युवक का जला हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो सकी है।

मंगलवार देर शाम करीब 8 बजे काली नरिया के पास से गुजर रहे ग्रामीणों ने खंदक में आग जलती देखी। पहले लोगों ने इसे खेत में लगी आग समझा और पास के खेत मालिक को सूचना दी, लेकिन जब नजदीक जाकर देखा गया तो वहां एक युवक का शव जल रहा था। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। सूचना मिलते ही यूपी-112 पुलिस और कैलिया थाना प्रभारी अवनीश पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद भी घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल मौके को सील कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। ग्रामीणों के अनुसार, घटना के समय एक बाइक पर सवार एक-दो संदिग्ध लोगों को मौके से भागते हुए देखा गया है। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंका गया और पहचान छिपाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने का प्रयास किया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, हालांकि अभी तक कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और उसकी पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। मामले की गहन जांच जारी है।

# दोषी बाल अपचारी विष्णुकांत गुप्ता को उम्रकैद,50 हजार रूपये अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद

**● - कोन थाना क्षेत्र कचनरवा में करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए सौतेली मां रागिनी देवी हत्याकांड का मामला**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – करीब साढ़े 6 वर्ष पूर्व हुए सौतेली मां रागिनी देवी हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ बाल न्यायालय सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी बाल अपचारी विष्णुकांत गुप्ता को उम्रकैद व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक कोन थाना क्षेत्र के गिधिया टोला अजनिया गांव निवासी अनिरुद्ध गुप्ता पुत्र स्वर्गीय मानिक चंद ने कोन थाने में 19 सितंबर 2019 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि वह आज दिन में कचनरवा बाजार गया था। उसने अपनी बेटी रागिनी देवी 30 वर्ष की शादी करीब 6 साल पूर्व कचनरवा बाजार निवासी शिव नरायन गुप्ता के साथ किया था। उसे 4 वर्ष का बेटा भी है। शिव नरायन गुप्ता की एक पत्नी पहले से थी जिसे लेकर वे कोर्ट गए थे। घर पर रागिनी अपने बेटे के साथ अकेली थी। शिव नरायन गुप्ता के पहली पत्नी के बेटे विष्णुकांत गुप्ता ने अकेला पाकर उसकी बेटी रागिनी की चाकू से मारकर हत्या कर दी। शोरगुल की आवाज सुनकर वह गया तो देखा कि रागिनी मृत पड़ी थी और विष्णुकांत गुप्ता हत्या कर चाकू लेकर भाग रहा था। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में विवेचक ने चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी बाल अपचारी विष्णुकांत गुप्ता को उम्रकैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### चोपन पुलिस को मिली अहम सफलता, अवैध गांजा के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश**- पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना चोपन पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 24.03.2026 को समय 20:55 बजे करगरा मोड़, बहदग्राम रेडिया थाना चोपन में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त अरून कुमार पुत्र कल्लू निवासी विकास नगर वार्ड नं0-11 थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र (उम्र करीब 24 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया ।अभियुक्त के कब्जे से एक सफेद झोले में 01 किग्रा 10 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इस संबंध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0 109/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उ0नि0 दुनिया सिंह थाना चोपन जनपद सोनभद्र, का0 चन्द्रजीत यादव, हे0का0 वीरेन्द्र , का0 कुमार सरोज शामिल रहे।

# अब बलिया में भिखारी बाबा करवाएंगे विराट रुद्र महायज्ञ, 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित

**●- 19 अप्रैल को निकलेगी कलश यात्रा, कलश स्थापना के बाद यज्ञ होगी शुरू**

**- बलिया जिला अंतर्गत रसड़ा तहसील स्थित सिसवार कला गांव में होगी यज्ञ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश**- बलिया जिला अंतर्गत रसड़ा तहसील के सिसवार कला गांव में अब सोनभद्र के भिखारी बाबा करवाएंगे विराट रुद्र महायज्ञ। विराट रूद्र महायज्ञ के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित कर दिया गया। 19 अप्रैल को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद यज्ञ शुरू होगी। यज्ञ की पूर्णाहुति 23 अप्रैल को विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी। बता दें कि भिक्षुक भिखारी, जंगली दास, रमाशंकर गिरी जी महाराज की देखरेख में यह यज्ञ हो रही है। आचार्य मंटू पांडेय के जरिए वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 फीट ऊंचा धर्मध्वज स्थापित किया गया है। भिखारी बाबा ने बताया कि मुख्य यजमान जनार्दन सिंह व विनोद सिंह हैं। 19 अप्रैल को कलश यात्रा निकलेगी और कलश स्थापना के बाद विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। 20 अप्रैल को वेदी पूजन एवं जलाधिवास, 21 अप्रैल को रामभक्त संकटमोचन हनुमानजी, भगवान राम जी, माता सीता जी व लक्ष्मण जी, शिव जी, माता पार्वती जी, कार्तिकेय जी, गणेश जी व नंदी जी की मूर्ति का अभिषेक, 22 अप्रैल को शोभा एवं मूर्ति का श्रृंगार व शोभा यात्रा निकलेगी व 23 अप्रैल को मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, हवन-पूजन के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। अंतिम दिन विशाल भंडारा चलेगा। मुख्य पुरोहित राजकिशोर दास जी महाराज द्वारा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। प्रतिदिन सायंकाल अयोध्या से पधारे आचार्य राघवेंद्र की कथा होगी। प्रधान सेवक सुबोध ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगो के पहुचने का आग्रह किया है।

# दुष्कर्म के आरोपी महेश विश्वकर्मा को मिली जमानत

**● - एक-एक लाख रुपये की दो जमानत पेश करने पर रिहाई का आदेश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** –महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश(सीएडब्लू)/(एफटीसी) सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए आरोपी महेश विश्वकर्मा की जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। साथ ही एक-एक लाख की दो जमानत पेश करने पर रिहाई के आदेश दिया है। कोर्ट ने विवेचना में सहयोग करने, गवाहों को न धमकाने, साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ न करने की शर्त पर जमानत मंजूर किया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 29 वर्षीय पीड़ित महिला ने दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 16 जनवरी 2026 को शाम 7 बजे वह घर पर अकेली थी। उसका पति बाहर मजदूरी करने गया था। तभी ट्रैक्टर चालक महेश विश्वकर्मा पुत्र चंद्रप्रकाश निवासी कोहरौल, थाना शाहगंज, जिला सोनभद्र खेत की जुताई करके उसके पास आया और जुताई के पैसे मांगने लगा। जब उसने कहा कि उसके पति बाहर गए हैं जब आएंगे तो पैसा भिजवा देंगे। इतना सुनते ही महेश उसके पति को गाली देने लगा और उसका हाथ पकड़ कर घर के अंदर ले गया और कहा कि पैसा नहीं है तो कोई बात नही तुम हो मुझे खुश कर दो और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। जाते समय यह धमकी देने लगा कि अगर कहीं शिकायत की तो पति-पत्नी की हत्या कर देंगे। इससे वह डर गई। अपने पति से सारी बात बताई तो वे महेश के घर जाकर उसके पिता से शिकायत करने गए तो उन्हें भी मारपीट कर भगा दिया गया। बाद में महेश फोन करकें माफी मांगने लगा। 21 जनवरी 2026 को वह अपने स्कूटी से मायके जा रही थी तो रॉबर्ट्सगंज में महेश मिल गया और कहा कि चलो तुम्हे मेरी बुआ बुलाई है सुलह कराने के लिए। इसपर उसकी बात पर विश्वास करके चली गई तो वहां कोई नहीं था, बल्कि कहा कि यह मेरे दोस्त का घर है। वहां भी चाकू दिखाकर जबरन दुष्कर्म किया और वीडियो भी बना लिया। बार-बार वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया है। थाने पर सूचना दी गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। एसपी सोनभद्र को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब मजबूर होकर कोर्ट में अप्लीकेशन दाखिल किया। कोर्ट के आदेश पर शाहगंज पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू किया। मामले की सुनवाई करते समय कोर्ट ने अभियुक्त के अधिवक्ता कंचन सिन्हा के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर जमानत का पर्याप्त आधार पाते हुए आरोपी महेश विश्वकर्मा की जमानत अर्जी मंजूर कर लिया। साथ ही एक-एक लाख की फो जमानत पेश करने पर रिहाई के आदेश दिया है।

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – बुधवार दिनांक 25.03.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए।उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एडीसीओ सदर ने किया वैनी शाखा के नौडीहा शाखा पर गबन के मामले में समिति के अभिलेखों की जाँच, दिये संबंधित को कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नगवाँ/ सोनभद्र**-सहायक आयुक्त सहकारिता सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ सदर अवधेश सिंह ने वैनी शाखा मे नौडीहा बीपैक्स मे गबन की विशिष्ट आडिट के संबंध मे समिति के अभिलेखो की जाँच की। जाँच के दौरान आरोपी पूर्व सचिव पूर्व सूचना के बावजूद उपस्थित नहीं हुए किन्तु समिति के सचिव वकालत हुसैन, आँकिक संदीप सिंह, समिति के अध्यक्ष बद्री सिंह उपस्थित रहे। जाँच के क्रम में एडीसीओ सदर ने बताया कि धनराशि को सब्याज जमा करने हेतु पूर्व सचिव को कई नोटिस दी गई परंतु अभी तक धनराशि नहीं जमा की गयी, यदि एक सप्ताह के भीतर गबन की धनराशि दंड ब्याज समेत जमा न की गई तो दोषी कर्मचारी के विरूद्ध संबंधित थाने मे प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी जाएगी। इसी क्रम में एडीसीओ से नगवाँ विकास खंड की बीपैक्स मे प्रथम और द्वितीय चरण की चयनित बी-पैक्स मे पार्किंग धनराशि का भी शाखा प्रबंधक और सचिवों के साथ परीक्षण किया। एडीसीओ ने शाखा प्रबंधक और सभी सचिवो को पार्किंग एकाउंट के परीक्षण व निस्तारण के निमित्त शुक्रवार को विकास भवन स्थित सहकारिता कार्यालय मे बैठक मे प्रतिभाग करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक हुकुम सिंह , सचिव अंतिमा भारती, उदय शंकर, वकालत हुसैन, संदीप सिंह, अमीन ऋषि सिंह आदि मौजूद रहे।

# कानपुर देहात बार एसोसिएशन चुनाव में जितेन्द्र प्रताप अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह महामंत्री विजयी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के दिशा निर्देश और मॉडल बायलॉज के नियमों उपनियमों के तहत एक बार एक वोट के सिद्धांत के तहत जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। कुल मत 107 में 95 वोट पड़े जिसमें अध्यक्ष पद पर दो मत अवैध पड़े,जिसमें 91 मत जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान एवं 2 मत बलराम सिंह को मिले इस तरह से अध्यक्ष पद में जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान विजयी घोषित किए गए।महामंत्री पद पर 6 मत अवैध पड़े जिसमें दुर्गेश चन्द्र को 17 एवं नरेन्द्र सिंह सेंगर को 72 मत प्राप्त हुए।इस तरह से महामंत्री पद पर नरेन्द्र सिंह सेंगर विजयी घोषित किए गए।निर्वाचन समिति अध्यक्ष सम्पत लाल यादव ने बताया कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौड़ के द्वारा पारित आदेश दिनांकित 27 फरवरी के अनुपालन में सारी चुनाव प्रक्रिया संचालित की गई।जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रभा कुमारी कनिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र यादव कोषाध्यक्ष श्रीकान्त राठौर मंत्री पद पर क्षमता सिंह सेंगर मंत्री जय गोपाल संयुक मंत्री प्रकाशन अवधेश कुमार संयुक मंत्री पुस्तकालय शशिविंदु एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हेतु रहीस अहमद,राहुल कुमार,गोपी सिंह,चन्द्रलता,संतोष सिंह एवं जगन्नाथ प्रसाद तथा कनिष्ठ सदस्य हेतु श्याम कुमार,अजीत सिंह,प्रमोद कुमार अनुज प्रताप सिंह,श्याम सुन्दर एवं संजय सिंह ने एकल रूप से नामांकन किया था। जिन्हें निर्विरोध विजई घोषित किया गया।निर्वाचन समिति में अध्यक्ष सम्पत लाल यादव प्रभारी रमेश चन्द्र सिंह गौर एवं सहायक सदस्य विश्वनाथ सिंह रवि वर्मा विकास मिश्रा जय गोविंद यादव रणवीर सिंह यादव हिमांशु गुप्ता जितेन्द्र बाबू रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रुद्र अपार्टमेंट में एक व्यक्ति का शव मिला



**कानपुर।** आज दिनांक 25.03.2026 को थाना बिठूर क्षेत्रान्तर्गत रुद्रा अपार्टमेंट में शगुन कटियार (45 वर्ष) नामक एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुँची तथा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस उपायुक्त पश्चिम, एस. एम. कासिम आबिदी द्वारा मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।

### सीएसजेएमयू में नशा मुक्ति जागरुकता अभियान का आयोजन



**कानपुर।** दिनांक 25.03.2026 को प्रातः 11:30 बजे सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कल्याणपुर में 'Youth Against Drugs' कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस उपायुक्त (SOG) सुमित सुधाकर रामटेके द्वारा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु सामूहिक सहभागिता का आह्वान किया गया। इस अवसर पर कानपुर नगर में अवैध मादक पदार्थों एवं उनसे संबंधित आपराधिक गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मादक पदार्थों के सेवन से व्यक्तियों के दैनिक जीवन, स्वास्थ्य एवं सामाजिक व्यवहार पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहें तथा एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं उज्वल भविष्य के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**सिद्धार्थनगर।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत जिले के त्रिलोकपुर थाना परिसर में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, नए आपराधिक कानूनों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार पांडेय ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और 1930 साइबर हेल्पलाइन जैसे नंबरों का उपयोग किया जा सकता है। इस दौरान तालीमूनदिन खां, महिला कांस्टेबल प्रीति आदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### नवरात्र के नौ दिन नौ विकास कार्यों का लोकार्पण



कानपुर। वासंतिक नवरात्र में नौ दिन नौ विकास कार्यों के लोकार्पण की श्रंखला में नवरात्र के सातवें दिन आज 25 मार्च 2026 को, विधायक सलिल विश्नोई की विधायक निधि से निर्मित, परेड बुक मार्केट में सी.सी. सड़क का लोकार्पण सलिल विश्नोई के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। लोकार्पण के अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ श्री वैभव खण्डेलवाल, दीपक शुक्ला, मनीष रावत, वैभव अवस्थी, निशान्त सिंह, रुचिन गुप्ता, दिलीप गुप्ता, ऋषि तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सपा अध्यक्ष फजल महमूद का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर भव्य स्वागत

### ● दवा और पढ़ाई मुफ्त होगी, छात्रों की बेरोजगारी दूर करेंगे - हाजी फजल महमूद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** समाजवादी पार्टी महानगर के अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद का तीसरी बार अध्यक्ष बनने के तीन साल पूरे होने पर सपा हाल, नवीन मार्केट (परेड) में शाम 3 बजे महानगर कार्यकारिणी, पांचों विधानसभा क्षेत्रों के अध्यक्षों, 78 वार्ड समितियों, पार्षदों, प्रकोष्ठ फ्रंटल संगठनों तथा पी.डी.ए. मिशन के कार्यकर्ताओं के वृहत जनसैलाब ने फूल-मालाओं, शॉलों तथा गुलदस्तों से उनका भव्य स्वागत किया। सम्मान समारोह का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि उमड़ते जनसैलाब द्वारा जो भव्य स्वागत किया गया है, उससे सिद्ध हो गया है कि कार्यकर्ताओं में व्यापक उत्साह है, जो 2027 में सत्ता परिवर्तन का संकेत दे रहा है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि गैस के अभाव में कानपुर में छोटी-बड़ी सत्तर हजार से अधिक फैक्ट्रियां बंद हो गई हैं, जिसकी वजह से श्रमिक अपने गांव पलायन कर रहे हैं। हॉस्टल और ढाबों में छात्रों को पर्याप्त भोजन नहीं मिल पा रहा है। चाय-मिठाई के दाम बढ़ गए हैं, कंपनियों ने साबुन के दाम बढ़ा दिए हैं और नवरात्र के भंडारों की संख्या में भी कमी आ रही है। लेकिन भाजपा सरकार जनता के हितों की रक्षा करने के बजाय सड़क निर्माण के नाम पर ध्यान भटका रही है, जिसे सपा ने गंभीरता से लिया है। अध्यक्ष हाजी फ़ज़ल महमूद ने कहा कि 2027 में नगर की पांचों सीटों पर सपा अपना परचम लहराएगी तथा दवा, पढ़ाई और छात्रों को रोजगार प्राथमिकता के साथ दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक नसीम सोलंकी,पूर्व विधायक दिलीप सिंह,प्रदेश सचिव के के शुक्ला,महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू उपस्थित रहे।

## जमीन विवाद में हुई मारपीट में तीन पर एससीएसटी का केस दर्ज

**लालगंज,प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में हुई मारपीट व गालीगलौज व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय रायजू गांव निवासी कल्लू कोरी पुत्र दुखी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 21 मार्च को दोपहर करीब दो बजे वह अपनी जमीन पर बाउण्ड्रीवाल बना रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के तौफीक अहमद, तौहीद पुत्रगण शफीक अहमद तथा अतीक अहमद पुत्र शफीक एकराय होकर वहां पहुंचे और निर्माण कार्य करने से मना करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली देते हुए मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।


## बिठूर के लॉज में बनारस की महिला के साथ हुआ दुष्कर्म, लॉज मालिक गिरफ्तार, पूछताछ जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** कानपुर कमिश्नरेट के बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना चौकी क्षेत्र में एक लॉज में बनारस की एक महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। इस मामले में लॉज के मालिक को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस एम कासिम आबिदी ने बताया कि थाना बिठूर क्षेत्रान्तर्गत मंधना चौकी क्षेत्र में कॉलर जगदीप द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई कि उनकी लॉज में एक महिला के साथ गलत कार्य हुआ है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित थाना बिठूर स्थित मिशन शक्ति केंद्र लाया गया। महिला सब इंस्पेक्टर व पुलिसकर्मियों द्वारा पीड़िता से पूछताछ की गई, जिसमें ज्ञात हुआ कि वह मूल रूप से बनारस की निवासी है तथा यहां अपने एक रिश्तेदार के यहां आई हुई थी। पूछताछ में यह भी सामने आया कि एक व्यक्ति उसे लॉज में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रकरण में पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं तथा पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण हेतु भेजा गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। उक्त लॉज के स्वामी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व एमएलसी बब्बू राजा के निधन से समर्थकों में शोक की लहर



**प्रतापगढ़।** विधानसभा सदस्य रहे आनन्द भूषण सिंह 'बब्बू राजा'का लखनऊ के ग्लोब हॉस्पिटल में इलाज के दौरान बुधवार को दुःखद निधन हो गया। उनका प्रार्थिव शरीर शाम लगभग 8 बजे तक प्रतापगढ़ स्थित शहरी आवास पर पहुंचा। बब्बू राजा सर्व सुलभ और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी और आम लोगों के मददगार के रूप में जाने जाते रहे।कई महीनों से बीमार होने के कारण उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था। परिवारी जनों के साथ उनके रिश्तेदारों, समर्थकों में शोक व्याप्त है।सभी ने ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिये प्रार्थना की है।

## कानपुर में मंगलसूत्र लूटने वाले दो बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, माल बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** पुलिस की सक्रियता के बाद भी जिले में लूट की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। इसके खिलाफ पुलिस भी लगातार बदमाशों पर अपना शिकंजा कसने की कोशिश में जुटी है ,जिसके फल स्वरुप ही उसने मंगलसूत्र लूटने वाले दो शातिर अपराधियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इनमें से गोली से घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है। अब पुलिस इनके फरार साथियों की भी तलाश कर रही है।

**यह घटना चकेरी थाना क्षेत्र की है**

घटना के बारे में प्राप्त विवरण के अनुसार महिला सिविल डिफेंस कर्मी अनीता श्रीवास्तव से बीते शनिवार को मंगलसूत्र लूट लिया गया था। इसके कुछ ही समय बाद आरोपितों ने एक अन्य युवती से भी पर्स लूट लिया था। इसके बाद पुलिस दोनों बदमाशों की तलाश लगातार कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों आरोपी क्षेत्र में मौजूद हैं। जिस पर पुलिस ने सनिगवां स्थित अलकनंदा रेलवे ओवरब्रिज के पास उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को दौड़ाकर पकड़ लिया गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों की पहचान एहतेशाम और रियान के रूप में हुई है। उनके पास से लूटा गया मंगलसूत्र और एक अवैध तमंचा भी बरामद किया गया है। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब पुलिस इसके साथियों की भी तलाश कर रही है।

# नवनिर्माण के 9 वर्षों में यूपी बना सुशासन, सुरक्षा और विकास का मॉडलः मंत्री योगेंद्र उपाध्याय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में 'उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष' पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रदेश नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बीते 9 वर्षों में सुशासन, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास का नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि यह कालखंड प्रदेश के लिए 'उत्कर्ष के वर्ष' सिद्ध हुआ है, जिसमें गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आया है। इस अवसर पर महापौर प्रमिला पाण्डेय, किदवईनगर विधायक महेश त्रिवेदी, कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील, भाजपा जिला अध्यक्ष (उत्तर) अनिल दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष (दक्षिण) शिवराम सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) उपेन्द्र पासवान, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश में लागू 'शून्य सहनशीलता नीति' के परिणामस्वरूप कानून व्यवस्था में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। वर्ष 2017 की तुलना में डकैती, लूट, हत्या एवं अपहरण जैसे अपराधों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। संगठित अपराध और माफिया तंत्र पर कठोर कार्रवाई करते हुए अवैध संपत्तियों की जब्ती और अपराधियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की गई है, जिससे प्रदेश में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग व्यवस्था को तकनीकी रूप से सुदृढ़ किया गया है। साइबर अपराध थानों की स्थापना, विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं का विस्तार तथा बड़े पैमाने पर पुलिस भर्ती से व्यवस्था को आधुनिक और प्रभावी बनाया गया है। महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति, हेल्पलाइन सेवाएं एवं महिला बीट पुलिसिंग जैसे कदमों से महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिला है।

# लगातार दो स्नैचिंग की घटनाओं का खुलासा

### ● मुठभेड़ में एक घायल सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** दिनांक 21/03/2026 को डायल-112 के माध्यम से एक महिला के साथ मंगलसूत्र स्नैचिंग की सूचना प्राप्त हुई। इसके लगभग एक घंटे के भीतर ही एक अन्य महिला के पर्स की छिनैती की भी सूचना प्राप्त हुई। एक ही क्षेत्र में लगातार दो घटनाएँ होना कमिश्नरेट पुलिस के लिए एक चुनौती थी, जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए चुनौती के रूप में स्वीकार किया। घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर संदिग्ध अपराधियों की पहचान की गई और उनकी गिरफ्तारी हेतु टीमें सक्रिय की गई।दिनांक 24/03/2026 को थाना चकेरी अंतर्गत सनिगवां चौकी क्षेत्र में उक्त अभियुक्तों की मूवमेंट की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा तत्काल नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया, जिस पर अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी गई।पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें एक अभियुक्त मो0 एहतिशाम पुत्र मो0 सरफराज निवासी बाबूपुरवा कानपुर नगर के दाहिने पैर में गोली लगी। दूसरा अभियुक्त रयान पुत्र शमशेर अली निवासी किदवई नगर कानपुर नगर को भी गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया पर्स, कुछ नकदी, तथा मंगलसूत्र का पेंडेंट बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त बाइक, एक अवैध तमंचा एवं दो खोखा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। घायल अभियुक्त को मानवाधिकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका उपचार चल रहा है। गिरफ्तार दूसरे अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है। घटना की पीड़िता, जो इसी क्षेत्र की निवासी हैं, भी इस घटना की जानकारी होने पर मौके पर आ गई जिन्होंने अभियुक्तों की पहचान की पुष्टि की है।प्रकरण में अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

# विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर** - उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति की बैठक सभापति डॉ. रतन पाल सिंह की अध्यक्षता एवं सदस्य विधान परिषद अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा सभापति डॉ. रतन पाल सिंह, सदस्य विधान परिषद अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह द्वारा सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी को बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों में लंबित वित्तीय एवं प्रशासकीय मामलों की समीक्षा करना तथा उनके त्वरित निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक विलम्ब का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समिति द्वारा पाया कि कई मामलों में अनावश्यक प्रक्रियात्मक देरी के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभापति ने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह रहें और समयसीमा के भीतर सभी आवश्यक कार्रवाई पूर्ण करें। सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने अधिकारियों से कहा कि वे जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता दें और जनता की समस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता दिखाएं। बैठक में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। अंत में सभापति ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए अपेक्षा जताई कि भविष्य में कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाएगी और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा। इस अवसर पर निजी सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता, समीक्षा अधिकारी हरि प्रताप सिंह, रिपोर्टर अभय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक महाजन,अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ राजमणि वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

# केंद्र सरकार की विदेश नीति में भटकाव से देश की छवि हो रही धूमिल- प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार पर देश की विदेश नीति पर लगातार कुठाराघात को लेकर तीखा हमला किया है।उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री भारत की विदेश नीति की जगह भाजपा व खुद की विदेश नीति को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे वैश्विक क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। उन्होने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व को मार दिया गया पर प्रधानमंत्री कोई संवेदना नहीं व्यक्त कर सके। उन्होने कहा कि इजराइल लेबनान को तबाह कर रहा है। वहां खुलेआम नरसंहार हो रहा है। इस मुद्दे पर भी पीएम की खामोशी हैरान करने वाली है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ईरान ने भी कई अन्य देशों पर मिसाइल से हमले किये।परन्तु प्रधानमंत्री ने इन हमलों पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सके।उन्होने कहा कि पं0 नेहरू और इन्दिरा गांधी तथा अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत की विदेश नीति को दृढ़ता से आगे बढ़ाया।उन्होने प्रधानमंत्री के द्वारा इजराइल को फादरलैण्ड बताने को भारत माता का अपमान करार दिया। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा नहीं कराना चाहती। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने महिला आरक्षण को लेकर भी मोदी सरकार पर नीति और नियति साफ नहीं रखने पर सवाल उठाया है।उन्होने देश में लगातार बढ़ती मंहगाई को लेकर भी मोदी सरकार पर अर्थव्यवस्था की तबाही का आरोप लगाया और कहा कि इस समय अरहर मूंग की दाल फल एवं खाद्यान्न तेल आदि के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी चिंताजनक है। सांसद प्रमोद तिवारी का बयान बुधवार को मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत हुआ है।

# नियमों पर मतभेद के चलते हंगामेदार बैठक में चुनाव समिति ने दिया सामूहिक त्याग पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज,प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर नियमो पर मतभेद के चलते बुधवार को हंगामेदार बैठक में चुनाव समिति ने सदन को अपना सामूहिक त्याग पत्र सौंप दिया। संघ की अगले सप्ताह सोमवार को होने वाली आम सभा में नई चुनाव समिति के गठन व चुनाव कार्यक्रमों पर निर्णय का ऐलान भी हुआ है। एल्डर कमेटी द्वारा बुलाई गई आम सभा में चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न पदों पर बनाए गए नियमो को लेकर आपसी मतभेद खुलकर सामने दिखा। संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश ने एल्डर कमेटी द्वारा बिना कार्यकारिणी व आमसभा को विश्वास में लिए कार्यक्रमों की घोषणा का आरोप लगाया। इस पर पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह की अध्यक्षता में एल्डर कमेटी द्वारा गठित चुनाव समिति के पदाधिकारियों ने आमसदन को अपना सामूहिक त्याग पत्र सौंप दिया। आम सभा में यह निर्णय लिया गया कि अगले सप्ताह सोमवार को सर्वसम्मत से चुनाव समिति का गठन किया जाएगा। इसके चलते संघ के वर्तमान चुनाव कार्यक्रमों पर भी रोक लग गयी। बैठक की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र व संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। आमसभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय, महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, कालिका प्रसाद पाण्डेय, रामलगन यादव, शिवाकांत उपाध्याय, राव वीरेन्द्र सिंह, संदीप सिंह, विकास मिश्र, अनूप पाण्डेय, बाबा नरेन्द्र ओझा, नीरज सिंह, सिंटू मिश्र, पंकज मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, केके शुक्ला ने चुनावी प्रक्रिया को लेकर अपने अपने विचार रखे।

# सीवर टैंक की सफाई करते समय, दम घुटने से पिता पुत्र की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** कानपुर के कल्याण पुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा सामने आया है,, जहां सीवर टैंक की चपेट में आने से पिता पुत्र की मौत हो गई,, घटना गूबा गार्डन इलाके की हैं,, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई,, हादसे के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है,, जानकारी के मुताबिक जावेद अपने पुत्र आखिव के साथ सीवर टैंक की सफाई करते के लिए उतरे थे, टैंक के भीतर जहरीली गैस का असर इतना तेज था,, दोनों कुछ कुछ ही देर में बेहोश हो गए,, काफी देर तक कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर स्थानीय लोगों को शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचे,, रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ और एंबुलेंस को बुलाया गया,, कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को टैंक के बाहर निकाला गया,, तत्काल हैलट अस्पताल भेजा गया, अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने जांच के बाद पिता पुत्र को म्रत घोषित कर दिया,, कल्याण पुर एसीपी आशुतोष यादव के अनुसार प्रारम्भिक जांच में मौत की बजह सीवर टैंक के अंदर मौजूद जहरीली गैस मानी जा रही है,, पुलिस ने दौनो पिता पुत्र के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,,यह भी जांच की जा रही है कि सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं,,इस हादसे ने एक बार फिर सीवर सफाई कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज,प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को कोतवाली में पुलिसकर्मियों ने परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। कंपोजिट विद्यालय पूरे रामचंद्र की शिक्षिका रेनू सिंह की अगुवाई में विद्यालय की छात्राएं संध्या पटेल,आरती सरोज, मानसी सरोज, आराध्या, प्रीति, स्वाती, इच्छा, पल्लवी, महक, स्नेहा, इन्दु, नंदिनी आदि बुधवार की सुबह मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत लालगंज कोतवाली पहुंची।

यहां प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार व महिला पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को कोतवाली का भ्रमण कराकर कानून व्यवस्था से जुड़ी जानकारियां साझा की। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को आपराधिक कानूनों, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, स्वास्थ्य सेवा 102/108 आदि के बारे में जागरूक किया। पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं को महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों के प्रति भी जागरूक किया। प्रधानाध्यापक निसार अहमद ने बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान करने को लेकर प्रभारी निरीक्षक का आभार जताया। इस मौके पर शिक्षक देव प्रताप मिश्र, अनुराग त्रिपाठी समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## 30 मार्च को भव्यता से मनेगी भगवान महावीर जयंती

**शहडोल बुढार** आगामी 30 मार्च को पूरे देश विदेशों में सभी जगहों में तिथि अनुसार जिन शासन नायक भगवान महावीर की जन्म जयंती जैन अनुयायियों द्वारा भव्यता से पारंपरिक तरीकों से मनाई जाएगी। पूज्य निर्यापक मुनि श्री प्रसाद सागर जी एवं पूज्य मुनि श्री शीतल सागर के पावन सानिध्य मिलने से इस वर्ष बुढार समाज में एक विशेष उत्साह देखने में आ रहा है। 30 मार्च को प्रातः 7 बजे से श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी में पूज्य मुनि श्री प्रसाद सागर जी, शीतल सागर जी के मुखारबिंद से 108 कलशों से भगवान महावीर स्वामी जी का महा मस्तकाभिषेक किया जाएगा।

मुनि श्री की आहार चर्या के पश्चात दोपहर 1.30 बजे श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर जी से श्री जी की भव्य शोभा यात्रा , विमान जी, पालकी, भव्य जुलुश के साथ निकाली जाएगी जो पारंपरिक मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर जी में आहुत होगी जहां नगर भ्रमण पश्चात श्री जी का मस्तकभिषेक किया जाएगा। शाम के वक्त भगवान की महा आरती एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।उक्त समस्त कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में बुढार, धनपुरी, अमलाई सभी जगहों की कमेटियां, पाठशाला के बच्चों की बढ़ चढ़ कर भूमिकाएं रहेंगी।

## जवारा जुलुस को ऐतिहासिक बनाने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा




### बिरासनी सेवा समिति की सराहनीय पहल

**शहडोल बिरसिंहपुर पाली-** बसंतीय नवरात्रि के जवारा जुलुस को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिरासनी सेवा समिति के व्दारा जवारा जुलुस में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर प्रकृति की हरीतिमा देवी और कलश धारियों का सम्मान करने की तैयारी कर ली गई है। विदित होवे की बिरसिंहपुर पाली का जवारा जुलुस का सदैव अपने विशाल और शांति के लिए प्रसिद्ध है। उल्लेखनीय है कि जगत भर में बहु प्रसिद्ध देवी मंदिरों में आदि शक्ति जगत जननी महिषासुर मर्दिनी की आदम कद प्रतिमा के रूप में विराजमान बिरासनी माँ का प्रमुख मंदिर देश भर में अव्दितीय स्थान रखते हुए अपनी प्रसिद्धि कायम कर रखी है। माँ बिरासनी दरबार के साथ ही यहाँ का विशाल जवारा जुलुस का महत्व देश भर में जाना जाता है, उसके महत्वा को बढाने के लिए बिरासनी सेवा समिति ने इस बार हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कर जवारा जुलुस को अविस्मरणीय बनाने का इतिहास रचने जा रहा है। बिरासनी सेवा समिति निरंतर ही माता के दरबार में नवरात्रि में अखंड भंडारा का आयोजन करते आ रहा है, जहाँ पर हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

## विश्व जल दिवस पर छात्राओं को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**शिवपति पीजी कॉलेज शोहरतगढ़ में विश्व जल दिवस पर छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह**



**सिद्धार्थनगर।** शिवपति पीजी कॉलेज शोहरतगढ़ के भूगोल विभाग के सभागार में विश्व जल दिवस पर बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को विश्व जल दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जल संरक्षण के विभिन्न तरीकों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है और इसके बिना मानव सभ्यता की कल्पना असंभव है।उन्होंने विद्यार्थियों को घरों से लेकर खेतों तक पानी की हर बूंद को बचाने की शपथ दिलाई। राजू प्रजापति ने छात्र-छात्राओं को प्रकृति और पर्यावरण से जल संरक्षण के गहरे संबंधों को समझाया। छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर मुकेश कुमार, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, इंद्रदेव वर्मा, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. अजय कुमार सिंह, तुलसीराम, समसीरूल इस्लाम, अश्वनी सिंह, रत्नेश सोनी, पंकज सिंह, सुरेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में शहादत दिवस के अवसर पर 36वीं शहीद भगत सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का सफलतापूर्वक आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**दिल्ली** विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय में शहादत दिवस के अवसर पर 36वीं शहीद भगत सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' उपस्थित रहे।अपने उद्बोधन में डॉ. निशंक ने कहा कि देश की आज़ादी के लिए असंख्य बलिदानों का योगदान रहा है। आज जब हम स्वतंत्र भारत में जीवन जी रहे हैं, तो नई पीढ़ी के लिए यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि उनकी क्या जिम्मेदारियाँ हैं। उन्होंने कहा कि इस संस्थान से निकलने वाला प्रत्येक छात्र ऐसा हो, जिसके व्यक्तित्व में देशवासियों को भगत सिंह की झलक दिखाई दे।

उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल एक क्रांतिकारी नहीं थे, बल्कि चेतना, संघर्ष, संकल्प, जिजीविषा, जिज्ञासा और विचारों की पराकाष्ठा के प्रतीक थे। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उस समय के युवाओं ने बड़ी चुनौतियों को समझा और उनका सामना किया, क्योंकि वे जानते थे कि जितनी बड़ी चुनौती होगी, उतनी ही बड़ी सफलता प्राप्त होगी। अतः विद्यार्थियों को इन विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

उन्होंने आगे कहा कि यह दिन केवल अतीत की स्मृतियों को स्मरण करने का अवसर नहीं है, बल्कि राष्ट्र के चरित्र-निर्माण की आधारशिला को सुदृढ़ करने का भी अवसर है। केवल महान विभूतियों को याद करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना भी आवश्यक है।डॉ. निशंक ने कहा कि युवा आयु के तीन वीरों ने यह सिद्ध कर दिया कि जीवन की महत्ता आयु या समय में नहीं, बल्कि उसके उद्देश्यों की ऊँचाई में निहित होती है।

वे भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, किंतु ऐसी चेतना छोड़ गए हैं, जो युगों-युगों तक भारत के मानस को आलोकित करती रहेगी।उन्होंने यह भी कहा कि जहाँ पश्चिम विश्व दुनिया को एक वैश्विक बाज़ार के रूप में देखता है, वहीं भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना के साथ पूरे विश्व को एक परिवार मानता है। भारतीय ज्ञान परंपरा को उत्कृष्ट बताते हुए उन्होंने कहा कि भगत सिंह केवल क्रांतिकारी ही नहीं, बल्कि एक गहन चिंतक और लेखक भी थे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर गंभीर अध्ययन एवं चिंतन की दिशा में अग्रसर होना चाहिए।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार अत्री ने अपने संदेश के माध्यम से भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. एस. के. बंदूनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सभा को संबोधित किया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने छात्रों को भगत सिंह के आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। डूटा अध्यक्ष प्रो. वी. एस. नेगी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगत सिंह के विचारों पर गहन अध्ययन की आवश्यकता है, साथ ही उनके संदर्भ में विकसित विभिन्न नैरेटिव्स को समझना भी आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस व्याख्यानमाला में सैकड़ों की संख्या में शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## खुले में मीट बेचने वाले दुकानदारों को दिए नोटिस, हापुड़ अड्डे से इंदिरा चौक तक दुकानों का किया निरीक्षण

**मेरठ।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर बुधवार की शाम को एफएसडीए की टीम ने हापुड़ अड्डे से लेकर इंदिरा चौक तक मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान कई मीट की दुकानों पर रोक के बावजूद खुले में मीट बिकता हुआ मिला। जिसके बाद इन दुकानदारों को नोटिस दिया गया। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा ने बताया कि मीट दुकानदारों को गाइडलाइन जारी की हुई है कि वह मीट को खुले में रखकर नहीं बेचेंगे। साथ ही शीशे में भी मीट को नहीं रखा जाएगा। बावजूद इसके हापुड़ अड्डे से लेकर इंदिरा चौक तक कई दुकानों पर खुले में मीट बेचा जा रहा था, जिसकी शिकायत कई बार मिल चुकी थी। बुधवार को मोहम्मद समीर, अननोन मुर्गा मीट, दानिश मुर्गा मीट, रियासत रेस्टोरेंट, दिल्ली चिकन शाप, ईशान रेस्टोरेंट को खुले में मीट बेचने पर नोटिस दिए गए है। रवि शर्मा ने बताया कि यदि दोबारा निरीक्षण में इनकी दुकानों पर खुले में मीट बिकते हुए पाया गया तो मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में गंभीर गैस संकट, क्षेत्रवासियों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि:** श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा क्षेत्र में पिछले एक महीने से रसोई गैस की गंभीर कमी बनी हुई है, जिससे स्थानीय निवासी भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। विशेष रूप से चैत्र माह में आयोजित होने वाली बसंती पूजा के मद्देनज़र क्षेत्र के विभिन्न गांवों में यह संकट और अधिक गहरा गया है। इस संबंध में दुल्लभछड़ा गैस एजेंसी के जिम्मेदार कर्मचारियों ने बताया कि उच्चाधिकारियों से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिलने के कारण वे गैस वितरण करने में असमर्थ हैं। उनका कहना है कि इस समस्या को कई बार संबंधित गैस कार्यालय के संज्ञान में लाया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है।

वहीं, लंबे समय से गैस की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्रवासियों में रोष और निराशा बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए जिले के उच्चपदस्थ विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन जनहित को ध्यान में रखते हुए जल्द ही आवश्यक कदम उठाएगा और दुल्लभछड़ा क्षेत्र में गैस संकट का समाधान सुनिश्चित करेगा।

# बलिया में निर्माणाधीन सरयू पुल पर बड़ा हादसा: सरिया ढांचा गिरने से 2 मजदूरों की मौत, एक गंभीर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बलिया** जिले में निर्माणाधीन सरयू नदी पुल पर बुधवार को बड़ा हादसा हो गया। पिलर निर्माण के दौरान सरिया का भारी ढांचा अचानक गिरने से चार मजदूर मलबे में दब गए। इस दर्दनाक हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना बेल्थरा रोड क्षेत्र के तुर्तीपार पुल की है, जहां करीब 650 करोड़ रुपये की लागत से पुल निर्माण का कार्य चल रहा है। मजदूर पिलर के लिए सरिया बांध रहे थे, तभी संतुलन बिगड़ने से लोहे का ढांचा भरभराकर गिर पड़ा।

हादसे के तुरंत बाद ठेकेदारों ने जेसीबी मशीन की मदद से मलबा हटाकर मजदूरों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने पप्पू (30) और अमित (30) को मृत घोषित कर दिया, जबकि जुगल (27) का इलाज जारी है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इससे पहले भी इसी पुल निर्माण के दौरान सरिया संरचना गिरने से मजदूर घायल हो चुके हैं, लेकिन सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए। प्रारंभिक जांच में लापरवाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को हादसे की बड़ी वजह माना जा रहा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोपीनाथपुर प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



### ● निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर सम्पन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लंभुआ, सुल्तानपुर।** लंभुआ तहसील क्षेत्र के गोपीनाथपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत, सरस्वती वंदना एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक के माध्यम से नामांकन बढ़ाने और साक्षरता के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में बच्चों की शानदार प्रस्तुति को देखकर अभिभावक एवं ग्रामीण भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर कक्षा 1 से 5 तक के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 1100 रुपये, 700 रुपये और 500 रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान स्वर्गीय त्रिवेणी प्रसाद द्विवेदी की स्मृति में उनके पुत्र राकेश, विवेक और दुर्गेश द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआरपी रामप्रवेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान संतोष अग्रहरि मौजूद रहे। इसके साथ ही जिला पंचायत प्रत्याशी जितेंद्र शर्मा, ग्राम प्रधान संतोष अग्रहरि सहित अन्य ग्रामवासियों का भी सराहनीय सहयोग रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अंजनी मिश्रा, शिक्षक रविशंकर शुक्ल, उषा यादव, शैलेंद्र कुमार और पूजा मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

ग्राम प्रधान संतोष अग्रहरि ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाना और समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। वहीं समाजसेवी जितेंद्र शर्मा ने कहा कि वे भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सहयोग करते रहेंगे। कार्यक्रम में दान बहादुर यादव, विवेक सिंह, श्याम लाल गुप्ता, चंद्रजीत यादव, सत्यराम दुबे, जोखन प्रसाद दुबे, कल्लू यादव, अजय यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब सभी अधिवक्ताओं की निगाहें हाईकोर्ट के आगामी आदेश पर टिकी हैं।

## कानपुर प्रेस क्लब में गणेश शंकर विद्यार्थी के बलिदान दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**कानपुर।** शहीद शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी जी 95 बलिदान दिवस पर बुधवार को कानपुर प्रेस क्लब सभागार में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें पत्रकारिता का आदर्श बताया गया। विद्यार्थी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और पत्रकारों ने फूल चढ़ाए द्य वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थी जी के मार्ग पर चलना कठिन है, लेकिन यदि ऐसा कर सके तो समाज और देश की सच्ची सेवा होगी द्य नीरज तिवारी ने कहा कि अब डिजिटल युग में पत्रकारिता में चुनौतियां हैं, लेकिन इसके बीच तथ्यों और साक्ष्य पर ध्यान ज़रूरी है द्य उपाध्यक्ष गौरव सरस्वत ने कहा कि समय के साथ पत्रकारिता का तरीका भी बदला है, लेकिन लोक कल्याण पर ध्यान देना होगा। इस मौके पर प्रेस क्लब के मंत्री शिवराज साहू, कोषाध्यक्ष सुनील साहू, उत्सव, अभिषेक मिश्रा, गगन पाठक, नीरज तिवारी,अभिषेक मिश्रा,मो फैज,शिवा मिश्रा,शिवम,बलराम,विवेक, ज्ञानेंद्र मिश्रा, कुशाग्र अवस्थी सहित कई पत्रकार मौजूद रहे द्य इस सभा का संचालन महामंत्री शैलेश अवस्थी ने किया द्य वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण त्रिपाठी को सम्मानित किया गया।

## परिषदीय विद्यालयों में नवारंभ उत्सव का हुआ आयोजन




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर-** विकास खण्ड उस्का बाजार के परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को भव्य 'नवारंभ उत्सव' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नव-प्रवेशित बच्चों, विशेषकर 'बालवाटिका' और कक्षा-1 के छात्रों का विद्यालय में आत्मीय स्वागत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा।पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय परसा खुर्द में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्टेशनरी और पाठ्य सामग्री वितरित की। बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बीईओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्कूलों में बच्चों को आनंदमय और सुरक्षित वातावरण प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराएं और उन्हें नियमित विद्यालय भेजें।

विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे चार्ट, गुब्बारों और फूलों से सजाया गया था ताकि बच्चे पहले ही दिन स्कूल के प्रति आकर्षित हों। प्राथमिक विद्यालय मरवटियामाफ़ी में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पवन रस्तोगी की मौजूदगी में 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों का 'बालवाटिका' के तहत नामांकन कर उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया।शिक्षकों ने अभिभावकों को नई शिक्षा नीति और विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वे इस सत्र में बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। इस दौरान विद्यालयों के स्टाफ व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रिंकू सिंह को शादी से पहले डबल तोहफा, केकेआर के उपकप्तान और यूपी में सरकारी नौकरी मिलने से फैंस खुश

**अलीगढ़।** भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य व शहर के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह के नाम उपलब्धियां जुड़ती जा रही हैं। पहले टी-20 क्रिकेट विश्वकप विजेता टीम का सदस्य होने की उपलब्धि जुड़ी। इसके बाद सरकार द्वारा उनको क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी (आरएसओ) का पद मंगलवार को दिया गया। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में वे अपने कैंप के चलते शामिल नहीं हो सके। मगर इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। इसके अलावा एक उपलब्धि और जुड़ी कि वे आइपीएल में अपनी केकेआर (कोलकाता नाइटराइडर्स) टीम के उप कप्तान भी बनाए गए हैं। रिंकू के नाम लगातार जुड़ रही इन उपलब्धियों से शहर के क्रिकेट प्रेमी खुशी जता रहे हैं। प्रशिक्षु क्रिकेटर उनकी इस सफलता से प्रेरित होकर यही संकल्प ले रहे हैं कि उनको भी रिंकू जैसा बनना है। देश के लिए खेलते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन करना है। क्रिकेट प्रेमी अर्जुन सिंह फकीरा ने भी महुआखेड़ा मैदान पर प्रशिक्षु क्रिकेटर्स को रिंकू सिंह की सफलता पर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। रिंकू को आरएसओ का पद मिलने और केकेआर टीम का उप कप्तान बनाए जाने पर उनके स्वजन को भी खुशी हुई है।

# मिल्कीपुर बार एसोसिएशन चुनाव में देरी का मामला पहुंचा हाईकोर्ट

### ● अध्यक्ष, मंत्री, एल्डर्स कमेटी को 31 मार्च तक देना होगा जवाब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के सांगठनिक चुनाव में देरी का मामला अब इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष पवन शुक्ला ने इस संबंध में याचिका दायर की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वार्षिक चुनाव नियमों के विरुद्ध नहीं कराए जा रहे हैं।

अधिवक्ता पवन शुक्ला के अनुसार, मिल्कीपुर बार एसोसिएशन का चुनाव 17 दिसंबर 2025 तक संपन्न हो जाना चाहिए था। हालांकि, तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी चुनाव नहीं कराए गए, जिसके बाद उन्हें हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में याचिका दायर करनी पड़ी। मामले का संज्ञान लेते हुए, हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश, मिल्कीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य और एल्डर्स कमेटी को नोटिस जारी किया है। इन सभी पक्षों को आगामी 31 मार्च 2026 तक अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। न्यायालय ने याचिकाकर्ता को दस्ती नोटिस तामील कराने का आदेश दिया था। पवन शुक्ला के मुताबिक, एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हरिमोहन शंकर श्रीवास्तव और कार्यकारी सदस्य एडवोकेट संदीप शुक्ला को नोटिस प्राप्त हो गया है। हालांकि, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश पाण्डेय और मंत्री सूर्य नारायण द्विवेदी ने नोटिस लेने से इनकार कर दिया है। एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष हरिमोहन शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने दिसंबर 2025 में चुनाव कराने के लिए बार एसोसिएशन अध्यक्ष और मंत्री से सदस्यों की सूची मांगी थी, लेकिन उन्हें आज तक कोई दस्तावेज नहीं मिला। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बार काउंसिल के नियमानुसार, कार्यकाल समाप्त होने पर यदि कमेटी चुनाव नहीं कराती है, तो उसके सारे अधिकार एल्डर्स कमेटी में निहित हो जाते हैं।नियमानुसार, अध्यक्ष और मंत्री को अपना प्रभार तुरंत एल्डर्स कमेटी को सौंप देना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अब सभी अधिवक्ताओं की निगाहें हाईकोर्ट के आगामी आदेश पर टिकी हैं।




## अलीगढ़ में आठवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म: पंचायत में भाई ने किया समझौते से इनकार, किशोर गिरफ्तार

**अकराबाद।** कक्षा आठवीं की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म किया गया। छात्रा बकरी चराने गई थी। तभी पीछा कर रहे दोनों किशोर खेत में खींच ले गए। वीडियो बनाई, जिसे दो दिन बाद प्रसारित कर दिया। तब गांव में हंगामा हो गया। मंगलवार को दिनभर पंचायत हुई, जिसमें पीड़िता के भाई ने समझौते से इनकार कर दिया। इसके बाद मुकदमा पंजीकृत कराया गया। पुलिस ने दोनों किशोरों को हिरासत में ले लिया है।

**दो दिन पहले बकरी चराने गई थी लड़की**

मामला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है। दो दिन पहले छात्रा घर से दोपहर के समय बकरी चराने गई थी। इसके जबरन खेत में खींच कर ले जाने वाले किशोरों ने डराया -धमकाया भी। इसके चलते वह चुप रही। घर में डरी सहमी पहुंची, मगर बताया किसी को कुछ नहीं। किशोरों द्वारा वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने के बाद स्वजन को जानकारी हुई। इसके बाद किशोरी से पूछताछ की गई।

**मंगलवार को दिन भर चली पंचायत**

घटना की सुन स्वजन के होश उड़ गए। गांव के लोग एकत्रित हुए। मंगलवार की दोपहर पंचायत में दोनों किशोरों को लाया गया। इन्होंने माफी मांगी। इनके स्वजन ने भविष्य में इस तरह की घटना न होने का भरोसा दिया, मगर छात्रा का भाई समझौते को तैयार नहीं हुआ। वह कार्रवाई की जिद पर अड़ गया। इसके चलते पंचायत में कोई नतीजा नहीं निकल सका। इसके बाद पीड़ित छात्रा के स्वजन ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। दोनों किशोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। डॉक्टरी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कमिश्नर की फटकार के बाद अवैध कटान पर लगी रोक

### ● परिक्रमा पथ की आड़ में हो रहा था हरियाली पर वार

### एनएच-227बी निर्माण से अलग जगहों पर पेड़ों की कटाई, ग्रामीणों में आक्रोश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**मिल्कीपुर, अयोध्या** 84 कोसी परिक्रमा पथ निर्माण की आड़ में क्षेत्र में हरे-भरे और वर्षों पुराने पेड़ों की अंधाधुंध कटान का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बीकापुर-इनायतनगर-रेवतीगंज संपर्क मार्ग के किनारे हो रही इस कटाई ने स्थानीय लोगों में भारी रोष पैदा कर दिया है। मामला तब और गंभीर हो गया जब शिकायत के बाद भी कटान रुकने के बजाय और तेज हो गई। हालांकि देर शाम मंडलायुक्त राजेश कुमार की सख्त फटकार के बाद अवैध कटान पर फिलहाल रोक लगा दी गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस 84 कोसी परिक्रमा पथ के नाम पर कार्य कराया जा रहा है, उसका वास्तविक मार्ग कई स्थानों पर मौजूदा सड़क से अलग है। इसके बावजूद प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क और प्राचीन मार्ग के किनारे खड़े अर्जुन, शीशम, आम, महुआ आदि बहुमूल्य पेड़ों को बेरहमी से काटा जा रहा है। खास बात यह है कि कई स्थानों पर जहां कटान की गई है, वहां से प्रस्तावित परिक्रमा पथ सैकड़ों मीटर दूर है।

ग्राम पंचायत घुरेहटा के अंतर्गत राम गोबिंद के पुरवा से रुइहन पुरवा मोड़ तक बड़े पैमाने पर हुई कटान ने पूरे क्षेत्र में हलचल मचा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-227बी की सीमा से बाहर की गई है, जो पूरी तरह अवैध है। लोगों ने आरोप लगाया कि एनएचआई और वन विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क को एनएच का हिस्सा दिखाकर पेड़ों की कटाई कराई जा रही है। बीते मंगलवार को पर्यावरण प्रेमी श्रवणजीत कनौजिया और स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा मंडलायुक्त से शिकायत की गई थी। जिसके बाद अवैध कटान पर रोक लग पायी। शिकायतकर्ता क्षेत्र पंचायत सदस्य विकास सिंह सहित ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र की हरियाली को बचाया जा सके।

बुधवार को कुमारगंज रेंज के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव मौके पर जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि एनएचआई के सर्वे के आधार पर ठेका दिया गया है और संबंधित अधिकारियों को बुलाया गया है। एनएचआई द्वारा स्पष्ट रूप से लिखित में लेकर वृक्षों की कटान नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि एनएचआई की कार्यशैली के चलते स्थिति विवादित बनी है।

फिलहाल कमिश्नर की फटकार के बाद कटान पर ब्रेक लग गया है, लेकिन यह मामला प्रशासनिक पारदर्शिता और पर्यावरण संरक्षण पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोग अब इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।